**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 | 21.9 |
| डालटनगंज | 31.2 | 24.1 |
| धनबाद | 33.4 | 25.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, रविवार 10 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 124 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### खुल गया अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर गुस्से का राज

# 35 मिनट की फोन कॉल है वजह!

**शुभम संदेश डेस्क**

पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के बीच 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए. यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है.

रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी, जब ट्रंप कनाडा में जी7 समिट से जल्दी निकल गए. मोदी और ट्रंप के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई. इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रंप को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से. मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा.



## ट्रंप के साथ असीम मुनीर के लंच से मामला कैसे बिगड़ा

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ ट्रंप की व्हाइट हाउस लंच डेट ने मामले को और बिगाड़ दिया, और मोदी ने ओवल ऑफिस में मुनीर की मेज़बानी पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट की. पीएम मोदी ने कथित तौर पर डोनाल्ड ट्रंप से कहा कि भारत सरकार और उसके नेतृत्व को अमेरिकी राष्ट्रपति के पाकिस्तानी सरकार के नेताओं से मिलने से समस्या है, लेकिन उन्होंने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख की मेज़बानी पर आपत्ति जताई. हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी की चिंताओं को ट्रंप ने दरकिनार कर दिया.

## मोदी ने ट्रंप का निमंत्रण क्यों अस्वीकार किया

ट्रंप और मोदी के बीच फ़ोन पर बातचीत उस समय हुई जब कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन चल रहा था. उस समय ईरान-इज़रायल युद्ध की स्थिति के कारण ट्रंप को कार्यक्रम छोड़ कर जाना पड़ा, इसलिए दोनों नेता व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल सके क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी के आने से पहले ही चले गए थे. बाद में, जब मोदी शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में थे, तो ट्रंप ने उनसे अमेरिका आने और भारत लौटते समय व्हाइट हाउस में ठहरने का अनुरोध किया था, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री ने इस निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि ट्रंप उनके और असीम मुनीर के बीच जबरन बैठक कराने की योजना बना रहे हैं. भू-राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इन घटनाओं से ट्रंप के अहंकार को ठेस पहुंची, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने भारत और मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत प्रतिशोध को साधने के लिए टैरिफ को हथियार बना लिया.

**जून से मोदी ट्रंप में कोई बातचीत नहीं हुई :** इस कॉल के बाद ट्रंप ने भारत पर हमला बोलना शुरू किया. उन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया. इसके बाद ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ की घोषणा की. ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जून की इस बातचीत के बाद से दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है.

**ट्रंप ने भारत पर टैरिफ दोगुना कर दिया :** बुधवार को, डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया, जिससे कुल शुल्क बढ़कर 50% हो गया. शेष पेज 7 पर...

### राहुल गांधी के पांच सवालों पर आया चुनाव आयोग का जवाब

# 273 साल लगेंगे, नतीजा नहीं निकलेगा

**शुभम संदेश डेस्क**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के जवाब में चुनाव आयोग (ईसी) ने कड़ा रुख अपनाया है. राहुल गांधी ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में और शुक्रवार को बेंगलुरु में 'वोट अधिकार रैली' के दौरान चुनाव आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिल कर वोट चोरी करने का आरोप लगाया था.

इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से 5 सवालों के जवाब मांगे थे. अपने जवाब में, चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के दावों को "भ्रामक" और "निराधार" करार दिया है. आयोग ने कांग्रेस नेता से कहा कि वह मतदाता सूची में गलत नामों के अपने दावों पर शपथ पत्र दें या देश से माफी मांगें.




## चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को दो विकल्प दिए

आयोग ने राहुल गांधी को दो विकल्प दिए हैं. कहा कि अगर उन्हें अपने विश्लेषण पर विश्वास है और लगता है कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने और मतदाता सूची में गलत तरीके से जोड़े गए या हटाए गए नामों को सौंपने में समस्या नहीं होनी चाहिए. यदि वे ऐसा नहीं करते, तो इसका मतलब है कि वे अपने दावों पर विश्वास नहीं और निराधार आरोप लगा रहे हैं. ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए. उधर, राहुल ने ने कहा कि एक सांसद के होने के नाते उन्होंने संसद के भीतर संविधान की शपथ ली है.

## राहुल गांधी के पांच सवाल और आरोप

राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए चुनाव आयोग से पांच सवाल पूछे, जिनमें उहोंने आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए. उहोंने महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में अनियमितता का हवाला दिया, जिसमें "एक करोड़ रहयमयी मतदाता", सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने, हजारों फर्जी मतदाताओं और मतदाता-संबंधी डेटा साझा करने से इनकार जैसे मुद्दे शामिल थे.

**ये थे राहुल के सवाल :** 1. विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट यों नहीं मिल रही? या छिपा रहे हो? 2. सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं-क्यों? किसके कहने पर? 3. फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई-क्यों? 4. विपक्षी नेताओं को धमकाना, डराना-क्यों? 5. साफ-साफ बताओ-क्या ईसीआई अब बीजेपी का एजेंट बन चुका है? भारत का लोकतंत्र बेशकीमती है - इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा. अब जनता बोल रही है-बहुत हुआ! राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां 1,00,250 वोटों की "चोरी" हुई. उहोंने आरोप लगाया कि इस सीट पर 11,965 डुप्लिकेट वोटर, 40,009 फर्जी और अवैध पते वाले वोटर, 10,452 बल्क वोटर, 4,132 अवैध फोटो वाले वोटर और 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग करने वाले वोटर थे. उहोंने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र और हरियाणा में भी इसी तरह की अनियमितताएं हुईं. शेष पेज 7 पर...

## ब्रीफ न्यूज

### विस चुनाव में 160 सीटें जिताने का था ऑफर

**नागपुर।** एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को एक चौंकाने वाला खुलासा किया. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में उनके दल को 160 सीटें जिताने की पेशकश करते हुए दो लोग उनसे मिलने आए थे. पवार ने कहा, चुनाव की घोषणा से पहले दिल्ली में मुझसे 2 लोग मिलने आए थे. दोनों ने कहा था कि वे 288 में से 160 सीटें जिताने की गारंटी दे सकते हैं. यह सुनकर मैं खुद भी हैरान रह गया. हालांकि उन्होंने दावा किया, फिर भी मेरे मन में चुनाव आयोग को लेकर कोई शक नहीं था, लेकिन ऑफर लेकर ऐसे लोग आते रहते हैं, इसलिए मैंने उन्हें नजरअंदाज किया. मैंने दोनों की राहुल गांधी से मुलाकात करवा दी. उन्होंने राहुल गांधी से जो भी कहना था, कह दिया. बाद में राहुल और मैंने ऐसा तय किया कि इस तरह की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, यह हमारा रास्ता नहीं है.

### सिब्बल बोले- लापता हो गए हैं धनखड़ क्या?

**नयी दिल्ली।** देश के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने शनिवार को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि धनखड़ इस्तीफा देने के बाद से लापता हैं. उनके ठिकाने के बारे में कुछ पता नहीं है. धनखड़ के बारे में बोलते हुए सिब्बल ने गृह मंत्रालय पर भी तंज कसा है. सिब्बल ने कहा, अब तो लगता है कि विपक्ष को ही उनकी (धनखड़ की) रक्षा करनी पड़ेगी. मैंने पहले उन्हें फोन किया था, तो उनके पीए ने कॉल उठाया और कहा कि वह अभी आराम कर रहे हैं. इसके बाद किसी ने फोन नहीं उठाया. सिब्बल ने कहा, क्या हमें हैबियस कॉर्पस दायर करनी चाहिए या कुछ और? गृह मंत्रालय को इस संबंध में जानकारी मिली होगी, इसलिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस पर बयान देना चाहिए. मैं पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बारे में चिंतित हूं.

### एयर चीफ मार्शल ने खोल दी शहबाज और मुनीर के दावों की पोल

# ऑपरेशन सिंदूर में पाक के 5 फाइटर जेट तबाह

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह हुए थे. इसका खुलासा भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बेंगलुरु में किया. उन्होंने कहा कि पांच फाइटर जेट के साथ-साथ एक अवाक्स (एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) भी मार गिराया गया था. एयर चीफ मार्शल ने इसका क्रेडिट एयर डिफेंस सिस्टम S-400 को दिया है. उन्होंने बताया कि एस-400 ने पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को जकोकाबाद एयरबेस पर मार गिराया, जो वहां पार्क में थे. एविएशन के इतिहास में पहली बार किसी मिसाइल ने आसमान में 300 किलोमीटर दूर किसी विमान (दुश्मन के विमान को) मार गिराया.

बेंगलुरु में आयोजित 16वें वार्षिक एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे व्याख्यान में बोलते हुए एपी सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ इस जीत में रूसी S-400 एयर डिफेंस सिस्टम का अहम योगदान रहा. एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाते हुए कहा, "यह पहले और बाद की तस्वीरें हैं... यहां लगभग कोई अवशेष नहीं बचा है... आस-पास की इमारतें लगभग पूरी तरह सुरक्षित हैं. हमारे पास न सिर्फ सैटेलाइट फोटो थे, बल्कि स्थानीय मीडिया के जरिए भी अंदर की तस्वीरें मिलीं.'

**यह उच्च तकनीक वाला युद्ध था :** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, 'यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था. 80 से 90 घंटे के युद्ध में हम इतना नुकसान कर पाए कि उन्हें साफ पता चल गया था कि अगर वे इसे जारी रखेंगे तो उन्हें इसकी और भी अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी इसलिए वे आगे आए और हमारे डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वे बात करना चाहते हैं. हमारी ओर से इसे स्वीकार कर लिया गया.'

### पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई की रात भारत ने की थी एयरस्ट्राइक

भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पीओके और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया था. भारतीय सेनाओं के इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे. भारत की ओर से यह कार्रवाई पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में की गई थी, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी.



### पीएम शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर ने क्या दावा किया था

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने दावा किया था कि पाक आर्मी ने भारत के कई फाइटर जेट मार गिराए और उन्हें मजबूर होकर पाकिस्तान से भागने को मजबूर किया. हालांकि बाद में वो अपने बयान से पलट गए और कहा कि भारत के फाइटर जेट हमारी सीमा में नहीं घुसे थे.



**स्मृति-शेष :** बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के पांचवें दिन शनिवार को स्थानीय मान्यताओं के अनुरूप नेमरा गांव में अपने परिजनों के साथ परंपरागत रस्म निभाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन. -सबंधित खबरें पेज 2 और 4 पर देखें

### भारत पर टैरिफ बम फोड़ने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर किया दावा

# मैंने ही रुकवाया था इंडिया-पाक युद्ध

**एजेंसियां। वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष के बाद स्थिति को संभाल लिया था, जो एक परमाणु युद्ध में बदल सकता था. ट्रंप ने व्हाइट हाउस में शुक्रवार को यह भी दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान पांच या छह विमान मार गिराए गए थे. ट्रंप ने इस दौरान यह क्लीयर नहीं किया कि जो विमान तबाह हुए, वो भारत के थे या फिर पाकिस्तान के या फिर वह दोनों देशों के नुकसान की बात कर रहे थे. भारत यह कहता रहा है कि दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) ने अपनी सैन्य कार्रवाई आपसी बातचीत के जरिए रोकी थी और इसमें अमेरिका की कोई मध्यस्थता नहीं थी.



### अजरबैजान-आर्मेनिया के नेताओं की मौजूदगी में दिया बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बयान अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान की मौजूदगी में दिया. ट्रंप ने कहा, राष्ट्रपति के तौर पर मेरी सबसे बड़ी आकांक्षा दुनिया में शांति और स्थिरता लाना है. आज का यह समझौता भारत और पाकिस्तान के साथ हमारी सफलता के बाद हुआ है.'

**भारत-पाक के बीच हो सकता था परमाणु युद्ध :** ट्रंप ने कहा, वे एक-दूसरे के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ रहे थे, हालात काफी थे, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, बड़ा टकराव-शायद परमाणु युद्ध हो सकता था, लेकिन ठीक पहले दोनों महान नेता एकसाथ आए और हालात को संभाला. ट्रंप ने फिर दोहराया कि उन्होंने ट्रेड डील के जरिए ही भारत-पाक के बीच संघर्ष को सुलझाया. मुझे लगता है कि इसका बड़ा कारण व्यापार था, बाकी किसी वजह से नहीं. उन्होंने इस कार्यक्रम में अपने बयान के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का दो बार उल्लेख किया.

**अलास्का में 15 को मिलेंगे पुतिन और ट्रंप :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बहु-प्रतीक्षित मुलाकात की तारीख और स्थान का ऐलान किया है. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि यह बैठक शुक्रवार, 15 अगस्त को अलास्का में होगी. ट्रंप ने कहा कि वह अपने रूसी समकक्ष से जितनी जल्दी हो सके मुलाकात करेंगे. भारत, रूस का सबसे बड़ा तेल ग्राहक है. ट्रंप-पुतिन वार्ता में भारत के रूसी तेल खरीदने का मुद्दा भी उठेगा. अलास्का पहली बार अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपति की मेजबानी करेगा. यह शिखर बैठक रूस-यूक्रेन युद्ध के अंत की शुरुआत साबित हो सकता है. बैठक की तारीख और स्थान दोनों ही अहम हैं.

### रक्षाबंधन के दिन घाटी में पंजाब के दो जवान शहीद

**एजेंसियां। जम्मू**

रक्षाबंधन के दिन पंजाब के दो जवान देश के लिए शहीद हो गए हैं. कश्मीर के कुलगाम के अखल इलाके में आतंकियों और जवानों के बीच मुठभेड़ चल रही है. मुठभेड़ में दो जवान बलिदान हो गए. दोनों जवान पंजाब के अलग-अलग जिलों के हैं. इनमें एक फतेहगढ़ साहिब के मंडी गोबिंदगढ़ का हरमिंदर सिंह और दूसरा खन्ना के समराला का लांस नायक प्रीतपाल सिंह है.

फतेहगढ़ के मंडी गोबिंदगढ़ से सटे गांव बदीनपुर का हरमिंदर सिंह सिख फोर्स ट्रेनिंग रेजिमेंट में तैनात था. इसके अलावा एक खन्ना जिले के समराला के गांव मानुपुर का लांस नायक प्रीतपाल सिंह भी देश के लिए कुर्बान हुआ है. दोनों जवान आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए गए. रक्षाबंधन के दिन आई इस दुखद खबर से दोनों परिवारों में मातम है. प्रीतपाल की शादी को अभी 11 महीने ही हुए थे. हरमिंदर सिंह की मां और बहनें उनकी सकुशल वापसी का इंतजार कर रही थीं. लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था.

### आरजी कर केस : ममता के खिलाफ बड़ा प्रोटेस्ट

# पुलिस से झड़प में विक्टिम की मां के सिर में लगी चोट

**एजेंसियां। कोलकाता**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या को एक साल पूरा हो चुका है और अब इस पर बंगाल की राजनीति गरमा गई है. मामले में पीड़िता के परिवार ने जहां सीबीआई जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए एजेंसी को बंद करने की मांग की, वहीं भाजपा ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.

**धक्का-मुक्की में पीड़िता की मां की चूड़ियां टूटीं :** आरजी कर केस की बरसी पर शनिवार को पार्क स्ट्रीट क्रॉसिंग पर तब तनाव फैल गया, जब नबन्ना मार्च पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया. पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की के बाद हालात बिगड़े और कई लोग घायल हुए. नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल और अन्य विधायकों ने धरना दिया. उनका आरोप है कि पुलिस कार्रवाई में 100 लोग घायल हुए, जिनमें पीड़िता के माता-पिता शामिल



हैं. पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की पुलिस ने बिना उकसावे के उन्हें धक्का दिया और उनकी चूड़ियां तोड़ दीं. पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उन्हें पुलिस ने बेरहमी से पीटा, उनके सिर और बाजुओं पर चोटें आईं. चोट लगने के बावजूद उन्होंने साफ कहा कि वह नबन्ना की ओर मार्च जारी रखेंगी और कोई भी उन्हें रोक नहीं सकता. उनका सवाल था, हमें क्यों रोका जा रहा है? हम तो बस अपनी बेटी के लिए इंसाफ मांगना चाहते हैं.'इससे पहले, पीड़िता के माता-पिता ने दावा किया था कि सीबाआई इस केस से हटना चाहती है.

### सेहत की बात : भारत में डायबिटीज को लेकर अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा

# हर पांच में से दो व्यक्ति अपनी बीमारी से अनजान

**शुभम संदेश डेस्क**

डायबिटीज दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है जिसका जोखिम साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है. कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के तौर पर देखा जा रहा था हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं. भारतीय आबादी में भी ये खतरा बढ़ता ही जा रहा है. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) - इंडियाबी की रिपोर्ट के अनुसार भारत में डायबिटीज से पीड़ित लोगों की संख्या 10.1 करोड़ थी.

इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशन की रिपोर्ट का अनुमान है कि 2050 तक ये आंकड़ा बढ़कर 15.6 करोड़ से अधिक हो सकता है. मधुमेह रोगियों की बढ़ती संख्या स्वास्थ्य सेवा संसाधनों पर दबाव डालेगी जिसको देखते हुए इस बीमारी



के प्रबंधन और रोकथाम के लिए व्यापक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है.

भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों को लेकर किए गए एक अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कई चौंकाने वाले डेटा पेश किए हैं. द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में छपी अध्ययन की रिपोर्ट बताती है कि 2019 में 45 वर्ष और उससे अधिक आयु के पांचवें हिस्से के लोग डायबिटीज का शिकार थे. हर पांच में से दो लोगों को अपनी बीमारी के बारे में पता भी नहीं होता है.

### डायबिटीज और इसके कारण होने वाली जटिलताएं

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज मुंबई और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों को अपनी मधुमेह की स्थिति की जानकारी थी उसमें से 46 प्रतिशत लोगों ने दवाओं और अन्य सहायक उपचार के माध्यम से ब्लड शुगर के स्तर को काफी कंट्रोल कर लिया. इसी तरह लगभग 60 प्रतिशत ने रक्तचाप को नियंत्रित करने में सफलता पाई.

### क्या कहते हैं अध्ययन के लेखक

लेखकों के निष्कर्ष उस धारणा का समर्थन करते हैं कि भारतीय आबादी में पोषण का स्तर उस चरण में बना हुआ है जहां से मधुमेह का प्रसार अधिक हो सकता है. टीम ने कहा कि वृद्धावस्था वाले आयु समूहों में मधुमेह के अधिक प्रसार को दर्शाने वाले परिणाम महत्वपूर्ण हैं क्योंकि देश की जनसंख्या तेजी से वृद्ध हो रही है. इससे आने वाले वर्षों में देश में डायबिटीज के मामलों में और भी वृद्धि आने की आशंका है.

**भारत में डायबिटीज का बढ़ता खतरा :** ये रिपोर्ट इसलिए चिंताजनक है क्योंकि विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे-जैसे देश की आबादी बूढ़ी होगी, मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में मधुमेह के मामले और भी बढ़ेंगे. जिसके कारण न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं पर दवाब बढ़ेगा, बल्कि इसके कारण बड़ा संख्या में लोगों को गंभीर समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है. ये अध्ययन 2017-2019 के दौरान 45 वर्ष या उससे अधिक आयु के 60,000 वयस्कों पर किया गया. इसमें बीमारी का प्रसार पुरुषों और महिलाओं में समान था (लगभग 20 प्रतिशत).

# दिल्ली में बड़ा हादसा: हरीनगर में दीवार गिरी, महिला समेत आठ लोगों की मौत



- हादसे में आठ लोगों में तीन पुरुष हैं, दो महिलाएं हैं और दो लड़कियां और एक लड़का है.

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के हरीनगर में शनिवार को बारिश के दौरान दीवार गिरने से हादसा हो गया. जैतपुर थाना स्थित हरीनगर के बाबा मोहन राम मंदिर के पास समाधि स्थल की दीवार गिर गई है. जिसके नीचे करीब आठ लोग दब गए। इस हादसे में सभी आठ घायलों की मौत हो चुकी है. जानकारी के लिए बता दें कि हादसे में आठ लोगों में तीन पुरुष हैं, दो महिलाएं हैं और दो लड़कियां और एक लड़का है. सात की मौत के बाद एक घायल हाशिबुल का अस्पताल में इलाज चल रहा था. उसने भी दम तोड़ दिया है. दिल्ली दमकल विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि जैतपुर हादसे में सभी आठ लोगों की मौत हो चुकी है. जैतपुर थाना इलाके में शनिवार सुबह 9:30 बजे के करीब हरी नगर गांव इलाके के पीछे झुग्गियों के ऊपर समाधि की दीवार गिर जाने से दो बच्चे समेत आठ लोग अंदर दब गए थे, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया. वहीं इस घटना के बाद तमाम विभाग मौके पर मौजूद हैं. मौत की जानकारी से पहले एडिशनल डीसीपी साउथ ईस्ट ऐश्वर्या शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि यहां एक पुराना मंदिर है और उसके बगल में पुरानी झुग्गियां हैं. जहां कबाड़ी रहते हैं. रात भर हुई भारी बारिश के कारण दीवार गिर गई. हादसे के दौरान आठ लोग फंस गए, जिन्हें बचाकर अस्पताल ले जाया गया.

### विश्व आदिवासी दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि, कहा

# आदिवासी अस्मिता की मशाल और ऊंचा करूंगा

**शुभम संदेश। रांची**

दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन के बाद से उनके पुत्र सीएम हेमंत सोरेन पैतृक गांव में रह कर श्राद्धकर्म की रस्में निभा रहे हैं. शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस था. शिबू सोरेन झारखंड में आदिवासियों के सबसे बड़े नेता रहे हैं. हेमंत सोरेन ने विश्व आदिवासी दिवस पर दिशोम गुरू को याद करते हुए कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस है पर मेरे मार्गदर्शक, मेरे गुरु, मेरे बाबा सशरीर साथ नहीं हैं, मगर उनका संघर्ष, उनके विचार, उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे. वह न केवल मेरे पिता थे, बल्कि समस्त आदिवासी समाज समेत झारखंड की आत्मा, संघर्ष के प्रतीक और जल-जंगल-जमीन के सबसे मुखर रक्षक भी थे. हेमंत सोरेन ने कहा कि यह आदिवासी समाज ही है जिसने मानव जाति को प्रकृति के साथ सांमजस्य बनाकर खुशहाल जीवन जीने का मार्ग दिखाया है. आदिवासी समाज का जीवन-दर्शन प्रकृति से ही शुरू और प्रकृति पर ही खत्म होता है. मगर सदियों से खुद आदिवासी तथा शोषित-वंचित समाज हाशिए पर खड़े रहने को मजबूर रहा.



बाबा ने इसी स्थिति को बदलने के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया था. विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य भर में होना वाला कार्यक्रम उनका प्रिय रहा. क्यूंकि यह अवसर आदिवासी समाज की समृद्ध सभ्यता और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम रहा है, आदिवासी समाज की प्रतिभा को वैश्विक मंच देने का अवसर बना है.

## मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा

आज विश्व आदिवासी दिवस है पर मेरे मार्गदर्शक, मेरे गुरु, मेरे बाबा सशरीर साथ नहीं हैं, मगर उनका संघर्ष, उनके विचार, उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे.
वह न केवल मेरे पिता थे, बल्कि समस्त आदिवासी समाज समेत झारखण्ड की आत्मा, संघर्ष के प्रतीक और जल-जंगल-जमीन के सबसे मुखर रक्षक भी थे.
यह आदिवासी समाज ही है जिसने मानवजाति को प्रकृति के साथ सांमजस्य बनाकर खुशहाल जीवन जीने का मार्ग दिखाया है. आदिवासी समाज का जीवन-दर्शन प्रकृति से ही शुरु और प्रकृति पर ही खत्म होता है. मगर सदियों से खुद आदिवासी तथा शोषित-वंचित समाज हाशिए पर खड़े रहने को मजबूर रहा. बाबा ने इसी स्थिति को बदलने के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया था. विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य भर में होना वाला कार्यक्रम उनका प्रिय रहा. क्यूंकि यह अवसर आदिवासी समाज की समृद्ध सभ्यता और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम रहा है, आदिवासी समाज की प्रतिभा को वैश्विक मंच देने का अवसर बना है.
आज पूरा विश्व आदिवासी दिवस मना रहा है. इस अवसर पर मैं बाबा दिशोम गुरु सहित हमारे सभी वीर पुरुखों को नमन करता हूं, जिन्होंने संघर्ष और शहादत देकर हमारी पहचान, हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता और हमारे अधिकारों की रक्षा की.
विश्व आदिवासी दिवस पर मैं नमन करता हूं अपने वीर पुरखों को, और संकल्प लेता हूं कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर झारखंड और देश में आदिवासी अस्मिता की मशाल को और ऊंचा करूंगा.
झारखंड के वीर अमर रहें!
देश के समस्त वीर आदिवासी योद्धा अमर रहें!
जय जोहार, जय आदिवासियत, जय झारखंड!



### श्रावणी मेला की सफलता पर देवघर से मंत्री इरफान का भावुक संदेश, कहा

## बाबा के ही आशीर्वाद से बना मंत्री



**शुभम संदेश। रांची/देवघर**

श्रावणी मेला 2025 के समापन पर देवघर में कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए कांवरियों की सेवा शिविर के समापन सम्मेलन में स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी शामिल हुए. इस मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन, झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं की सराहना की.

इरफान अंसारी ने कहा, "श्रावणी मेला में लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना किसी भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होती है. देवघर प्रशासन और सभी विभागों ने मिलकर इस चुनौती को बेहतरीन ढंग से पूरा किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं."

उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष उदय प्रकाश सिंह, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष संजय मुन्नम, प्रदेश सचिव फैयाज केसर सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद दिया, जिन्होंने लगातार एक माह तक सेवा शिविर का संचालन ईमानदारी और समर्पण के साथ किया. उन्होंने यह भी बताया कि यह सेवा शिविर पिछले 40 वर्षों से संचालित हो रहा है, और इस बार इसका प्रबंधन विशेष रूप से सराहनीय रहा.

भावुक होते हुए मंत्री ने कहा कि उनका बचपन देवघर में बीता है और बाबा भोलेनाथ की कृपा से ही वे तीन बार विधायक और दो बार मंत्री बने हैं.

उन्होंने कहा, "बाबा के चरणों में मेरी अटूट श्रद्धा है. उनकी कृपा और जनता के विश्वास ने ही मुझे सेवा का यह अवसर दिया है. मैं जीवनभर जनकल्याण के लिए समर्पित रहूंगा. आगे कहा, "बाबा की छत्रछाया में सेवा करना मेरा सौभाग्य और संकल्प है. श्रावणी मेला में सेवा देना मेरे जीवन का गौरव है, और यह सेवा यात्रा निरंतर जारी रहेगी." अंत में उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला की व्यवस्थाओं और समन्वय ने यह सिद्ध कर दिया कि जब सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं रह जाती.

### रक्षाबंधन पर मंत्री इरफान अंसारी का 10,000 पदों की बहाली का ऐलान

# 6000 पद बहनों के नाम

**शुभम संदेश। रांची**

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इस बार झारखंड में गमगीन माहौल के बीच मनाया जा रहा है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण पूरे झारखंड में गम का माहौल है. इसी बीच झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी शुक्रवार रात को मिहिजाम स्थित दुर्गा मंडप पहुंचे, जहां बहनें बड़े उत्साह और प्रेम से उनकी प्रतीक्षा कर रही थीं. जैसे ही इरफान अंसारी ने मंडप में प्रवेश किया, माहौल स्नेह से भर गया. बहनों ने राखी की थाल सजा कर उनका स्वागत किया और स्नेह के साथ राखी बाँधने लगीं. देखते ही देखते उनकी दोनों कलाइयाँ रंग-बिरंगी राखियों से भर गईं. हर बहन के चेहरे पर अपने भाई को राखी बांधने की खुशी साफ झलक रही थी. मंत्री जी ने बड़े ही सादगी और शांत मन से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया, लेकिन उनके चेहरे पर हल्की उदासी बनी रही.

उन्होंने भावुक होते हुए कहा, "आज का दिन मेरे लिए भावनाओं से भरा है. एक ओर यह भाई-बहन के रिश्ते को मनाने का दिन है, वहीं दूसरी ओर हमारे गुरुजी, श्रद्धेय शिबू सोरेन जी के निधन का गम भी है. उनका जाना मेरे जीवन और राजनीति दोनों



के लिए अपूरणीय क्षति है. लेकिन बहनों का स्नेह ऐसा है जिसे ठुकराना मेरे लिए संभव नहीं." उन्होंने आगे कहा "मैं हमेशा अपनी बहनों की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए खड़ा रहा हूं. मेरा संकल्प केवल उनकी सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का है. इसी कारण आज पूरे जामताड़ा की महिलाएं शिक्षा, रोजगार और सामाजिक नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही हैं. मेरी जीत और मेरी यात्रा में मेरी बहनों की दुआओं का बड़ा योगदान है. आपकी दुआ से मैं लगातार तीन बार विधायक बना और आज मंत्री के रूप में सेवा कर रहा हूं."

मंत्री ने यह भी कहा "मेरा मानना है कि महिलाएं मजबूत होंगी, तभी घर मजबूत होगा, और जब घर मजबूत होगा, तभी समाज मजबूत होगा. रक्षाबंधन हमें यही सिखाता है कि एक-दूसरे के साथ खड़े रहना, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, ही असली रिश्ते की पहचान है." कार्यक्रम में मौजूद बहनों ने भी अपनी भावनाएं साझा कीं. सैकड़ों की संख्या में बहनों ने मंत्रोच्चार के साथ राखी बांधी और मंत्री जी के लंबे, स्वास्थ्य और सफल जीवन की कामना की. पूरा दुर्गा मंडप भाई-बहन के इस अटूट रिश्ते की मिठास और भावनाओं से गूंज उठा.

इरफान अंसारी ने रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर अपनी सभी बहनों को उपहार भी भेंट किए. उपहार पाकर बहनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी. इसी बीच, इससे भी बड़ा "उपहार" देते हुए डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की कि बहुत जल्द स्वास्थ्य विभाग में 10,000 पदों की बहाली निकाली जाएगी, जिसमें से 6,000 पदों पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी. इस घोषणा के साथ ही माहौल में खुशी दोगुनी हो गई. बहनों ने ज़ोरदार तालियों के साथ इस फैसले का स्वागत किया और "भैया जिंदाबाद" के नारे गूंजने लगे.

## एक नजर

### महिला ने गाड़ी रोककर सड़क पर किया नृत्य, मंत्री दीपक बिरुआ ने पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा

**रांची।** झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शनिवार को एक वायरल वीडियो का उल्लेख करते हुए पुलिस और प्रशासन से कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है, जिसमें एक महिला अपनी नई गाड़ी को सड़क पर रोक कर खुले में अश्लील तरीके से फुहड़ डांस करती दिखाई दे रही है. ये वीडियो धनबाद का बताया जा रहा है. मंत्री ने अपने संदेश में उन्होंने लिखाः "आज रक्षाबंधन है, मेरा सभी बहनों से नम्र निवेदन है कि नृत्य के लिए उचित मंच का उपयोग करें. ऐसे प्रदर्शन से समाज में गलत संदेश जाता है. उक्त वीडियो की जांच करें उपायुक्त महोदय, महिला महोदया को परिवहन नियमों की जानकारी दें तथा इस्तेमाल किए गए वाहन की जांच कर नियमों के तहत कार्यवाही करें." इस ट्वीट में मंत्री ने साफ तौर पर पुलिस और डिप्टी कमिश्नर धनबाद को कार्रवाई का निर्देश दिया है. उन्होंने यह भी कहा है कि नृत्य के लिए सार्वजनिक जगहें अनुचित हैं और इससे समाज में गलत संदेश जाता है. हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो में दिख रही घटना का स्थान या उस महिला की पहचान क्या है. न ही यह पता चला है कि पुलिस या प्रशासन ने इस ट्वीट के बाद कब तक और क्या कार्रवाई की है.

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार कल



**रांची।** राज्य की कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार 11 अगस्त को होगा. कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार दिन के 11 बजे से शुरू होगा. यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी. उन्होंने बताया कि जनता दरबार जनता से सीधे जुड़ाव का सिर्फ एक माध्यम ही नहीं बल्कि आम लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास है. जिससे जनता का भरोसा सरकार और प्रशासन पर कायम रहे. इससे पहले मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और राधाकृष्ण किशोर का भी जनता दरबार लग चुका है.

### होम गार्ड नियुक्ति के विरुद्ध दायर याचिका पर 12 को हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में हो रही होम गार्ड बहाली के विरुद्ध दायर याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो गयी है. झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी की ओर से दायर याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई होगी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की बेंच में यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है. याचिका में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन राजीव कुमार तिवारी के अलावा चाईबासा जिले के अध्यक्ष चरण चातर, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष प्रकाश पुर्ति एवं सरायकेला के 3 अभ्यर्थी प्रार्थी हैं. याचिका में झारखंड के सभी उपायुक्त, होमगार्ड डिजी, गृह सचिव, जिला समादेष्टा चाईबासा एवं पुलिस अधीक्षक चाईबासा को पार्टी बनाया गया है.

### बोकारो तेतुलिया जमीन घोटाला मामला

## सीआईडी की विशेष अदालत ने पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

**शुभम संदेश। रांची**

बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा की 100 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के मामले में जेल में बंद पुनीत अग्रवाल को रांची सीआईडी की विशेष अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है. सुनवाई के दौरान कई अहम तथ्य सामने आए, जिनसे यह संकेत मिला कि पुनीत अग्रवाल जमीन सौदे की साजिश में शामिल थे. मामले में आरोप है कि पुनीत अग्रवाल ने तेतुलिया की जमीन डेवलप करने के लिए राजबीर कंस्ट्रक्शन और उमायुष मल्टीकॉम के बीच हुए एकरारनामे के तहत 3.40 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जबकि उन्होंने कभी संबंधित व्यक्ति को देखा तक नहीं. अग्रवाल ने खुद को केवल निवेशक बताते हुए जमानत की मांग की थी. सीआईडी ने अदालत को बताया कि राजबीर कंस्ट्रक्शन वन विभाग की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री की साजिश में शामिल था और रजिस्ट्री फीस का भुगतान भी इसी पैसे से किया गया. जांच शुरू होने के बाद आरोपियों ने अपने बचाव में भ्रामक दलीलें दीं. अदालत ने पाया कि 3.40 करोड़ रुपये का भुगतान करने के 18 महीने बाद ही उमायुष मल्टीकॉम के साथ जमीन विकास का समझौता हुआ, जो मामले की गंभीरता को दर्शाता है. सभी दलीलों और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद कोर्ट ने कहा कि अग्रवाल की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी.

## मरांडी का दावा, असम सीएम को फंसाने की हुई थी कोशिश, जल्द करेंगे खुलासा

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को दावा किया कि झारखंड पुलिस के एक सीनियर अफसर ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा शर्मा को फंसाने की कोशिश की थी. किसी को पैसे देकर दो बार दिल्ली व गुवाहाटी भेजा गया था. उन्होंने कहा है कि वह सारे सबूत के साथ जल्द ही इसका खुलासा करेंगे. झारखंड में विधानसभा चुनाव के वक्त झारखंड के किस सीनियर पुलिस अधिकारी ने असम के मुख्यमंत्री जी को षडयंत्र कर फंसाने का प्रयास करने लिए किसको दो-दो बार पैसे देकर दिल्ली और गुवाहाटी (असम ) भेजा था? इसका खुलासा भी प्रमाण के साथ बहुत जल्द होगा.

बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर ट्विट करते



हुए इस कोशिश को नीच काम बताया है और सीएम को संबोधित करते हुए मांग की है यह सब आपकी जानकारी में हो रहा था या नहीं, इसका खुलासा करें. जांच करायें, क्योंकि ऐसे अफसर पद व पैसे के लालच में कभी आपको भी फंसाने का काम कर सकता है. किसी अफसर का नाम लिखे बिना बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कभी इन्हीं अफसरों ने आपके (सीएम हेमंत सोरेन) के किलाफ भी नामी-बेनामी शिकायतों की चिट्ठियां लिख करके जगह-जगह भेजवाया था.

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को सुझाव देते हुए कहा कि वे अपनी एजेंसियों से इस पूरे प्रकरण की जांच करवाएं और अगर आवश्यक हो तो वे स्वयं उनसे संपर्क कर पूरे तथ्यों को जान सकते हैं. उन्होंने कटाक्ष करते हुए लिखा – "हो सकता है ये सब देखकर आपकी आँख खुल जाए और आस्तीन के सांपों को पहचान पाने में दिक्कत न हो."

**राजनीतिक हलकों में हलचलः** मरांडी के इस ट्वीट के बाद झारखंड की सियासत में एक बार फिर उबाल आ गया है. भाजपा इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर हो गई है, वहीं सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस चुनौतीपूर्ण बयान पर क्या रुख अपनाते हैं और क्या इस कथित षड्यंत्र की जाँच करवाई जाती है या नहीं.

## जीएसटी घोटाले में ईडी की रेड खत्म 27 लाख नकद व दस्तावेज जब्त

**शुभम संदेश। रांची**

750 करोड़ रुपये की जीएसटी घोटाले में छापेमारी के दूसरे दौर में 27 लाख रुपये नकद जब्त किया गया है. इसके अलावा विभिन्न ठिकानों से घोटाले से जुड़े नये दस्तावेज जब्त किये गये हैं. जीएसटी घोटाले में सात अगस्त से शुरू हुई छापेमारी आठ अगस्त की देर रात समाप्त हो गया. ईडी ने सात अगस्त को छह लोगों के 12 ठिकानों पर शुरू की थी. जीएसटी घोटाले से जुड़े जिन लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गयी, उसमें रांची के श्याम ठक्कर, जमशेदपुर के ज्ञानचंद जयसवाल, सरायकेला के पंचानंद सरदार, धनबाद के चीनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल और मुंबई के अंकेश जैन उर्फ मलिक जी का नाम शामिल है.



छापेमारी के दौरान रांची के श्याम ठक्कर के ठिकाने से करीब 12 लाख और जेशेदपुर के व्यापारी ज्ञानचंद जयसवाल के ठिकाने से 15 लाख रुपये जब्त किये गये. इन दोनों ही व्यापारियों द्वारा फर्जी जीएसटी बिल जारी किया गया जाता है. इन लोगों ने भी जीएसटी घोटाले को अंजाम देने के लिए शेल कंपनियों बना रखी है. इनमें से कुछ कंपनियों के निदेशक वे खुद ही है. रांची के श्याम ठक्कर ने नकद राशि इधर-उधर करने के लिए अंगड़िया का इस्तेमाल किया है.

### जमशेदपुर मे आइएसबीटी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

# मानगो डिमना चौक के पास 13 एकड़ में बनेगा डिपो

- नया डीपीआर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए तैयार
- अत्याधुनिक संसाधनों से लैस रहेगा बस टर्मिनल भवन
- औद्योगिक नगरी की रौनक बढायेगा हराभरा वातावरण

**शुभम संदेश। रांची**

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर की गरिमा के अनुरूप अंतर राज्जीय बस टर्मिनल (आइएसबीटी) बनाने की पहल शुरू हो गयी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राज्य के नागरिकों को सुगम और आरामदेह परिवहन संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प के तहत यह प्रक्रिया शुरू की गयी है. मानगो डिमना चौक के पास आइएसबीटी लगभग 13 एकड़ मे बनेगा. नगर विकास एवं आवास





विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने हेम ( हाईब्रिड एन्युइटी मोड) पर आइएसबीटी बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है. साथ ही प्रस्ताव की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए मंत्री के समक्ष उपस्थापित किया जा रहा है. इससे पूर्व मंत्री ने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को उच्च गुणवत्ता युक्त आइएसबीटी बनवाने का निर्देश दिया है. सीएम और मंत्री के निर्देश पर प्रधान सचिव कुमार ने जुडको को इसके क्रियान्वयन की जवाबदेही सौंपी है. कर्नाटक की आइडेक एजेंसी ने खाका तैयार किया है. उन्होंने हेम मोड पर तैयार हो रहे डीपीआर को जल्द प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है. इसी परिसर के सन्निकट जलसंसाधन विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय एवं गोदाम बनेगा. लागत 145.24 करोड़ रुपये आएगी.

#### आइएसबीटी के अवयव

**टर्मिनल बिल्डिंग –पांच तल्ला दो बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर प्लस तीन तल्ला भवन**

- कामर्शियल बिल्डिंग – एक बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर प्लस तीन तल्ला भवन
- आइडियल पार्किंग – 50 अदद
- एलिगेटिंग बस वे – 23

**जल संसाधन विभाग का कार्यालय**

- गोदाम – दो अदद
- जेनरेटर, ट्रांसफार्मर
- बाहरी सड़क आवासीय कालोनी तक
- टर्मिनल का आंतरिक रोड
- एसटीपी, डब्ल्यूटीपी, ईटीपी
- कार पार्किंग 300, बाइक पार्किंग 350
- झारखंडी कला संबंधित पेंटिंग्स
- हेक्सा गोनल प्लाजा
- फेस्ड डिजाइन

**आइएसबीटी के संसाधन**

ग्राउंड फ्लोर– बस वे 23, टिकट काउंटर 18, क्लाक रूम, लाजेस्टिक सेंटर, पब्लिक शौचालय, रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट, दुकान 46, एंकर शाप.

फर्स्ट फ्लोर – एसी वेटिंग हाल 80 पैसेंजर, पैसेंजर डोरमेट्री 120 बेड, चालक डोरमेट्री 60 बेड,फूड कोर्ट, एंकर शाप, सुरक्षा आफिस, ट्रेवल एडमिन आफिस, शौचालय एवं आफिस स्पेस.

## चुनाव आयोग ने 334 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को लिस्ट से हटाया

**शुभम संदेश। रांची**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को अपनी लिस्ट से हटा दिया है. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत राजनीतिक दलों का चुनाव आयोग में पंजीकरण अनिवार्य है. वर्तमान में देश में 6 राष्ट्रीय दल, 67 राज्य दल और 2854 आरयूपीपी पंजीकृत थे. निर्देशों के अनुसार, यदि कोई राजनीतिक दल लगातार छह वर्षों तक चुनाव में हिस्सा नहीं लेता, तो उसका नाम पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाता है. इसके अलावा, पंजीकरण के समय दिए गए नाम,



पता और पदाधिकारियों जैसी जानकारी में किसी भी बदलाव की सूचना तुरंत आयोग को देनी होती है. जून 2025 में ईसीआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को 345 आरयूपीपी की जांच करने का निर्देश दिया था. जांच में इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया.

सीईओ की रिपोर्ट के आधार पर, 345 में से 334 दल शर्तों का पालन करते नहीं पाए गए, जबकि बाकी मामलों को दोबारा सत्यापन के लिए भेजा गया. आयोग ने 334 दलों को सूची से हटा दिया है. अब देश में 2520 आरयूपीपी पंजीकृत हैं. हटाए गए दल अब जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29बी और 29सी, आयकर अधिनियम, 1961 और चुनाव चिन्ह आदेश, 1968 के तहत मिलने वाले लाभों के पात्र नहीं होंगे. आयोग का कहना है कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और स्वच्छ बनाने की उसकी सतत रणनीति का हिस्सा है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 10 अगस्त 2025 । भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 124 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12








## चांडिल में दो मालगाड़ियों की आमने सामने की टक्कर, अप-डाउन लाइन ठप

**शुभम संदेश । सरायकेला**



सरायकेला खरसावां जिला स्थित चांडिल में शनिवार तड़के सुबह एक बड़ा रेल हादसा हुआ, जिसमें दो मालगाड़ियां आमने-सामने टकरा गईं. घटना चांडिल रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर दूर पोल संख्या 375/22 के पास हुई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रेनों के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और लोकोमोटिव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. हादसे के बाद ट्रैक पर मलबा फैल गया, जिससे अप और डाउन दोनों रेल लाइनों पर परिचालन पूरी तरह ठप हो गया.

सुबह करीब 4:15 बजे यह दुर्घटना हुई. इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी टाटानगर से बोकारो जा रही थी, जबकि दूसरी बोकारो से टाटानगर की ओर आ रही थी. प्रारंभिक जांच में सिग्नलिंग सिस्टम में तकनीकी खामी की आशंका जताई गई है. टक्कर के बाद तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गए. सूचना मिलते ही दक्षिण-पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची. चालक दल के कुछ सदस्यों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है. राहत दल भारी मशीनों की मदद से मलबा हटाने और ट्रैक बहाली का काम कर रहा है.

हादसे के चलते चांडिल-टाटानगर और चांडिल-बोकारो रूट पर सभी यात्री और मालगाड़ियों का परिचालन रद्द कर दिया गया है. कई ट्रेनों को डायवर्ट या शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है. स्टेशनों पर यात्रियों को हेल्पडेस्क और अनाउंसमेंट के जरिए लगातार अपडेट दिया जा रहा है. रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ट्रैक बहाली में 24 घंटे से अधिक समय लग सकता है. यात्रियों से अनावश्यक यात्रा से बचने और रेलवे की वेबसाइट या हेल्पलाइन से जानकारी लेने की अपील की गई है. हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं, जबकि माल परिवहन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है.

### इधर अच्छी खबर: एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी का झारखंड में हुआ सफल ट्रायल

## 354 बोगी-7 इंजन के साथ पलामू से टोरी तक का सफर

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**



एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी 'रूद्रास्त' का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया है. यह ऐतिहासिक ट्रेन शुक्रवार की शाम पलामू जिले से गुजरते हुए टोरी शिवपुरी रेल लाइन तक पहुंची. इस मालगाड़ी का संचालन दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के गंजख्वाजा स्टेशन से शुरू हुआ और यह धनबाद रेल मंडल के क्षेत्र में प्रवेश करते ही हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया. 'रूद्रास्त' नाम की इस विशेष मालगाड़ी में कुल 354 बोगियां हैं और इसे चलाने के लिए सात इंजन लगाए गए थे. इसकी कुल लंबाई लगभग 4.5 किलोमीटर है. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह मालगाड़ी तीन लॉन्ग हॉल मालगाड़ियों को जोड़कर तैयार की गई है. मालगाड़ी जब पलामू के कजरी स्टेशन पर पहुंची, तो वहां ड्राइवर और गार्ड को बदला गया. डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेन शाम 7:30 बजे पहुंची, जहां से इसके गुजरने में लगभग 10 मिनट का समय लगा.

रेलवे के हाजीपुर जोन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के लिए गौरव का विषय है. दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के डीआरएम उदय सिंह मीणा ने पुष्टि की है कि 'रूद्रास्त' वर्तमान में एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी है. यह ऐतिहासिक मालगाड़ी गुरुवार को दोपहर 2:20 बजे गंजख्वाजा स्टेशन से रवाना हुई थी और जैसे ही इसने धनबाद रेल मंडल की सीमा में प्रवेश किया, रेलवे की सतर्कता और निगरानी बढ़ा दी गई. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल की सफलता के बाद जल्द ही नियमित परिचालन को मंजूरी दी जाएगी.

## सिकदारडीह के युवक की संदिग्ध मौत

**शुभम संदेश । गिरिडीह**

- परिजनों ने पत्नी पर लगाया हत्या का आरोप

मोहम्मद एहसान शेख, जो सिकदारडीह के निवासी हैं, ने अपने भाई सलमान शेख की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनके अनुसार, लगभग चार साल पहले सलमान की मुलाकात गांव की ही एक शादीशुदा महिला शाजरा खातून से हुई थी. शाजरा पहले से ही चार बच्चों की मां थी. आरोपों के मुताबिक, शाजरा ने प्रेम संबंध के बाद सलमान से शादी कर ली, और वे दोनों गांव छोड़कर अलग-अलग जगहों पर रहने लगे. पिछले ढाई से तीन सालों से यह जोड़ा सारठ में एक मजार के पास किराए के मकान में रह रहा था. उनका एक दो साल का बेटा, सूफियान शेख, भी है. बीते शाम करीब 5 बजे मोहम्मद एहसान को फोन पर सूचना मिली कि उनके भाई सलमान की मृत्यु हो गई है. जब परिवार और गांव के लोग सारठ पहुंचे, तो उन्होंने सलमान का शव कमरे में पड़ा देखा. सलमान के परिजनों का आरोप है कि शाजरा खातून के मकान मालिक और दो अन्य युवकों के साथ अवैध संबंध थे. उनका दावा है कि इन लोगों ने मिलकर ही सलमान की हत्या की है और इसे आत्महत्या दिखाने के लिए शव को पंखे से लटका दिया.

## स्वर्णरेखा नदी में युवती की लाश मिलने से सनसनी

**शुभम संदेश । जमशेदपुर**

जिले के उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर रोड नंबर 1 के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब स्वर्णरेखा नदी में एक अज्ञात महिला का शव बहते हुए देखा गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया. सूचना पर कार्रवाई करते हुए उलीडीह थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया. महिला की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है, हालांकि अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है. उलीडीह थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि शव नदी में बहते हुए रामनगर इलाके तक पहुंचा है और संभवतः महिला की मौत कुछ दिन पहले हुई होगी. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा. इधर, पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच कर रही है ताकि महिला की पहचान सुनिश्चित की जा सके. वहीं घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है, और स्थानीय लोग अलग-अलग कयास लगा रहे हैं.

## युवक की कुल्हाड़ी से हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**शुभम संदेश । जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के धोलाबेड़ा गांव के तालाडीह टो ला में शुक्रवार रात महज दो हजार रुपये के लेन-देन के विवाद ने खूनखराबे का रूप ले लिया. गांव के ही सेलाई लूगून उर्फ मटका ने अपने पड़ोसी राम हो उर्फ सुदर्शन की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी. वारदात के बाद भाग रहे आरोपित को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और ग्राम प्रधान के घर के पास खूंटे से बांधकर पुलिस के हवाले कर दिया. जानकारी के मुताबिक, सेलाई लूगून उर्फ मटका इस क्षेत्र के लोगों को काम दिलाने के नाम पर बेंगलुरु ले जाता था. वह राम हो उर्फ सुदर्शन को भी बैंगलुरु ले गया था, जहां दोनों ने कुछ महीने तक काम किया, लेकिन राम हो को दो हजार रुपये की मजदूरी नहीं मिली. इसी बकाया को लेकर दोनों के बीच कई दिनों से तनाव चल रहा था. ग्रामीणों के अनुसार, पिछले दो-तीन दिनों से दोनों साथ बैठकर खाते-पीते थे. घटना वाले दिन भी दोनों साथ रहे और बाद में सेलाई लूगून के बारदागोड़ा टोला स्थित घर पहुंचे. वहीं रुपये को लेकर कहासुनी हुई, जो बढ़ते-बढ़ते हिंसक झगड़े में बदल गई. गुस्से में आकर सेलाई ने घर में रखी कुल्हाड़ी से राम हो के गले पर तीन-चार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

## जमशेदपुर के तीन मंदिरों से चोरों ने की चांदी के मुकुट व नकद की चोरी

**शुभम संदेश । जमशेदपुर**



पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के टेल्को थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़ंगाझार में चोरों ने शुक्रवार रात तीन मंदिरों को निशाना बनाया है. चोर मंदिर से चांदी के मुकुट, छत्र, नकद रुपये और अन्य बहुमूल्य सामान चोरी कर फरार हो गए. हैरानी की बात यह है कि इनमें से एक मंदिर पुलिस टीओपी परिसर में स्थित था, जिससे स्थानीय लोगों में गुस्सा और हैरानी दोनों है. खड़ंगाझार में शुक्रवार रात चोरों ने साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए श्री हनुमान मंदिर, श्री वीवीएस मंदिर और खड़ंगाझार टीओपी परिसर स्थित जटाधारी शिव मंदिर से चांदी के मुकुट, छत्र, नकद रुपये और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया. श्री वीवीएस मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर हाथ में लोहे की रॉड लिए अंदर घुसते हुए साफ दिखाई दे रहा है. मामले में भाजपा नेता अंकित आनंद ने सोशल मीडिया पर जमशेदपुर पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. टेल्को थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है.

## घरेलू विवाद के बाद महिला ने खुद को लगाई आग

**शुभम संदेश । धनबाद**



जिले के तेलीपाड़ा के दामोदरपुर स्थित सोम नगर में शुक्रवार रात एक महिला ने खुद पर केरोसिन उड़ेलकर आग लगा ली. इस घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई. मामुनी नामक महिला ने किसी घरेलू विवाद के बाद यह कदम उठाया. घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई. पड़ोसियों ने जब घर से धुआं निकलते देखा, तो तुरंत पहुंच कर आग बुझाई और महिला को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स, रांची रेफर कर दिया है. बताया जा रहा है कि महिला का पति मजदूरी करता है. उसने बताया कि शुक्रवार की शाम किसी घरेलू बात को लेकर उसका पत्नी से झगड़ा हुआ. इसके बाद मामुनी गुस्से में घर के भीतर गई और खुद पर केरोसिन डाल कर आग लगा ली. धुआं निकलता देख पड़ोसियों ने पहुंच आग बुझायी. हालांकि तब तक महिला काफी हद तक झुलस चुकी थी. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी. पुलिस ने महिला के पति से पूछताछ की है. डॉक्टरों के मुताबिक महिला 60 प्रतिशत से अधिक झुलस चुकी है और उसकी स्थिति नाजुक है.

## लोहरदगा में ब्राउन शुगर के साथ दो अंतरराज्यीय अपराधी पकड़े गए

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार में शामिल दो अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपितों के पास से लगभग 13 ग्राम ब्राउन शुगर और नकदी सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए है. बरामद ड्रग्स की अनुमानित कीमत 2,56,400 बताई जा रही है. थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पुलिस अधीक्षक सादीक अनवर रिजवी को गुप्त सूचना मिल रही थी कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के इलाके में ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री हो रही है. आठ अगस्त की शाम को पुलिस को पुख्ता खबर मिली कि दो व्यक्ति समाहरणालय मैदान के पास इस ड्रग की डील करने वाले है. सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल बनाया गया. रात करीब 8:30 बजे टीम ने मौके पर छापेमारी की. पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध भागने लगे लेकिन पुलिस ने एकआरोपित अमजद अंसारी (32) को मौके से दबोच लिया.

### बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश करने के आरोप, बोले-भगोड़ा नहीं हूं...

## गिरफ्तारी देने थाना पहुंचे सांसद दुबे, पुलिस ने लौटाया

**शुभम संदेश । देवघर**



मैं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है. इसे लेकर निशिकांत दुबे आज अपनी गिरफ्तारी देने बाबा मंदिर थाना पहुंचे थे, लेकिन थाने में पुलिस ने उनको गिरफ्तार करने से इंकार कर दिया. उनको बताया गया कि आज कोर्ट बंद है. कोर्ट में एफआईआर की कॉपी भी नहीं पहुंची होगी. सांसद को पुलिस ने बताया कि बाबा मंदिर प्रकरण केस में सीधी गिरफ्तारी नहीं हो सकती है. इस मामले में 3 बार नोटिस दिये जाने के बाद ही किसी कार्रवाई का प्रावधान है. करीब आधे घंटे तक थाने में रहने के बाद सांसद निशिकांत दुबे वापस लौट गये. निशिकांत ने कहा कि वे भगोड़ा नहीं हैं. बीजेपी का कार्यकर्ता हैं. मंदिर का ट्रस्टी, तीर्थ पुरोहित, देवघर में पैदा हुए हैं और यहां का बेटा हैं. केस करने वाले किस आधार पर गर्भ गृह के अंदर थे. यह जांच का विषय है. दुबे ने कहा कि 51 केस उनपर हो चुके हैं और कितना?

**7 अगस्त को दर्ज कराई गई थी एफआईआर :** बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश करने के आरोप में दिल्ली के बीजेपी सांसद मनोज तिवारी और गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 7 अगस्त को एफआईआर दर्ज कराई गई थी. यह एफआईआर देवघर की पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर की शिकायत पर दर्ज की गई थी. कार्तिकनाथ ठाकुर ने अपनी शिकायत में कहा है कि श्रावणी मेले के दौरान मंदिर में वीवीआईपी दर्शन और गर्भगृह में प्रवेश पर रोक थी. इसके बावजूद 2 अगस्त को मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे, उनके पुत्र कनिष्ककांत दुबे, दोनों सांसदों के पीए और देवघर के कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए जबरन गर्भगृह में प्रवेश किया.

**पुलिसकर्मियों से भी धक्का-मुक्की का आरोप :** शिकायत में कहा गया कि निकास द्वार पर तैनात पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की भी गई, जिससे मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई. इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती थी.

### उपेक्षा : हजारीबाग का जनजातीय अध्ययन केंद्र बना शोपीस

## पीएम का सपना अधूरा, कब शुरू होगा ट्राइबल स्टडी सेंटर?



- 17 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग आगमन के दौरान इस सेंटर का ऑनलाइन शिलान्यास किया था.

**शुभम संदेश । हजारीबाग**

पूरे देश में जहां आज विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है, वहीं हजारीबाग में करोड़ों की लागत से बना जनजातीय अध्ययन केंद्र वीरान पड़ा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए बनाया गया यह सेंटर, सरकारी उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो गया है. हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में बना जनजातीय अध्ययन केंद्र 22 हजार वर्गफुट में फैला है. यह तीन मंजिला भवन है जिसमे चार स्टूडियो, एक क्लासरूम, एक ऑडिटोरियम, डायरेक्टर ऑफिस, ओपन ऑफिस, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब और शौचालय है. लेकिन अफसोस यह भवन आज भी खाली पड़ा है. 17 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग आगमन के दौरान इस सेंटर का ऑनलाइन शिलान्यास किया था. इसे देश का दूसरा ट्राइबल स्टडी सेंटर बनना था, जिसका मकसद आदिवासी समाज पर शोध कार्य और छात्रों को इस क्षेत्र में प्रेरित करना था. लेकिन करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद, सरकारी रवैये के कारण यहां अब तक पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी. इस सेंटर के निर्माण में हजारीबाग के तत्कालीन भाजपा सांसद जयंत सिन्हा की भी अहम भूमिका रही. लेकिन भवन हैंडओवर न होने और प्रशासनिक उदासीनता के चलते, यह सेंटर आज सिर्फ एक शोपीस बनकर रह गया है.

सरकार एक ओर आदिवासी समाज के उत्थान की बातें करती है, वहीं दूसरी ओर उनसे जुड़े अध्ययन केंद्र की उपेक्षा करना कई सवाल खड़े करता है. करोड़ों की लागत से बना यह जनजातीय अध्ययन केंद्र, जिम्मेदारों की लापरवाही की एक जीवंत मिसाल है. सवाल सिर्फ यह है कि करोड़ों का यह प्रोजेक्ट कब आदिवासी समाज के लिए वास्तव में उपयोगी साबित होगा और प्रधानमंत्री का सपना कब पूरा होगा.

### सिमडेगा में छात्रों के लिए नौकरी का नया मॉडल

## पढ़ाई के साथ कॉलेज टाइमटेबल के अनुसार कर सकते हैं काम

**शुभम संदेश । सिमडेगा**



जिले में एक नया रोजगार मॉडल छात्रों के लिए उपलब्ध कराया गया है, जो अब चर्चा का विषय बन चुका है. इस मॉडल के तहत कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्रों को उनके टाइम टेबल के अनुसार काम दिया जाता है. यह पहल युवा समाजसेवी और थोक-खुदरा सब्जी व्यवसायी भरत प्रसाद के प्रयासों से संभव हुई है.

भरत प्रसाद अपने व्यवसाय "भरत वेजिटेबल" के तहत कॉलेज जाने वाले छात्रों को उनके मनपसंद समय के अनुसार काम प्रदान करते हैं. यदि छात्रों के पास समय है तो वे पूरा दिन काम कर सकते हैं, और अगर समय कम है तो वे आधे घंटे या एक घंटे भी काम कर सकते हैं. इस काम के बदले में उन्हें तत्काल पैसे दिए जाते हैं, जिनका उपयोग वे अपनी ट्यूशन फीस, कॉलेज रेंट या अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कर सकते हैं.

भरत का मानना है कि पैसे की कमी के कारण छात्रों को अपनी पढ़ाई छोड़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए. इस सोच के साथ उन्होंने यह रोजगार मॉडल तैयार किया है, जिससे छात्रों को बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपनी आर्थिक जरूरतें भी पूरी करने का मौका मिलता है.

इसके अलावा, भरत की कंपनी ने अब तक 50 लोगों को रोजगार दिया है. बेरोजगारी से जूझ रहे लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से भरत जल्द ही डेली मार्केट में एक बड़ी मंडी शुरू करने जा रहे हैं. इस मंडी में 4 मैनेजर, 2 कंप्यूटर ऑपरेटर, 6 पर्यवेक्षक और 20 महिला श्रमिकों को रोजगार मिलेगा. इन कर्मचारियों को 6000 रुपये से लेकर 15000 रुपये तक का मासिक वेतन मिलेगा, जो समय और अनुभव के आधार पर बढ़ सकता है. कंपनी द्वारा नौकरी करने वालों को खाने की भी सुविधा दी जाएगी.



## बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, दिया आशीर्वाद

**रांची ।** देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाईयों पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उन्हें चिरायु का आशीर्वाद दिया. भाईयों ने भी बहनों को प्रेम से गले लगाया और उपहार देकर बड़ी बहनों से आशीर्वाद लिया, तो छोटी बहनों को शुभाशीष दिया. रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कई भाई-बहनों ने सुबह में सबसे पहले मंदिर जाकर भगवान के सामने मत्था टेका और इसके बाद घर आकर अपनी बहनों से राखी बंधवाई. उल्लेखनीय है कि हर वर्ष सावन पूर्णिमा के दिन देशभर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है. रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहनों के असीम स्नेह और अनुराग का प्रतीक है.



**आदिल जहीर की बेटी ने बेटे को बांधी राखी :** पुरानी रांची के रहने वाले आदिल ज़हीर के बेटा इज़ान फातेह मिर्ज़ा और बेटी अदिफ़ाह मिर्ज़ा जो डीपीएस सेल टाउनशिप के छात्र हैं. इन्होंने आज रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर अपने भाई को स्नेहपूर्वक राखी (रक्षाबंधन) का सूत बांध कर एवं मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन मनाया. साथ ही भाई ने अपनी बहन को उपहार के स्वरूप में चॉकलेट और कुछ पैसे देकर उसे अपना आशीर्वाद दिया.







रांची में सादगी के साथ मना विश्व आदिवासी दिवस

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि



शुभम संदेश।रांची

शनिवार को पूरी दुनिया में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया. राजधानी रांची में भी इसे हर साल धूम-धाम और भव्यता के साथ मनाया जाता था. रांची में भी इस दिन को खास तरीके से मनाया जाता था, लेकिन दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद इस वर्ष यह दिवस सादगी के साथ मनाया गया. सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल पर आदिवासी संगठनों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस मनाया. इसके बाद आदिवासी संगठनों ने केंद्रीय सरना स्थल से एल्बर्ट एक्का चौक तक एक जुलूस निकाला, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे. यह जुलूस तीर-धनुष, मंदर और हाथों में बैनर लेकर बड़ी ही सादगी से निकाला गया. जुलूस में शामिल लोग पोस्टर भी लिए हुए थे, जिनमें नारे लिखे थे, जैसे 'निकलो घर मकानों से, जंग लड़ो बेईमानों से.' यह दिन आदिवासी समाज के लिए विशेष महत्व रखता है और यह उनका संघर्ष और पहचान का प्रतीक है.

### मीटिंग सह स्नेह मिलन कार्यक्रम आज रांची में

**रांची।** कर्ण कायस्थ महासभा की बैठक सह स्नेह मिलन कार्यक्रम कर्ण कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश द्वारा रांची में 10 अगस्त को अपराह्न 3:00 बजे से करने का निर्णय लिया गया है। इस मीटिंग सह स्नेह मिलन कार्यक्रम में कर्ण समाज में जो शैक्षणिक, आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से पिछड़े लोग हैं, उनका उत्थान कैसे हो,इस पर विचार विमर्श किया जाएगा. रांची और उसके आसपास के सभी कर्ण परिवार के सदस्यों से आग्रह है कि कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें. यह जानकारी कायस्थ महासभा की झारखंड राज्य की महासचिव निर्मला कर्ण ने दी है.

मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव की खेती-किसानी का लिया जायजा, कहा

# गांव के विकास से ही राज्य का विकास संभव





शुभम संदेश।रांची

हरे-भरे खेत, पेड़ों की लहराती टहनियां, नीले आसमान के नीचे फैली हरियाली और मिट्टी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव नेमरा. गांव की पगडंडियों पर चलते हुए मुख्यमंत्री ने न केवल धान रोपनी में लगे किसानों-महिलाओं के साथ बातचीत की, बल्कि प्रकृति के इस अद्भुत सौंदर्य को निहारते हुए बचपन की यादें भी ताजा कीं. उन्होंने नेमरा के बरमसिया और बड़का नदी दोईन में किसानों से बात-चीत करते हुए कहा कि स्थानीय तौर पर बारिश के पानी का खेती के लिए इस्तेमाल किए जाने के बहुत फायदे हैं. उन्होंने किसानों से कहा कि छोटी बरसाती नदी के पानी को चेक डैम के जरिए खेतों तक पहुंचाने की सरकार की योजना का लाभ लें. स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर अपनी खेती की बेहतरी से अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास करें. सरकार आपके साथ खड़ी है, आपकी मदद के लिए तत्पर है. उन्होंने कहा कि प्रकृति के ऐसे नजारों को देखने के लिए लोग दूर-दूर देशों तक घूमने जाते हैं. अपने झारखंड के गांवों में तमाम ऐसे दृश्य प्रकृति ने बिखेर रखा है. हम सबों को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सजग रहने की जरूरत है. इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों से लंबी बातचीत की. उन्होंने खेती-बाड़ी की मौजूदा स्थिति, बारिश के हालात, खाद और बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली. किसानों ने भी खुले मन से अपनी समस्याएं और सुझाव रखे. ग्रामीणों के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही है. हमारी सरकार किसानों के हित में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है. सरकार गांव के विकास, सड़क, सिंचाई और शिक्षा सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत है. इस दौरान नेमरा के रविदास सोरेन, बिरजू सोरेन, दिलका सोरेन, विश्वनाथ बेसरा और परमेश्वर सोरेन मुख्यमंत्री के साथ थे.

## एक नजर

### आरबीआई के डिप्टी-गवर्नर ने ओरमांझी में वित्तीय शिविर का लिया जायजा

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी-गवर्नर एम राजेश्वर राव ने शनिवार को रांची के ओरमांझी ग्राम पंचायत का दौरा कर वहां लोगों को मिल रही वित्तीय सुविधाओं का जायजा लिया. उनके साथ आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, बैंकिंग ओम्बड्समैन मनोज रंजन, बीओआइ के महाप्रबंधक गुरुप्रसाद गोंड, एसएलबीसी झारखंड सहित आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. इस दौरे का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय पहुंच को प्रोत्साहित करना, ग्राहकों को मिल रही सेवाओं का मूल्यांकन करना और उन्हें जागरूक करना है. शिविर में डिप्टी-गवर्नर राव ने कहा कि यह प्रयास लोगों से जुड़ने का एक माध्यम है. हम यह सुनिश्चित करने आये हैं कि कोई भी ग्राहक अपने वित्तीय अधिकार और लाभ से वंचित न रहे. आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने बताया कि अक्तूबर 2024 से अब तक 12 लाख से अधिक खातों की पुनः केवाइसी प्रक्रिया पूरी की गयी है. इस दौरान बैंकिंग सुविधाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया है.

### श्रावण पूर्णिमा पर श्री राधा-कृष्ण मंदिर में दिखा भक्ति-उल्लास का संगम



**रांची।** राजधानी रांची में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा-कृष्ण मंदिर, पुंदाग में श्रावण पूर्णिमा का पर्व शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना में शामिल हुए. पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई और भव्य श्रृंगार के पश्चात अलौकिक रूप में उन्होंने भगवान के दर्शन कराए.पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई और भव्य श्रृंगार के पश्चात अलौकिक रूप में भगवान के दर्शन कराया. भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ मंदिर प्रांगण भक्ति-भाव से गूंज उठा. ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने श्रावण पूर्णिमा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि यह दिन भगवान शिव, रक्षाबंधन और वेदों के ज्ञान से जुड़ा है. इसी दिन ऋषि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का विभाजन कर मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया.

### नाग देवता शिव मंदिर में की गईं दिव्य गंगा आरती

**रांची।** राजधानी के रिंग रोड, सुभाष मुंडा चौक (दलादली चौक) समीप नाग देवता मंदिर परिसर में नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दिव्य आरती को बनारस से आए गंगायात्री टीम ने संपन्न कराया. इस अवसर पर नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के सचिव सह पूर्व रातू प्रमुख सुरेश मुंडा, कोषाध्यक्ष रामभरोस महतो, दलादली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुधीर महतो, सचिव अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय राय, राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, रामाशीष शर्मा, अशोक दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रावण मास के समापन के अवसर पर गंगायात्री पीयूष पाठक, आरतीकर्ता कमल नयन मिश्रा, डमरू वादक राजन पांडेय की ओर से गंगा आरती की गई.

### धुर्वा थाने में दुर्गा वाहिनी का रक्षाबंधन कार्यक्रम



**रांची।** रक्षाबंधन के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी रांची महानगर के द्वारा धुर्वा थाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा धुर्वा थाना के भाइयों को राखी बांधा गया मंगलदीप दिखाकर मिठाई खिलाई गई. दुर्गा वाहिनी रांची महानगर संयोजिका साक्षी सिंह के साथ साथ, मंजू सिंह, केशव नगर के मंत्री अजय बैठा, कलावती देवी, नेहा कुमारी, माया सिंह, संतोषी गुप्ता सहित कई बहनें उपस्थिति रहीं.

राज्य में संस्कृत विद्यालय एवं शिक्षकों की घोर कमी

## झारखंड में संस्कृत भाषा के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार: धर्मेंद्र तिवारी

शुभम संदेश।रांची



जदयू के वरिष्ठ नेता, धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि झारखंड में संस्कृत भाषा के विद्यार्थियों को न तो स्कूल और न ही शिक्षक नसीब हो रहे हैं. उन्होंने संस्कृत दिवस के मौके पर कहा कि राज्य में मात्र तीन ही अंगीभूत डिग्री संस्कृत कॉलेज हैं, उनमें से सबसे प्रमुख किशोरगंज स्थित संस्कृत स्कूल है, जो लगभग 100 वर्ष पुरानी है. इस विद्यालय की हालत अत्यंत ही दयनीय है. इस संस्कृत कॉलेज में उप शास्त्री (इंटर) में नामांकन बंद है और संस्कृत की पढ़ाई भी बंद है. साथ ही इस 100 वर्ष पुराने विद्यालय के परिसर में अवैध कब्जा और अतिक्रमण भी हो रहा है. मगर शिक्षा विभाग इससे अनजान बन बैठा है. धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि एक तरफ तो सरकार सभी भाषाओं को समान रूप से शिक्षा देने की बात करती है, मगर संस्कृत के साथ भेदभाव बरतती है, इसके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जो अनुचित है. उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व के प्राचीनतम भाषा में से एक है और इसकी जननी भारत देश है. संस्कृत भाषा को देव भाषा की गरिमा से संबोधित किया जाता है, किन्तु झारखंड में यह भाषा काफी उपेक्षित है, झारखंड में संस्कृत भाषा कराह नहीं रही है, बल्कि मृतप्राय हो गयी है, जिससे सनातन संस्कृति को मानने वालों को ग्लानि महसूस होती है. उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि संस्कृत भाषा के उत्थान पर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए. शिक्षा विभाग को इसके नियमित पठन-पाठन के लिए प्रखण्ड स्तर पर संस्कृत विद्यालयों की स्थापना एवं संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति करानी चाहिए, किन्तु दुर्भाग्य से यह अब तक नहीं हो पाया है. तिवारी ने शिक्षा विभाग एवं राज्य सरकार मांग किया कि देव भाषा संस्कृत अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी अपनी पहचान बनाए रख सके.

## बेजुबान प्राणियों को राखी बांधकर समाज को दिया अनूठा संदेश

शुभम संदेश।रांची



झारखंड की राजधानी रांची के पिस्का मोड़ निवासी एक नौ वर्षीय बच्ची ने रक्षाबंधन के त्योहार को एक अलग ही अर्थ दे दिया है. इस बच्ची ने बेजुबान प्राणियों को राखी बांध कर उनकी जीवनपर्यंत रक्षा करने का संकल्प लिया है. रांची की नौ वर्षीय बच्ची कायरा मित्रा कुछ सालों से बेजुबान प्राणियों को रक्षासूत्र बांधती आ रही है, लिहाज अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी उसने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने घर में मौजूद कुत्तों को राखी बांधी और समाज में प्यार का अनोखा मिसाल पेश की. दरअसल, कायरा के पिता कमलेश कुमार मिश्रा पेशे से पत्रकार हैं, जबकि उसकी माँ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सहायक जनसंपर्क अधिकारी हैं. कायरा को बेजुबानों से प्रेम की यह सीख अपने माता-पिता से ही मिली है. उनके घर में इस समय 10 जानवर हैं, जिन्हें कायरा के माता-पिता सड़कों और गली-मोहल्लों से जख्मी अवस्था में उठाकर लाए हैं. सड़कों पर पड़े इन बेजुबानों को घर में लाकर पनाह दी गयी है.

कायरा कहती हैं कि रक्षाबंधन पर भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर हम सभी उनसे रक्षा का बचन लेते हैं। लेकिन इन बेजुबानों की रक्षा कौन करेगा? इसी सोच के साथ उन्होंने हर रक्षाबंधन पर इन बेजुबानों को राखी बांधने और जीवनभर ख़याल रखने का संपल्प लिया है।

कायरा की मां पूजा मिश्रा यह बताते हुए गर्व महसूस करती हैं कि उनकी बेटी ने एक संवेदनशील सोच को अपनाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भी इंसानों के साथ-साथ बेजुबान प्राणियों की रक्षा और देखभाल करने का संपल्प लेना चाहिए।

**आयोजन :** कांग्रेस ने रांची में मनाया अगस्त क्रांति दिवस

## करो या मरो का नारा, दी स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा : कमलेश

शुभम संदेश।रांची



अगस्त क्रांति दिवस और विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रदेश मुख्यालय कांग्रेस भवन में शनिवार को किया गया. इस क्रम में अगस्त क्रांति दिवस का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका पर प्रकाश डाला गया और स्वतंत्रता आंदोलन के विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. साथ ही साथ आदिवासी समुदाय को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी गई. इस अवसर पर कमलेश ने कहा कि करो या मरो का नारा आज ही के दिन दिया गया था जिसने लोगों में ऊर्जा का संचार करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दशा और दिशा दी थी, एक नया रास्ता दिखाने का काम किया था. उसके बाद आंदोलन ने जोर पकड़ा. स्वतंत्रता आंदोलन की वेदी ने हमारे कई महान विभूतियों की बलि ली, आज का दिन उन विभूतियों को याद करने का दिन है. उन्होंने कहा कि देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की तुलना कभी नहीं की जा सकती. आज ही के दिन महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर आजादी की दिशा में एक निर्णायक आंदोलन तय किया था.

विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कमलेश ने कहा कि आज पूरे विश्व में आदिवासी समुदाय अपने हक अधिकार अस्मिता और पहचान अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ रहा है वह स्वागत योग्य है. आदिवासी समाज आज एक जागरूक समाज है. सामाजिक परिवेश में आज उनकी अहम भूमिका है. प्रकृति और मनुष्य के बीच की एक अहम कड़ी आदिवासी समुदाय है जिसने जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प सदियों पहले लिया था जिसे वह आज तक निभा रहे हैं. समाज में समुदाय की भूमिका को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में समुदाय को अपनी विशिष्ट पहचान के साथ रहने और उसकी सुरक्षा के लिए विश्व आदिवासी दिवस की घोषणा की थी.

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने आजादी में मिल के पत्थर की भूमिका अदा की थी जिसमें समाज के हर तबके जाति, धर्म, युवा, बुजुर्ग महिलाओं ने सर्वस्व बलिदान कर आंदोलन को गति प्रदान की जिसका परिणाम अंग्रेजी हुकूमत की हार और भारत की आजादी के रूप में सामने आया. उन्होंने आदिवासी समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर झारखंड के निर्माण तक आदिवासी समुदाय ने अपनी भूमिका पुरजोर तरीके से अदा की थी. आदिवासी समाज के बिरसा मुंडा सिद्धू कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो सहित कई वीरों ने आजादी के लिए अपना बलिदान दिया. कार्यक्रम में अनादी ब्रह्म राकेश सिन्हा,विनय सिन्हा दीपू,सोनाल शांति,अभिलाष साहू,गजेंद्र सिंह, जगदीश साहू राजन वर्मा,राज वर्मा,अइनुल हक अंसारी, चंद्र रश्मि पिंगुआ सहित अन्य उपस्थित थे.

साइबर क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया डिजिटल अरेस्ट वाले का खेल

## गिरोह के सरगना के साथ हो गया बड़ा खेल

शुभम संदेश।रांची



चीन के साइबर ठगों को इंफॉर्मेशन देने वाले 7 एजेंट को राजधानी रांची से बीते 4 जुलाई, को ओलिव गार्डन होटल से गिरफ्तार किया गया था. इनके द्वारा होटल में संगठित साइबर आपराधिक गिरोह के तौर पर काम किया जा रहा था. अब इस गिरोह के किंगपिन सन्नी यादव को साइबर क्राइम ब्रांच ने भी गिरफ्तार कर लिया है. इसकी गिरफ्तारी राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से की गई है.

### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

साइबर क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित ओलिव गार्डन होटल में एक संगठित साइबर गिरोह का सरगना आया है. जो इन्वेस्टमेंट स्कैन और डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से धोखाधड़ी की गतिविधियों में लिप्त होकर गिरोह का संचालन कर रहा था. इसके द्वारा म्यूअल बैंक खातों की व्यवस्था कर चीनी ठगो से मिली भगत से अवैध ट्रांजैक्शन किया जाता था. पुलिस इसे बड़ी सफलता मानकर चल रही है.

### मास्टर माइंड गिरफ्तार

इसी सूचना पर झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के किंगपिन सन्नी यादव को गिरफ्तार किया है. इसके बैंक खातों के विरुद्ध कई राज्यों में मामला दर्ज है. जो नेशनल साइबर क्राइम कंट्रोल पोर्टल में भी दर्ज है. पूर्व में इस गिरोह के कुमार दीपक, लखन चौरसिया, कुमार सौरभ, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, शिवम कुमार, प्रभात कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है. झारखंड पुलिस साइबर फ्रॉड करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है. इतना ही नहीं, लगातार उन पर नजर भी रखने लगी है. पुलिस के इस प्रयास से ठगी में कमी आ रही है.

## ब्रीफ न्यूज

### एकल अभियान का आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 18 से 25 तक

**लातेहार।** एकल अभियान का आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आगामी 18 से 25 अगस्त तक शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर मे किया जायेगा. इस आशय की जानकारी अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने दी. श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचमुखी आयाम के तहत बच्चों को प्राथमिक शिक्षा, अरोग शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, स्वाभिमान, जागरण शिक्षा संस्कार शिक्षा देने बच्चों को बेहतर बनाना ही एकल अभियान का उदेश्य है. आज हमारे समाज में निचले इकाई का शिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है. निचले इकाई के बच्चों को बेहतर शिक्षा दे कर उनके सामाजिक व सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने के लिए प्रेरित करना ही हम सबों का उदेश्य है.

### बरवाडीह के नए सीओ ने दिया अपना योगदान

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचल कार्यालय के नए अंचलाधिकारी के रूप में लोकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को योगदान कर दिया. योगदान करने के साथ उन्होंने निवर्तमान अंचल अधिकारी मनोज कुमार से प्रभार ग्रहण किया. अंचलाधिकारी के योगदान करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और अंचल के कर्मियों के द्वारा बुके भेंट करके स्वागत करने के साथ निवर्तमान अंचल अधिकारी मनोज कुमार को विदाई दी गई. प्रभार ग्रहण करने के बाद अंचल अधिकारी लोकेश सिंह ने अंचल के हलका कर्मियों एवं कार्यालय कर्मियों के साथ बैठक करते हुए अंचल के भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली.

### आदिवासी दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गांवों का दौरा

**खूंटी।** जिला कांग्रेस कमेटी कें कार्यकर्ताओं ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न आदिवासी गांवों का दौरा किया . गांवों की समस्याओं से अवगत हुए. गांव के लोगों का कहना है कि रोड नहीं रहने के कारण बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है. बरसात के दिनों में स्वास्थ्य संबंधी भी समस्याएं हैं. अभी सरकार की ओर से जो वन पट्टा दिया जाएगा. उन व्यक्तियों से भी मिलकर सत्यापन किया गया.मुरहू प्रखंड अंतर्गत जाते हासाबेड़ा, मामईल, बिंदा, गुल्लू और रूमत्काल गांव का दौरा किया गया. इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य शाह कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील संगा, कांग्रेस के जिला महासचिव सयूम अंसारी, जिला सचिव साबिर अंसारी, अलोक रितेश डुंगडुंग, रोशन सोए, मूरूम वीर सिंह मुंडा सहित अन्य लोगों ने भ्रमण कर गांव की समस्याओं से अवगत हुए.

हजारों बहनों ने भाजपा नेता रामाशीष यादव को बांधी राखी, उन्होंने कहा

# विश्रामपुर की बहनों को सुरक्षा देना मेरा कर्तव्य

**शुभम संदेश। उंटारी रोड (पलामू)**



श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भाजपा नेता रामाशीष यादव के सिडहा स्थित पैतृक आवास पर भव्य रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया. इस आयोजन ने एक बार फिर पिछले वर्ष का रिकॉर्ड दोहराते हुए हजारों बहनों के एक साथ राखी बांधने के दृश्य को सजीव कर दिया. यह कार्यक्रम भाईचारे, स्नेह और सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण बन गया. सुबह से ही विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों एवं दूर-दराज के गांवों से बहनों का जत्था कार्यक्रम स्थल पर पहुंचता रहा. राखी बांधने के दौरान बहनों ने अपने भावनात्मक शब्दों और आशीर्वाद से माहौल को आत्मीयता से भर दिया. यह दृश्य न केवल एक पारिवारिक पर्व का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी देता रहा.इस अवसर पर रामाशीष यादव ने कहा, "विश्रामपुर की बहनों का यह असीम प्रेम और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है. मैं पुनः संकल्प लेता हूं कि उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष करता रहूंगा. महिला सशक्तिकरण केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता से भी संभव है." उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के बीच नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आर्थिक मजबूती देना उनका प्रमुख लक्ष्य है, जिसे वे शीघ्र ही धरातल पर लाने के लिए कटिबद्ध हैं. रामाशीष यादव के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोग भी शामिल हुए. शिक्षक विजय यादव, पिन्टू कुमार, परशु राम, प्रिंस ठाकुर, सुशील कुमार, सुशील यादव, बिजय प्रजापति, योगेन्द्र मेहता, अखिलेश राम, अमरेश पाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे. बहनों के लिए विशेष स्वागत, सत्कार और सम्मान की व्यवस्था की गई थी. कार्यक्रम का समापन 'बहन-भाई के रिश्ते की मजबूती और समाज में आपसी सद्भाव' के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ. यह आयोजन विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक एकता और नारी सम्मान की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है.

### सदर थानेदार सस्पेंड, नए थाना प्रभारी की तैनाती

**पलामू।** जिले के सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता को एक दलित महिला से दुष्कर्म मामले में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया है. आरोप है कि उन्होंने मामले को दबाने की कोशिश की और एक एएसआई को जांच सौंप दी, जबकि नियमानुसार जांच सब-इंस्पेक्टर या उससे ऊपर के अधिकारी को करनी चाहिए थी. वीडियो वायरल होने और शिकायत के बाद जून में एफआईआर दर्ज हुई. जांच में लापरवाही की पुष्टि होने पर एसपी रीष्मा रमेशन ने यह कार्रवाई की. संतोष गुप्ता 2018 बैच के अधिकारी हैं और छह माह पहले सदर थाने में पदस्थापित हुए थे. अब उनकी जगह एसआई लालजी को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है. वे भी 2018 बैच के अधिकारी हैं और पूर्व में पाटन थाना में प्रभारी के रूप में कार्यरत थे.

## एक नजर

### करकट वार्ड नंबर 1 में कचरे का अंबार, लोग परेशान



**लातेहार।** करकट वार्ड नंबर 1 स्थित इमामबाड़ा के सामने पिछले लगभग एक माह से कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है. क्षेत्र के निवासी डॉ. मुफ्ती मोहसिन आजम अमजदी ने नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर आयुक्त को लिखित आवेदन देकर तत्काल सफाई की मांग की है.उन्होंने बताया कि लंबे समय से कचरा नहीं उठने के कारण इलाके में बदबू फैल रही है. गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मलेरिया, टाइफाइड और कालरा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है. आसपास से गुजरने वाले लोगों को भी दुर्गंध के कारण परेशानी हो रही है. क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो गई है. नियमित सफाई और कचरा निस्तारण की व्यवस्था नहीं होने से नालियां भी जाम हो रही हैं और बरसात में गंदा पानी घरों के सामने भरने का खतरा है. लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ किया जाए, ताकि बीमारी और संक्रमण से बचाव हो सके.

### एबीवीपी ने जवानों के सम्मान में किया राखी कार्यक्रम



लातेहार। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा लातेहार थाना में हमारे देश के वीर जवानों के सम्मान में राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला संयोजक मुकेश यादव एवं नगर मंत्री नीरज यादव के नेतृत्व में एबीवीपी के छात्र कार्यकर्ताओं व बहनों ने जवानों को राखी बाँधकर उनके साहस, समर्पण और देशभक्ति के प्रति आभार प्रकट किया. यह कार्यक्रम हमारे समाज में भाई-बहन के प्रेम के साथ-साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले जवानों के प्रति सम्मान की भावना को और सशक्त करता है.

### सीआरपीएफ 11वीं बटालियन कैंप में रक्षाबंधन मना



**लातेहार।** शहर के किनामाड़ स्थित सीआरपीएफ 11वीं बटालियन कैंप में रक्षाबन्धन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस संबंध में कमांडेंट याद राम बुनकर ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत श्अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारी एवं कार्मिकों ने भाई-बहन के स्नेहबन्धन त्योहार रक्षाबन्धन को हर्ष उल्लास के साथ मनाया। उन्होने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत हम सब अपनी खुशियों को सभी के साथ साझा करना है। इसी क्रम में शनिवार को चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, जिसमें प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु कमांण्डेन्ट द्वारा पुरस्कृत किया गया । इधर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्याल के बहनों द्वारा जवानों को राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की तथा जवानों द्वारा उनकी रक्षा हमेशा करने की प्रतिज्ञा के साथ रक्षाबन्धन त्योहार मनाया। इधर लातेहार थाना परिसर में भी विश्वविद्याल के बहनों द्वारा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो समेत अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की । फलस्वरूप पुलिसकर्मियों ने राखी बांधने वाली बहनों को उपहार दिया और उनके रक्षा का संकल्प लिया.

# बरवाडीह में हर्षोल्लास के साथ मना विश्व आदिवासी दिवस




**शुभम संदेश। बरवाडीह (लातेहार)**

शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर संयुक्त ग्रामसभा मंच बरवाडीह के तत्वधान में पुराना प्रखंड कार्यालय स्थित नरेगा सहायता केंद्र के प्रांगण में आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. साथ ही रंगारंग आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. आदिवासी दिवस की शुरुआत झांकी निकाल कर की गई, जिसमें सभी सांस्कृतिक टीम के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण बस स्टैंड से लेकर बाजार होते हुए जल जंगल जमीन हमारा है, विश्व के आदिवासी एक हों जैसे नारों के साथ, रेलवे क्वार्टर से होते हुए पुनः पुराने प्रखण्ड परिसर पहुंचा.

तत्पश्चात भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण जिप सदस्य कन्हाई सिंह एवं सभी ग्रामप्रधान के द्वारा संयुक्त रूप से की गई. सत्र की शुरुआत में जेम्स हेरेंज के द्वारा आदिवासियों के इतिहास को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा गया कि, आदिवासी विश्व के सबसे पुराने लोग हैं, जिन्हें एथनिक समाज कहा जाता है. एथनिक समाज वैसे लोगों के समूह को कहा जाता है, जिनकी अपनी पहचान, संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज और परंपराएं होती हैं, जो उन्हें मुख्यधारा के समाज से अलग बनाती हैं. संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में इस एथनिक समाज को अपनी विशिष्ट पहचान के साथ रहने देने और उसकी सुरक्षा के लिए विश्व आदिवासी दिवस मनाने की शुरुआत की थी. आज भी जब विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन होता है, तो इस बात पर बहस जरूर होती है कि क्या आदिवासियों को उनका हक मिल रहा है या उन्हें अपनी विशिष्ट पहचान से दूर किया जा रहा है. वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर, हम सब यहां एकत्रित हुए हैं ताकि आदिवासी समुदाय की समृद्ध संस्कृति, उनकी विरासत और उनके योगदान को पहचान सकें. आदिवासी समुदाय ने सदैव अपनी प्रकृति के प्रति समर्पण और संवेदनशीलता का प्रदर्शन किया है. उनकी जीवनशैली और ज्ञान ने हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने और उसे संरक्षित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया है.

उन्होंने कहा कि आज के दिन, हमें आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी भलाई के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है. हमें उनकी आवाज सुननी होगी, उनकी जरूरतों को समझना होगा और उनके साथ मिलकर एक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की दिशा में काम करना होगा. आइए, हम सब मिलकर आदिवासी समुदाय के उत्थान और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं. हमें उनकी संस्कृति और विरासत का सम्मान करना होगा और उनके अधिकारों की रक्षा करनी होगी.

### संत जेवियर्स महाविद्यालय में पूरे धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**लातेहार।** आदिवासी दिवस आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का प्रतीक है-डॉ. फादर एम. के. जोशआदिवासी दिवस आदिवासी समुदायों के योगदान और समृद्ध विरासत को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है-डॉ. फादर समीर टोप्पोमहुआडांड़( लातेहार) संत जेवियर्स महाविद्यालय के सभागार में आज दिनांक 09/08/24 को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गय. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य फादर डॉ. एम. के. जोश, उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो, फादर राजीप तिर्की, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर रोज एलिस बारला के दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ किया गया. महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस दिन को ख़ास व यादगार बनाने हेतु सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें नागपुरी नृत्य, सादरी नृत्य, खोरठा नृत्य, संथाली नृत्य इत्यादि रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया. विद्यार्थियों ने आदिवासी परंपरा को प्रदर्शित करने हेतु विभिन्न प्रकार के आदिवासी नृत्य किए जैसे झूमर नृत्य, छऊ , पाइका , डोमकच जो जनजातियों की अनूठी परंपराओं और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा जो जनजातियों के जीवन में महत्वपूर्ण घटनाओं को चिह्नित करने के लिए किए जाते हैं. हो, संथाल, मुंडा, भूमिज, माहली, खड़िया, गोंड, उरांव, बिरजिया , पहाड़िया समेत अन्य आदिवासी जनजातीय समाज के लोगों के जीवन, उनके पारंपरिक वाद्य यंत्र, भाषा, ज़मीन व जंगल के साथ उनका संबंध , प्रकृति के प्रति स्नेह व संस्कृति व परंपरा को विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कलाओं के माध्यम से स्टेज पर चित्रण व प्रदर्शित किया.

### आदिवासियत से बची है जल, जंगल, जमीन व पहाड़ का अस्तित्वः सोमा उरांव



**बालूमाथ (लातेहार)।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में बालूमाथ के जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव व पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ शामिल हुए. सर्वप्रथम जुलूस के शक्ल में बालूमाथ स्थित हाइस्कूल से सैकड़ों की संख्या में झारखंड की संस्कृति के प्रतीक लाल पाढ साड़ी में पारंपरिक गीत पर थिरकती महिलाएं व विशाल जनसमूह हाथों में तख्तियां लिए जिसपर आदिवासी समुदाय से जुड़े स्लोगन लिखे थे लेकर गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. जहां सबसे पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. आदिवासी महापुरुषों बिरसा मुंडा, कार्तिक उरांव, वीर बुधु भगत, नीलांबर पीताम्बर व शिबू सोरेन के चित्रों पर मल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर आदिवासी समुदाय के लिए उनके योगदान को याद किया गया. मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने अपने सम्बोधन में कहा कि दुनिया भले जितनी तरक्की कर ले. प्रकृति के पूजक आदिवासियों के कारण ही जल,जंगल, जमीन व पहाड़ का अस्तित्व बचा हुआ है. उन्होंने आदिवासी संस्कृति, सभ्यता को आज के समय सबसे ज्यादा प्रासंगिक बताते हुए उसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास कि आवश्यकता पर बल दिया.

# पलामू रेंज में स्पेशल ड्राइव चलाकर 88 अपराधी गिरफ्तार

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर (पलामू)**

पलामू प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर के निर्देश पर पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों में चलाए गए विशेष अभियान (स्पेशल ड्राइव) के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. तीनों जिलों में 88 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. वहीं, 15 शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. इस अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, आपराधिक तत्वों पर नकेल कसना और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना था. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह ड्राइव पूरी तरह टारगेटेड और इंटेलिजेंस आधारित थी, जिसमें सभी थानों की सक्रिय भूमिका रही. **तीन जिलों में एक साथ चला ऑपरेशन :** आईजी सुनील भास्कर के नेतृत्व में तीनों जिलों के एसपी और डीएसपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि वे थाना क्षेत्रवार वांछित अपराधियों, बेल जम्परों, वारंटियों और सक्रिय गैंग के सदस्यों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई करें. इसके बाद सभी जिलों में 24 से 72 घंटे तक विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया गया.इस ऑपरेशन के तहत जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से 88 अपराधी गिरफ्तार किए गए. 15 गैंगस्टरों पर झारखंड गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कर विधिवत कार्रवाई शुरू की गई. कई पुराने मामलों के फरार अभियुक्तों को दबोचा गया. **अपराधियों को नहीं मिलेगा कोई छूट-आईजी :** आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि तीनों जिलों में सक्रिय अपराधियों की लिस्ट बनाकर यह स्पेशल ड्राइव शुरू किया गया था. हमारी प्राथमिकता है कि हर हाल में कानून व्यवस्था कायम रहे. अपराधी या असामाजिक तत्व अब पुलिस की नजर से नहीं बच सकते.

# विश्व आदिवासी दिवस पर शोभायात्रा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**शुभम संदेश। महुआडांड़(लातेहार)**



महुआडांड़ विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छेछाड़ी आदिवासी जागृति मंच महुआडांड़ के तत्वावधान में पकरीपाठ में भव्य शोभायात्रा सह श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत महुआडाँड़ के शहीद चौक, रेजिडेंशियल स्कूल, बिरसा चौक एवं ब्लॉक परिसर स्थित जीतू किसान एवं मीठू किसान की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर आदिवासी पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई. तत्पश्चात शोभायात्रा सह श्रद्धांजलि जुलूस 27 किमी की दूरी तय कर पकरीपाठ स्थित कार्यक्रम स्थल पहुँचा, जहाँ पारंपरिक आदिवासी विधि-विधान के साथ पाहान और बैगा द्वारा पूजा-अर्चना की गई. इस अवसर पर बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर आदिवासी एकता, परंपरा और अधिकारों पर विचार-विमर्श किया गया. कार्यक्रम का संचालन प्रवीण एक्का ने किया. मुख्य अतिथियों में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह,इस्तेखार अहमद प्रमुख मुखिया मगदली, डॉ. संतोष कुजूर, रामनरेश ठाकुर,मंदीप मिंज, बिनय बरवा, अजित एक्का, अमित खलखो, बिनोद टोप्पो, प्रदीप उराँव, मंगल उराँव, मंगल नगेसिया, विजय नगेसिया सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे.इस अवसर पर ₹आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो₹ का संदेश गूंजा और विश्व आदिवासी दिवस को केवल उत्सव नहीं, बल्कि संविधान, संस्कृति और चेतना के संरक्षण का संकल्प दिवस बताया गया.झारखंड निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित जनसमूह ने उनके आदिवासी संघर्षों को याद किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया.इधर 21 पड़हा समिति चटकपुर में आदिवासी नेता अजीत पाल कुजूर के नेतृत्व मे आदिवासी दिवस पर संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया .जिसमे दर्जनो गाँव ने भाग लिए

# महुआडांड़ में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**शुभम संदेश। महुआडांड़**

**महुआडांड़ (लातेहार)** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया. बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया. त्योहार को लेकर सुबह से ही मंदिरों में भारी भीड़ रही. पूजा की थाली में रंग बिरंगी राखियां लिए बहनों ने मंदिर में पूजा अर्चना कर भाई के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना के साथ पूजा अर्चना किया. जिसके पश्चात अपने-अपने भाइयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए स्नेह का धागा भाइयों की कलाई पर बांधा. इस दौरान भाइयों ने भी जी खोल कर अपने बहनों को उपहार दिए और साथ ही जन्म जन्म तक साथ निभाने का वादा किया. वही जिन बहनों के भाई दुर बाहर में रहते हैं, और जिनकी राखी उनके भाइयों के कलाई तक नहीं पहुंच सकी, उन बहनों ने भी मंदिर में पहुंचकर भगवान को रक्षा सूत्र अर्पित किया. रक्षाबंधन पर बाजारों में भी रौनक रही. रंग बिरंगी राखियों से सजे दुकानों में काफी भीड़ देखी गई. वहीं मिष्ठान की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़ दिखी.

**कार्रवाई** लंगरकोट में बाइक चोरी का मामला सामने आया

# पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल के साथ 3 लोगों को पकड़ा

- एक फरार अभियुक्त तीन मुहान से गिरफ्तार

**पवन कुमार सिंह। हुसैनाबाद**



गत 08 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लंगरकोट पहाड़ी मंदिर के नीचे से बिना नंबर प्लेट की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर एक व्यक्ति विशुनपुर गांव की ओर घूम रहा है. सूचना पर वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए संध्या गश्ती पर तैनात पुलिस दल को कार्रवाई के निर्देश दिए गए.जांच के क्रम में विशुनपुर गांव के तीनमुहान पर एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध अवस्था में मिला. पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन बल की मदद से उसे पकड़ लिया गया. पूछताछ में युवक ने अपना नाम अभय कुमार (20 वर्ष), ग्राम ढेलहा बताया और चोरी की वारदात में अपने दो दोस्तों के शामिल होने की बात स्वीकार की.अभय कुमार की निशानदेही पर कुल तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गईं-दो हीरो स्प्लेंडर और एक हीरो सीडी डीलक्स. पुलिस ने अभय कुमार के अलावा दो नाबालिगों, प्रिंस कुमार चौधरी (15 वर्ष) और साहिल अंसारी (15 वर्ष) को भी निरुद्ध किया. जबकि एक अन्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ छोटू सिंह फरार है. पुलिस ने हुसैनाबाद थाना कांड संख्या-192/2025, दिनांक 08.08.2025, धाराओं 303(2)/317(5)/3(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त और निरुद्ध किशोरों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.उक्त छापेमारी दल में हुसैनाबाद के पु.नि. सोनू कुमार चौधरी, अ.नि. रमण यादव, बबलू कुमार, बिरेन्द्र कुमार मेहता, मुकेश कुमार सिंह, कमल किशोर पाण्डेय, आरक्षी हरिन्द्र राम, रमेश कुमार नट, सुरेन्द्र पाल शामिल थे.

# रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया

**शुभम संदेश। लातेहार**



लातेहार शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके धूमधाम के साथ मनाया गया. सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली. राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर महिलाओं और बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी. बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का वचन दिया. शहर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन का उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. कई सामाजिक संगठनों और स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां बच्चों ने राखी बांधकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया. जेल परिसर में कैदियों और पुलिस कर्मियों के बीच भी राखी बांधने का आयोजन हुआ, जिससे एक भावुक माहौल बना. त्योहार को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई थी. मिठाई की दुकानों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया. इस अवसर पर भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और प्रेम का अनूठा नजारा पूरे जिले में देखने को मिला. रक्षाबंधन ने एक बार फिर लोगों को अपने संबंधों और परंपराओं की अहमियत का एहसास कराया.

## ब्रीफ न्यूज

### महिला महाविद्यालय चतरा में पठन-पाठन शुरू

**चतरा।** महिला महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन में आज पठन-पाठन का औपचारिक शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने मुख्य व्याख्यान दिया, जिसने विद्यार्थियों में उत्साह भर दिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चतरा के विधायक जनार्दन पासवान, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक एवं प्राचार्य डॉ. डी एन राम भी उपस्थित थे. कुलपति ने नई शीला पट्टी का अनावरण कर भवन के उद्घाटन को आधिकारिक रूप दिया. यह महिला महाविद्यालय लंबे समय से चतरा में स्थापित करने की मांग थी, जिसे झारखंड सरकार द्वारा मंजूरी मिलते हुए भवन निर्माण पूरा किया गया.

### बलुरी में करंट लगने से दो गायों की मौत

**चतरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुरी गांव के भोक्तौरिया टोला में एक बार फिर बिजली के करंट की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई. शनिवार सुबह करीब 6 बजे हलखोरी रजक अपनी गाय को चराने के लिए लेकर निकले थे. गाय चराते-चराते बिजली के एक पोल के पास पहुंच गई, जहां जमीन में गाड़े गए अर्थ तार में करंट आ गया था. गाय इसी तार के संपर्क में आ गई और करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है. एक सप्ताह पहले भी इसी गांव के विशुन साव की गाय इसी तरह के करंट की चपेट में आकर मर गई थी. बिजली विभाग को इसकी जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई.

### हिरिंग गांव में 25 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के खुंटीकेवाल पंचायत अंतर्गत हिरिंग गांव के आसनाडाहा भुइयां टोला में शनिवार को 25 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर किया. ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को बिजली की भारी समस्या हो रही थी, जिससे बच्चों की पढ़ाई और किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही थी. ग्रामीणों की मांग पर विधायक के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया. इस मौके पर विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में बिजली की किल्लत नहीं होने दी जाएगी. जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर हैं. ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लगने पर हर्ष जताया और विधायक के प्रति आभार प्रकट किया. कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया मौजूद रहे.

### इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का हुआ भव्य शुभारंभ

**रामगढ़।** मारंगमरचा पंचायत अंतर्गत सोंढ स्थित मोटल राज लक्ष्मी के समीप 'आकाश इंटरप्राइजेज' नामक इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन समाजसेवी महेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया. इस अवसर पर महेश सिंह ने कहा कि महंगाई के इस दौर में पेट्रोल मुक्त स्कूटी लोगों के लिए रामबाण साबित हो रही है. यह न केवल किफायती है, बल्कि प्रदूषण मुक्त भी है, जिससे वातावरण स्वच्छ रहेगा. साथ ही इसकी सीमित रफ्तार के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी कम रहती है. शोरूम के प्रोपराइटर आकाश सिंह ने बताया कि यहां ग्राहकों को किफायती दर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि आम लोग इसका लाभ उठा सकें. इस उद्घाटन समारोह में सेवई उत्तरी मुखिया कुलदीप सिंह, सीडी सिंह, आदित्य सिंह, सुजीत सिंह मौजूद थे.

## विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल में भव्य सामूहिक रक्षाबंधन समारोह संपन्न

# राखी निर्माण प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

शुभम संदेश। मरकच्चो (कोडरमा)

रामकृष्ण विवेकानंद एजुकेशनल ट्रस्ट नवादा द्वारा संचालित विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सामूहिक रक्षाबंधन समारोह एवं राखी निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद विद्यालय का प्रांगण भाई-बहन के प्रेम, सौहार्द एवं सांस्कृतिक उल्लास से गूंज उठा. नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र बंधन को जीवंत किया और मिठाइयां खिलाकर आपसी प्रेम का इज़हार किया. छात्राओं ने अपने शिक्षकों को भी राखी बांधकर उनके सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की. राखी निर्माण प्रतियोगिता में राखी



कुमारी, हदिका इरम, दीपा कुमारी, संजना कुमारी, वर्षा कुमारी, इशिका कुमारी, सोनम कुमारी, राधिका कुमारी, रिया कुमारी, श्वेता कुमारी एवं आनंदी कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया. उनके द्वारा बनाई गई राखियाँ न केवल सुंदर थीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी रहीं.

विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश मेहता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत करने एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया गया. वरिष्ठ शिक्षक लालजीत मेहता ने छात्राओं की कारीगरी की प्रशंसा करते हुए आत्मनिर्भरता को शिक्षा का मूल उद्देश्य बताया. विशेष योगदानकर्ता शिक्षक भीमनाथ गोस्वामी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता और सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं. कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैलाश दास, अमित कुमार, सूरज कुमार, भोला मेहता, गौरव कुमार, सूदन कुमार, ललिता मेहता, संध्या मेहता और रितु कुमारी का विशेष योगदान रहा.

### धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**कोडरमा।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शनिवार को जिले भर में पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस पावन अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध ध्वजाधारी आश्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. लोग भगवान का आशीर्वाद लेने और रक्षाबंधन की पूजा-अर्चना के लिए आश्रम पहुंचे. मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा, जहां बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की. वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनके सुखमय जीवन की प्रार्थना की. ध्वजाधारी आश्रम के पुजारियों ने रक्षाबंधन के धार्मिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह पर्व केवल राखी बांधने का नहीं,



बल्कि सुरक्षा, सम्मान और प्रेम का वचन देने का पर्व है. शहर के अन्य क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन की रौनक देखने को मिली. बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल रही और राखी, मिठाई व उपहारों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही.

## स्व. रिझुनाथ चौधरी की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में बोले सुदेश महतो

# वे हम सबों के प्रेरणास्रोत थे

शुभम संदेश। रामगढ़

पूर्व प्रमुख स्व. रिझुनाथ चौधरी की 11वीं पुण्यतिथि शनिवार को चितरपुर के सांडी स्थित उनके आवास में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें उनके बड़े पुत्र बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, छोटे पुत्र ज्योति कुमार चौधरी, पुत्रवधु डॉ. रेखा चौधरी और वीणा देवी शामिल हुए. मौके पर आजसू सुप्रीमो व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.



सुदेश महतो ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. रिझुनाथ चौधरी एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने शिक्षा और श्रमिकों के स्वावलंबन के लिए जीवन भर संघर्ष किया. वे समाज के दबे-कुचले वर्गों की आवाज उठाने वाले नेता थे. उनके विचार और कार्य आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं. गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि स्व. रिझुनाथ चौधरी झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता रहे हैं. उन्होंने हमेशा शोषितों के हक की लड़ाई लड़ी. वहीं बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने बताया कि उनके पिता के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य जारी है. दुलमी और महुआ टांड़ में उनके नाम पर कॉलेज और स्कूल की स्थापना की गई है, ताकि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके.

इस मौके पर सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और पूर्व विधायक सुनीता चौधरी द्वारा सैकड़ों फलदार और छायादार पौधों का वितरण किया गया. उन्होंने कहा कि हरियाली से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा बल्कि लोगों को शुद्ध हवा भी मिलेगी. इसके अलावा रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र में स्व. रिझुनाथ चौधरी धर्मशाला में सैकड़ों गरीबों को भोजन कराया गया. साथ ही जरूरतमंदों के बीच धोती और साड़ी का वितरण भी किया गया.

कार्यक्रम में रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो, समाजसेवी चन्दर महतो, नप उपाध्यक्ष मनोज महतो, पार्षद धनेश्वर महतो, सरस्वती देवी, मुखिया किशुनराम मुंडा, अरविंद सिंह, सुनीता देवी, भानुप्रकाश महतो, पवन शर्मा, अमृतलाल मुंडा, रविंद्र वर्मा, चंद्रशेखर पटवा, सतीश महतो, मलेश्वर नायक, मुकेश सिन्हा, रमेश दांगी, इंतेखाब आलम, अब्दुल हकीम, देवंती देवी, सुशीला देवी, निर्मल महतो समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे.

पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण की झलक देखने को मिली, जो स्व. रिझुनाथ चौधरी के जीवन और सिद्धांतों की सच्ची पहचान थी.

### लालपुर चौक पर जी मार्ट का भव्य उद्घाटन

**हजारीबाग।** बैहरी पंचायत के लालपुर चौक स्थित जी मार्ट का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर सदर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया. मार्ट संचालक सियोब ग़ालिब ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज अली, कर्वेकला पंचायत के सरपंच मुकेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे. उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि जी मार्ट के खुलने से क्षेत्रवासियों को अब दैनिक उपयोग की वस्तुएं स्थानीय स्तर पर ही आसानी से मिल सकेंगी.

### ताराटांड़ कुसमई में भव्य अखंड हरी कीर्तन का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के ग्राम ताराटांड़ कुसमई में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया. इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत विधिवत जल यात्रा से हुई, जिसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष भगवा वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए शिव मंदिर ताराटांड़ कुसमई से पसियाडीह उत्तर वाहिनी नदी तक पहुंचे.

# विश्व आदिवासी दिवस पर चितरपुर में भव्य कार्यक्रम



शुभम संदेश। रामगढ़

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को चितरपुर प्रखंड के एसके नगर स्थित फुटबॉल मैदान के समीप एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान हरिलाल मांझी ने भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, तिलका मांझी और फूलो-झानो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की. मुख्य अतिथि के रूप में हरिलाल मांझी ने कहा कि आदिवासी समाज को अपने हक और अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा. उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि अनुसूचित पांचवीं और छठी अनुसूची के सही क्रियान्वयन से ही आदिवासियों को पूर्ण अधिकार मिल सकेगा. हरिलाल ने यह भी कहा कि आदिवासी समाज को इतिहास में सदैव नजरअंदाज किया गया है और उनकी संस्कृति को उचित सम्मान नहीं मिला है. उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वे अपने पूर्वजों के बताए रास्ते पर चलें और अपने अधिकारों के लिए सतत संघर्ष करें. इस अवसर पर दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई और एक मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया गया. कार्यक्रम का संचालन सुखलाल मुर्मू ने किया. मौके पर छुट्टू मुर्मू, महिलाल सोरेन मौजूद थे.

# टीएसपीसी नक्सली जमादार गंझू हथियार समेत गिरफ्तार

विनोद यादव। चतरा

जिला पुलिस ने चतरा में नक्सलवाद और अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है. लावालौंग थाना क्षेत्र के जंगल से कुख्यात टीएसपीसी नक्सली जमादार गंझू उर्फ पहाड़ी गंझू को भारी मात्रा में हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है. चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने 9 अगस्त को आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी. एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी नक्सली जमादार गंझू खामडीह गांव के पास जंगल में अवैध हथियार के साथ सक्रिय है और टीएसपीसी के नाम पर लेवी वसूलने का काम कर रहा है. इस सूचना के आधार पर एसडीपीओ सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल गठित



किया गया, जिसमें लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे. छापेमारी के दौरान आरोपी को तीन देसी राइफल, एक देसी कट्टा, 92 राउंड जिंदा कारतूस, नक्सली संगठन का पोस्टर, मोबाइल, वर्दी और बैग के साथ गिरफ्तार किया गया.

पुलिस ने बताया कि जमादार गंझू का आपराधिक इतिहास लंबा और गंभीर है. उस पर पहले से चतरा, सिमरिया, टंडवा और लावालौंग थानों में कुल पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं. जिनमें हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, हथियार अधिनियम और सीएलए एक्ट की धाराएं शामिल हैं. गिरफ्तार नक्सली पर हाल ही में लावालौंग थाना में नया मामला भी दर्ज किया गया है. एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि चतरा जिले में अफीम तस्करी और नक्सलवाद पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आने वाले समय में भी यह कार्रवाई और तेज की जाएगी.

**रक्षाबंधन** | परंपरागत तरीके से पर्व मनाकर भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव मनाया गया

# भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों ने सांसद को बांधी राखी

शुभम संदेश। हजारीबाग

शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा, हजारीबाग ने सांसद सेवा कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया. इस अवसर पर महिला मोर्चा की बहनों ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सहित कई अन्य भाइयों की कलाई पर पवित्र राखी बांधकर प्रेम, स्नेह और सुरक्षा का संदेश दिया. महिला मोर्चा की ओर से पूजा की थाली में राखी, अक्षत, चंदन, मिठाई, और पानी का लोटा लेकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई. इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, मीडिया



प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा तथा कार्यालय के सभी कर्मचारी, साथ ही सांसद के अंगरक्षक और चालक को भी राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया गया. सांसद सेवा कार्यालय में ही ग्रामीण इलाकों और विभिन्न क्षेत्रों से आई बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सांसद मनीष जायसवाल की कलाई पर राखी बांधी. उन्होंने भगवान से सांसद के यश और कीर्ति में वृद्धि की कामना की.

इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने सभी बहनों का धन्यवाद करते हुए कहा, ₹कोहिनूर तो देखा नहीं, लेकिन बहनें अनमोल होती हैं. मैं सदैव उनकी सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेता हूँ.₹ इस तरह भाजपा महिला मोर्चा द्वारा परंपरागत तरीके से रक्षाबंधन पर्व को मनाकर भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव मनाया गया.

### रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया

**चरही।** क्षेत्र में शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की. पूरे दिन ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल बना रहा, मिठाई की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई. खासकर नन्हीं बच्चियों में राखी खरीदने और बांधने का उत्साह सबसे अधिक था. राखी बांधने के बाद सभी ने स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना की. सावन पूर्णिमा के दिन क्षेत्र के शिवालय फूलों से सजा कर भक्तों ने 24 घंटे हरि कीर्तन किया, जिससे माहौल अत्यंत भक्तिपूर्ण बना रहा. इस पर्व ने भाई-बहन के प्रेम और संस्कृति को मजबूत करने का संदेश दिया.

### चुरचू प्रखंड मुख्यालय में झंडोत्तोलन को लेकर बैठक

**चरही।** चुरचू सह अंचल कार्यालय में प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक की अध्यक्षता में 15 अगस्त को झंडोत्तोलन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रखंड सह अंचल कार्यालय, चुरचू थाना, आंगो थाना, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य क्षेत्रों में झंडोत्तोलन के लिए समय सीमा निर्धारित की गई. बैठक में झंडोत्तोलन को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से कराने पर विशेष जोर दिया गया.

बीडीओ ललित राम, चिकित्सा प्रभारी अशोक राम, सुरेश मेहता, अनुप कुमार, मनोज गिरी, चुरचू और आंगो थाना प्रभारी सहित विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित थे. उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए. बैठक में उठाए गए निर्णयों से 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व को सम्मानपूर्वक मनाने में मदद मिलेगी.

## एक नजर

### रक्षाबंधन पर छात्राओं ने डीसी एवं डीडीसी को बांधी राखी



**कोडरमा।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर जिले में एक भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब स्कूली छात्राओं ने उपायुक्त ऋतुराज एवं उप विकास आयुक्त रवि जैन को राखी बाँधकर भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीय परंपरा को जीवंत कर दिया. इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहा, रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है. उप विकास आयुक्त रवि जैन ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हैं, बल्कि प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास और संवाद का सेतु भी बनाते हैं.

### आरोग्यम अस्पताल में नर्सों ने मनाया रक्षाबंधन




**हजारीबाग।** आरोग्यम कुणाल अस्पताल (महिला एवं शिशु विभाग) में नर्स बहनों ने इस बार रक्षाबंधन पर्व को एक अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया. उन्होंने अस्पताल में भर्ती बाल रोगियों के साथ मिलकर रक्षासूत्र बांधा और उनके स्वस्थ, सुखी व सुरक्षित जीवन की कामना की. इस अवसर पर बच्चों को मिठाई भी वितरित की गई, जिससे उनके चेहरे खिल उठे और यह पल उनके लिए यादगार बन गया. अस्पताल निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि रक्षाबंधन का अर्थ केवल धागा बांधना नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे की देखभाल और सुरक्षा का संकल्प भी है. उन्होंने बताया कि नर्स बहनों ने इस पर्व को मानवता और सेवा भाव के साथ जोड़कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है. उनकी इस पहल ने न केवल बच्चों के मनोबल को बढ़ाया.

### ग्राम श्रीनगर में 24 घंटे का हरिकीर्तन

**बरही।** ग्राम श्रीनगर में शनिवार को 24 घंटे का हरिकृतन भक्ति, भजन और श्रद्धा की भावना से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और कीर्तन एवं भजनों की मधुर धुनों में आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया. समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया. आयोजन समिति और ग्रामवासियों ने दोनों अतिथियों का पारंपरिक पुष्पमालाओं और सम्मान-पत्र से स्वागत किया. विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने, नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं. जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने भक्ति और सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हरिकृतन जैसे आयोजन समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं.

### पचड़ा में सावन पूर्णिमा पर 24 घंटे अखंड हरी कीर्तन



**केरेडारी।** पचड़ा पंचायत में सावन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर परंपरा के अनुसार 24 घंटे अखंड हरी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया. इस भक्ति कार्यक्रम में पचड़ा एवं सिझुवा के ग्रामीणों एवं शिव भक्तों ने भाग लिया. हरे राम-हरे कृष्णा भजन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा. इस अवसर पर चट्टीबरियातू कोल परियोजना के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें कीर्तन मंडली के सदस्यों ने सैकड़ों की संख्या में भोजन का आनंद लिया. भोजन सुबह 10 बजे से रात 1 बजे तक निरंतर चलता रहा. इस कार्यक्रम का नेतृत्व जन कल्याण रूरल डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव, सचिव कृष्ण यादव और कोषाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने किया. कीर्तन में पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव सहित कई गणमान्य लोग और दर्जनों महिला-पुरुष शामिल हुए. कार्यक्रम ने क्षेत्र में श्रद्धा और एकता की भावना को और मजबूत किया, और सभी उपस्थित जनों ने इस भक्ति आयोजन का भरपूर आनंद उठाया.

### अजमते वालिदैन कॉन्फ्रेंस: इल्म का दिया संदेश

**जयनगर (कोडरमा)।** मंडरिया गांव में अजमते वालिदैन कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया, जिसका संचालन फिरोज रहबर ने किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा मौलाना मुमताज आलम कादरी ने की. जलसे में मुख्य अतिथि मौलाना सिद्दीक हसन झारखंडी और मौलाना शहादत हुसैन बरकाती ने अपने विचार साझा किए. मौलाना सिद्दीक हसन ने इस्लाम के असली पैगाम अमन, मोहब्बत और भाईचारे पर जोर दिया और कहा कि मां-बाप की खिदमत और उनकी दुआ सबसे बड़ी दौलत है. उन्होंने बेटियों की इज्जत और उनके पर्दे की अहमियत भी बताई. मौलाना शहादत हुसैन बरकाती ने कहा कि इल्म सिर्फ दुनियावी तरक्की के लिए नहीं बल्कि दीन की समझ और किरदार निखारने के लिए जरूरी है. उन्होंने पति-पत्नी के रिश्ते में इज्जत, भरोसा और मोहब्बत को जरूरी बताया.

### मक्का-मदीना से उमरा करके लौटे जायरीनों का स्वागत

**बरही।** पवित्र मक्का-मदीना की जियारत कर लौटे जायरीनों का शनिवार को धमना मोड़ पर भव्य स्वागत किया गया. मोहम्मद कमरुद्दीन अंसारी अपनी माता जुमनी खातून और पत्नी सैबुन निशा के साथ, तथा मोहम्मद कुदुश अंसारी अपनी पत्नी रेहाना खातून के साथ इस स्वागत समारोह में शामिल हुए. पंचायत वासियों और रिश्तेदारों ने फूल-मालाओं से जायरीन का गर्मजोशी से स्वागत किया और नारा-ए-तकबीर से माहौल को आध्यात्मिक बना दिया. स्वागत के बाद सभी ने मिलकर दुआ की कि सभी को उमरा की तौफीक मिले, गुनाह माफ हों और समाज में भाईचारा, मोहब्बत, अमन, शांति व सौहार्द कायम रहे. जायरीन के गांव छोटकी बरही के लिए रवाना होने से पहले यह कार्यक्रम बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के साथ संपन्न हुआ. इस मौके पर मीडिया प्रभारी मो. तौकीर रज़ा, हाजी मौलाना मो. इस्लाम कादरी मिस्बाही, छोटकी बरही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मो. इनामुलहक सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे.

### परामातु में रक्षाबंधन पर फुटबॉल टूर्नामेंट



**चतरा।** लावालौंग प्रखंड के परामातु में युवा शक्ति क्लब द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लावालौंग मुखिया नेमन भारती, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सरजू यादव, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष विकास यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया. मुखिया नेमन भारती ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे खेल आयोजन क्षेत्र के लिए गर्व की बात हैं. खेल न केवल मानसिक और शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि इससे कैरियर बनाने के अवसर भी मिलते हैं. उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेल खेलने और क्षेत्र, राज्य तथा देश का नाम रोशन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि वे इस तरह के आयोजनों में हमेशा सहयोग देते रहेंगे क्योंकि खेल सामाजिक मेलजोल का भी जरिया है. उद्घाटन मैच जरही और चतरा डाढहा के बीच खेला गया, जिसमें डाढहा टीम ने 2-0 से जीत हासिल की. झामुमो नेता विकास यादव ने आयोजकों को फुटबॉल बूट और जूते प्रदान किए. इस आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष पवन चादरवाशी, सचिव नीरज चंद्रवाशी, कोषाध्यक्ष सुमित चंद्रवंशी समेत कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. टूर्नामेंट ने स्थानीय युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और एकता को बढ़ावा दिया.

**ब्रीफ न्यूज**

## भागीटोली गांव में सड़क हादसा, महिला की मौत

**डुमरी** । प्रखंड क्षेत्र के भागीटोली गांव के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई. मृतका की पहचान जैनेवीभा टोप्पो, पति ज्वेल टोप्पो के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच जैनेवीभा टोप्पो अपने घर से पास ही स्थित नर्स के पास इंजेक्शन लेने जा रही थीं. इसी दौरान गांव के पास एक बाइक से उनकी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत डुमरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना से गांव में शोक की लहर है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.घटना की सूचना मिलते ही डुमरी पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

### विश्व आदिवासी दिवस पर लोहरदगा में शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

# शहादत दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम

**शुभम संदेश। लोहरदगा**



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर लोहरदगा जिले में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर आदिवासी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई. यह आयोजन रूढ़िजन्य जनजाति राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा द्वारा दरहा देशवाली कूटमू कला संस्कृति भवन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम को सादगी के साथ शहादत दिवस के रूप में मनाया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव उपस्थित हुए. उन्होंने स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. समिति के अन्य पदाधिकारियों और आमजनों ने भी इस दौरान मौन धारण कर दिवंगत नेता को नमन किया.

विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन उन तमाम आदिवासी महापुरुषों को याद करने का दिन है जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया. उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, वीर बुधु भगत जैसे वीरों की श्रृंखला में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का नाम भी गर्व के साथ लिया जाता है. वे न केवल झारखंड के जननायक थे, बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने आदिवासियों के हक, अधिकार और पहचान के लिए आजीवन संघर्ष किया. उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन का निधन पूरे आदिवासी समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है. उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता. डॉ. उरांव ने लोगों से अपील की कि इस आदिवासी दिवस पर हम सभी को अपनी संस्कृति, सभ्यता, और प्राकृतिक संसाधनों—जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम में विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के पुत्र एवं युवा नेता रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सोमदेव उरांव, सोमा उरांव, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, राजेन्द्र उरांव, प्रकाश उरांव, पुनित उरांव सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं समाजसेवी उपस्थित थे. सभी ने मिलकर स्वर्गीय दिशोम गुरु को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके सपनों के झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया.

## दामोदर नदी का टेढ़ी पुल दो माह से बंद, लोग परेशान



**पिपरवार (चतरा)**। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा में दामोदर नदी पर बना टेढ़ी पुल बीते दो माह से आवागमन के लिए बंद है. जून माह में हुई भारी बारिश के बाद पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद सुरक्षा कारणों से इसे बंद कर दिया गया. इसके बाद से स्थानीय लोग व सीसीएल के कर्मचारी पास के कोयला ट्रांसपोर्टिंग पुल से होकर आवागमन कर रहे हैं, जिससे रोजाना हादसे की आशंका बनी रहती है. जानकारी के अनुसार बचरा क्षेत्र में दामोदर व सपही नदियों पर दो छोटे पुल बने हैं, जो आम जन के आवागमन के लिए उपयोग में लाए जाते थे, जबकि बड़े पुल से कोयले की ढुलाई की जाती है. लेकिन 20 जून को आई बाढ़ में टेढ़ी पुल और छलटा पुल दोनों क्षतिग्रस्त हो गए थे. स्थानीय सीसीएल प्रबंधन ने सुरक्षा के मद्देनजर दोनों पुलों को बंद कर दिया था. हालांकि, स्थानीय मांग और परेशानी को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन ने हाल ही में सपही नदी पर बने छलटा पुल की आंशिक मरम्मत कर छोटे वाहनों के लिए उसे चालू कर दिया है, जिससे कुछ राहत जरूर मिली है. लेकिन टेढ़ी पुल अब भी बंद है.

## विश्व आदिवासी दिवस पर रातू में निकली भव्य रैली



**रातू**। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी छात्र संघ, रातू प्रखंड के तत्वावधान में एक भव्य बाइक और कार रैली का आयोजन किया गया. यह रैली क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें आदिवासी एकता, संस्कृति और अधिकारों का संदेश दिया गया. इस वर्ष झारखंड आंदोलन के जननायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के निधन के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित किया गया. रैली की शुरुआत सीएन राज हाई स्कूल, रातू से हुई. यात्रा के क्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न स्थलों पर आदिवासी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इनमें बाबा कार्तिक उरांव (आदिवासी बाल विकास उच्च विद्यालय), भगवान बिरसा मुंडा (झखराटाड़ व कमडे), सर्ना रत्न वीरेंद्र भगत (होचर) और शहीद सुभाष मुंडा (दलादिली) शामिल थे. समापन दलादिली में शहीद सुभाष मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया. इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. कार्यक्रम का संचालन रोशन उरांव तिग्गा व मुकेश भगत ने किया. रैली में सुशील उरांव, अमित तिग्गा, अनुज तिर्की, अरविंद टोप्पो, गंगू पाहन, जयश्री कुमारी सहित दर्जनों बुद्धिजीवी, छात्र व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## लेवी वसूली मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**कुडू/लोहरदगा**। कुडू थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क परियोजना से नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर पांच लाख रुपये की लेवी वसूली के मामले में तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने रांची जिले के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली गांव निवासी महेन्द्र यादव, पिता निरंजन यादव को धर दबोचते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी दी कि महेन्द्र यादव का आपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ मैकलुस्कीगंज और टंडवा थानों में 17 सीएलए एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं. गौरतलब है कि कररगढ़ एडादोन में चल रही एक सड़क परियोजना से पीएलएफआई के नाम पर लेवी मांगी जा रही थी. लेवी नहीं देने पर कार्य में लगे वाहनों को जलाने और जान-माल की क्षति पहुंचाने की धमकी दी जा रही थी. इससे पहले 26 जुलाई को कुड़ू पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों—रूपेश मुंडा (दुल्ली गांव) और भरत कुमार साहू (चामा रमदगा, चान्हो थाना क्षेत्र)—को मदरसा चौक स्थित हनहट रोड से गिरफ्तार कर जेल भेजा था. पुलिस की जांच में महेन्द्र यादव का नाम सामने आने पर उसे भी दबोच लिया गया. पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है.

### विश्व आदिवासी दिवस पर किया गया शहीदों को नमन

# मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**शुभम संदेश। गुमला**



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गुमला जिला प्रशासन की ओर से गुमला के सभी शहीद स्मारकों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया. श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने पार्क में भगवान बिरसा मुंडा, स्टेडियम परिसर में परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का एवं स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. चंदाली स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में आदिवासी महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए एवं अनुसूचित जनजाति के 105 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. साइकिल का भी वितरण किया गया. शहीदों को नमन करते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं मातृभाषा से जुड़े रहने की सलाह दी.

डीसी ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कभी पढ़ाई नहीं छोड़ने का सुझाव दी. कहा संघर्ष का ही नाम जीवन है. जो संघर्ष करेगा उसकी जीत निश्चि है. उन्होंने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा सीखने, अपने अधिकारों की जानने आदि के लिए प्रेरित किया. कहा कि शिक्षा वह शक्ति है जिससे जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है.

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दीं. मौके पर जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, एसडीपीओ, जिला उत्पाद पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

# विश्व आदिवासी दिवस पर शोभायात्रा

**शुभम संदेश। गुमला**



सेंट्रल लॉ कालेज रांची के प्रोफेसर रामचंद्र उरांव ने कहा है कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियत की रक्षा के लिए सहायक साबित होगा. गुमला के आदिवासी संगठनों द्वारा पालकोट रोड स्थित सरना मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. रामचंद्र उरांव ने उक्त बातें कहीं. उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जमीनों का क्षरण, विलुप्त होती भाषा संस्कृति जैसे वैश्विक समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विश्व भर के आदिवासी समाज अपनी कला संस्कृति वेशभूषा भाषा परंपरा रीति रिवाज को अक्षुण्ण रखने का संकल्प दुहराते हैं. उन्होंने आदिवासी समुदाय के लोगों को प्रकृति से जुड़े रहने और आपस में समन्वय स्थापित कर अपनी संस्कृति परंपरा को जीवंत बनाए रखने की अपील की. कार्यक्रम को पूर्व डीडीसी पुनई उरांव, डा.परमेश्वर भगत, लोहरमइन उरांव, कृषि पदाधिकारी विजय उरांव, दीप नारायण उरांव, जगरनाथ उरांव, अमर कुमार एक्का, प्रो. प्रेमचंद उरांव, डॉ. चंद्र किशोर केरकेट्टा, वीरेंद्र एक्का आदि ने संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए और आदिवासी समाज के लोगों को शिक्षित व संगठित होने का आह्वान किया. साल वृक्ष का पौधा लगाकर और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई. धर्म प्रचारिका चिंतामुनी उरांव ने सामूहिक प्रार्थना कराया और धर्मेश से समाज के सुख शांति समृद्धि की मंगलकामना की. इस अवसर पर गांव से आए सांस्कृतिक दलों ने पारंपरिक गीत नृत्य और संगीत से अतिथियों का स्वागत किया और अपने कला क्षमता प्रतिभा का प्रदर्शन किय. इससे पहले विनोद मिंज, जितेश मिंज, नेल्शन भगत के नेतृत्व में मुख्य मार्गों में जल, जंगल, जमीन हमारा है, आदिवासी एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया. कार्यक्रम का संचालन प्रो. तेतरु उरांव ने किया. नृत्य दलों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया. कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हुए और आदिवासियत की रक्षा का संकल्प लिया

## विश्व आदिवासी दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**इटकी**। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को कुंदी मैदान में एनवाईसी क्लब द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का नेतृत्व डब्बू केरकेट्टा ने किया. प्रतियोगिता में 200 मीटर, 50 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, चेयर रेस और मुर्गा रेस जैसे कई रोमांचक खेलों का आयोजन हुआ. 200 मीटर दौड़ में निखिल ने प्रथम और अंकित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. वहीं 50 मीटर दौड़ में रोमन ने पहला और नैतिक ने दूसरा स्थान हासिल किया. लॉन्ग जंप में आर्यन पहले और शंकर दूसरे स्थान पर रहे. मुर्गा रेस में अहम और पवन ने बाजी मारी, जबकि चेयर रेस में धरम विजेता बने. कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. आयोजन स्थल पर बिनोद सिन्हा, नौशाद अख्तर, अभिलाष सोनू, विकास उरांव, पवन गोप, पंकज, निखिल और गोलू समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

## दिशोम गुरु को देंगे श्रद्धांजलि

**पिपरवार**। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर बाजारटांड़ स्थित चबूतरा के पास रविवार को सुबह 10:30 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम रैयत विस्थापित मोर्चा, झारखंड मुक्ति मोर्चा और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है. मोर्चा के अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रद्धांजलि सभा में झारखंड निर्माता, जननायक, पूर्व मुख्यमंत्री, धरतीपुत्र वीर योद्धा दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी जाएगी. उन्होंने कहा कि स्व. सोरेन का योगदान झारखंड आंदोलन और आदिवासी समाज के लिए अविस्मरणीय है. उन्होंने क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करने की अपील की है.

## शिवालयों में पूजा-अर्चना

**इटकी**। शनिवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व इटकी और आसपास के गांवों में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया. सुबह होते ही बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधनी शुरू की और यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा. बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने भी उन्हें जीवन भर सुरक्षा देने का वचन दिया. पर्व के साथ ही सावन पूर्णिमा का पावन अवसर भी रहा, जिसको लेकर धार्मिक उत्साह चरम पर दिखा. मुख्य शिवालय, रुद्र महाकाल मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. श्रद्धालु भगवान शिव को जलाभिषेक व बेलपत्र अर्पित कर रहे थे. मंदिरों में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से माहौल भक्तिमय बना रहा. स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के भी उचित प्रबंध किए गए थे. पर्व ने भाई-बहन के रिश्ते की मिठास के साथ-साथ आध्यात्मिक वातावरण का भी अहसास कराया.

**लोहरदगा**

### अविराम कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव

# प्यारी टोप्पो बनीं 'सावन की रानी'

**संवाददाता। लोहरदगा**



अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सावन महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और रंगारंग अंदाज में मनाया गया. कार्यक्रम का आयोजन अविराम समूह की महिलाओं के लिए किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना और तनाव से मुक्त करना था. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. संचालन कुंदन गिद्ध और शबनम ने किया. महोत्सव में सभी महिला कर्मियों ने पारंपरिक सावन परिधानों में रैम्प वॉक किया और सावन के गीतों पर प्रस्तुति दी. साथ ही, सावन कास्ट्यूम, मेहंदी, हेयर स्टाइल और बैंगल्स से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. इन प्रतियोगिताओं में कई राउंड के बाद विजेताओं की घोषणा की गई. प्यारी टोप्पो को 'सावन की रानी' का खिताब दिया गया. ममता टोप्पो को बेस्ट कास्ट्यूम, सरिता को बेस्ट हेयर स्टाइल, पूजा को बेस्ट बैंगल्स के पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

वहीं पूना, शबनम, मालती, नमिता, कलावती और सुलेखा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना मिली. विजेताओं को प्रथम पुरस्कार स्वरूप स्टील का डिनर सेट, द्वितीय पुरस्कार में इंडक्शन चूल्हा, तृतीय में मिक्सर और चतुर्थ में इलेक्ट्रिक केतली व कप सेट प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी द्वारा प्रदान किए गए. डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि यह आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार हो रहा है, जिसमें केवल महिला कर्मी भाग लेती हैं. इससे उनके आत्मबल और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है. कार्यक्रम में रेणुका, ममता, आरती, डॉली, संगीता, अनुषा, तारामनी, तबस्सुम, श्वेता, नेहा, रौशन, खुशबू, प्राची, काजल, अफसाना, बबिता सहित सभी महिलाओं ने शानदार प्रस्तुति दी. संस्थान के सचिव इन्द्रजीत भारतीय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और आत्मविश्वास की सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण बना.

## पिपरवार क्षेत्र में भाई-बहन के प्रेम ने बिखेरा उल्लास

**पिपरवार**। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही बहनों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की. इसके बाद बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाइयों से मुंह मीठा कराया. वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया. छोटे-छोटे बच्चों में भी रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखा गया. यह त्यौहार पिपरवार क्षेत्र के बचरा, राय, बहेरा, कल्याणपुर, बेंती, किचटो, बिलारी, कारो, चिरैयाटांड़, बुंडू, हफुआ, न्यू विजन, बमने, पुरानी राय और बचरा बस्ती सहित अन्य इलाकों में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. त्यौहार को लेकर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला.

# एक नजर

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बंधन



**गुमला। भाई** बहन के स्नेह प्यार का पर्व रक्षा बंधन गुमला में शनिवार को संपन्न हो गया. पवित्र सावन माह के पूर्णिमा तिथि के अवसर पर कुंवारी कन्याएं व महिलाएं अहले सुबह मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया और राखी की पूजा की. बहनों ने भाईयों की कलाई में राखी बांधकर उनके लंबी उम्र सुख शांति समृद्धि की कामना की तो भाईयों ने अपने बहनों को उपहार देकर रक्षा का संकल्प लिया. भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना... गीत के बीच बहनों ने भाई के कलाई में राखी बांधी. रक्षा बंधन का उत्सव गांव से शहर तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. दूर में रहने वाले भाई बहन भी त्योहार के कारण एक दूसरे के घर पहुंच कर रिश्तों का प्रगाढ़ बनाते हैं. रक्षा बंधन के अवसर पर अभिभावक तुल्य भाई बहन में भावुकता दिखाई पड़ रही थी, वहीं बच्चे बच्चियों के चेहरे उत्साह से लबरेज दिखाई पड़ रहा था.

## भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन मनाया

**लोहरदगा**। सावन माह के अंतिम दिन शनिवार को लोहरदगा जिले में भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों की ताउम्र रक्षा करने का संकल्प लिया. पर्व की शुरुआत बहनों द्वारा मंदिरों में पूजा-अर्चना से हुई, जहां उन्होंने सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी. जिले के कुड़ू, भंडरा, किस्को, कैरो, पेशरार, सदर प्रखंड और सेन्हा क्षेत्र में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया.

## बाइक सवार ने मिक्सर मशीन को मारी टक्कर, मौत

**गुमला**। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर के पास 17 वर्षीय छात्र अमीष मिंज पिता विनोद मिंज ने सड़क के किनारे रखे मिक्सर मशीन को जोरदार टक्कर मार दिया. घटना में उसकी दर्दनाक मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के मुताबिक छात्र डुमरी थाना क्षेत्र के हर सरी पड़क़ी टोली गांव का रहने वाला था. शुक्रवार की शाम चैनपुर से फुटबॉल मैच खेलकर बाइक से अपने घर लौट रहा था तेज रफ्तार होने के कारण वह अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे रखे मिक्सर मशीन को जोरदार टक्कर मार दिया. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले जाया गया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गुमला रेफर कर दिया गया.

## सांसद सुखदेव भगत ने जाना शिक्षा मंत्री का हाल



लोहरदगा। सांसद सुखदेव भगत दिल्ली के अपोलो अस्पताल पहुंचकर झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, जो इलाज के लिए आईसीयू में भर्ती हैं उनके डॉक्टरों द्वारा उनका कुशल क्षेम जाना. साथ ही मंत्री के छोटे पुत्र से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया. कहा कि ईश्वर सब ठीक करेगा. वे जल्द स्वस्थ हो जाएंगे.

# पेज एक का शेष

## खुल गया अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप ....

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को रूसी तेल और हथियार खरीदने की "सज़ा" बताया, और नई दिल्ली पर यूक्रेन के खिलाफ मास्को के युद्ध को "वित्तपोषित" करने का आरोप लगाया. आदेश में कहा गया है, "मुझे पता चला है कि भारत सरकार वर्तमान में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूसी संघ से तेल आयात कर रही है. तदनुसार, और लागू कानून के अनुरूप, संयुक्त राज्य अमेरिका के सीमा शुल्क क्षेत्र में आयातित भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त मूल्यानुसार शुल्क दर लागू होगी."

टैरिफ का भारत पर क्या असर पड़ेगा : भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों, जैसे दवाइयां, कपड़े और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स पर 50% टैक्स लगेगा. इससे भारतीय सामान अमेरिका में महंगे हो जाएंगे. उनकी मांग कम हो सकती है. भारत का अमेरिका के साथ ट्रेड सरप्लस (निर्यात ज्यादा, आयात कम) भी कम हो सकता है.

**स्मार्टफोनः** भारत 2025 की दूसरी तिमाही में अमेरिका को स्मार्टफोन सप्लाई करने वाला सबसे बड़ा देश बन गया है, जिसने चीन को पीछे छोड़ दिया. भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने अमेरिका के इस सेगमेंट में 44% हिस्सा हासिल किया है. अभी इनपर टैरिफ नहीं लगेगा, लेकिन भविष्य में 25% टैरिफ से इनकी कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है.

हीरे और ज्वेलरीः भारत से अमेरिका को 9 अरब डॉलर (करीब 79 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा की ज्वेलरी निर्यात होती है, जिसमें प्राकृतिक और लैब में बने हीरे, सोने-चांदी के गहने और रंगीन रत्न शामिल हैं. नए टैरिफ से इनके दाम बढ़ सकते हैं, जिससे भारतीय ज्वेलरी की मांग कम हो सकती है और जॉब्स पर भी खतरा मंडरा सकता है.

**इलेक्ट्रॉनिक्सः** भारत से अमेरिका को करीब 14 अरब डॉलर (करीब 1.2 लाख करोड़ रुपए) के इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स जैसे लैपटॉप और सर्वर, निर्यात होते हैं. हालांकि अभी ये प्रोडक्ट्स ड्यूटी-फ्री हैं क्योंकि अमेरिका की सेक्शन 232 जांच चल रही है, लेकिन अगर भविष्य में इन पर टैरिफ लगता है, तो भारत की लागत-प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है.

**फार्मास्युटिकल्स (दवाइयां)ः** भारतीय फार्मा सेक्टर दुनिया भर में सस्ती दवाइयों का बड़ा सप्लायर है. अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स आयात करता है, जिसका निर्यात 2025 में 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा रहा. अगर फार्मा पर टैरिफ लगता है, तो ये भारत के निर्यात के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि अमेरिका भारत के फार्मा निर्यात का 30% से ज्यादा हिस्सा लेता है.

**टेक्सटाइल और कपड़ेः** भारत से अमेरिका को हस्तनिर्मित सिल्क से लेकर औद्योगिक रूप से बने कॉटन कपड़ों तक का निर्यात होता है, जिसका मूल्य 2025 में 2.5 अरब डॉलर (करीब 22 हजार करोड़) से ज्यादा था. 25% टैरिफ से इनकी कीमतें बढ़ेंगी, जिससे भारतीय टेक्सटाइल की मांग पर असर पड़ सकता है और ये सेक्टर कमजोर हो सकता है.

## 273 साल लगेंगे,नतीजा नहीं ...

**जहां पांच महीनों में पिछले पांच सालों से अधिक वोटर जोड़े गए.**

**चुनाव आयोग का सख्त जवाब**

निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी की पोस्ट को #ईसीआईफैक्टचेक हैशटैग के साथ रीपोस्ट करते हुए उनके दावों को भ्रामक बताया. चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए इसे पुरानी स्क्रिप्ट का हिस्सा बताया. जो 2018 तत्कालीन मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ द्वारा उठाए गए दावों जैसा है. राहुल के 5 सवालों का आयोग ने एक-एक कर जवाब दिया है.

डिजिटल मतदाता सूची : मशीन द्वारा पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूची उपलब्ध कराने की कांग्रेस की याचिका को माननीय सर्वोच न्यायालय ने कमलनाथ बनाम ईसीआई, 2019 में खारिज कर दिया था.

**सीसीटीवी फुटेजः** कोई भी पीड़ित उमीदवार 45 दिनों के भीतर संबंधित उच्च न्यायालय में अपने चुनाव को चुनौती देने के लिए चुनाव याचिका (ईपी) दायर कर सकता है. अगर ईपी दायर की जाती है, तो सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रख ली जाती है. अन्यथा, इसका कोई उद्देश्य नहीं है. यह मतदाताओं की गोपनीयता का उल्लंघन हो सकता है. उदाहरण के लिए, एक लाख मतदान केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने में एक लाख दिन लगेंगे - यानी लगभग 273 वर्ष - और इसका कोई कानूनी परिणाम संभव नहीं होगा.

**मतदाता सूची में अनियमितताएंः** 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची तैयार करनेके दौरान, जनतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 के तहत सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कांग्रेस द्वारा शायद ही कोई अपील दायर की गई हो.

**राहुल गांधी की शिकायतेंः** आयोग ने कहा कि राहुल गांधी ने कभी भी निजी स्तर से हस्तारित शिकायत पत्र नहीं भेजा. उदाहरण के लिए, उन्होंने दिसंबर 2024 में महाराष्ट्र का मुद्दा उठाया था. इसके बाद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एक वकील ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा. हमारा 24 दिसंबर 2024 का उत्तर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है. फिर भी, राहुल गांधी का दावा है कि चुनाव आयोग ने कभी कोई जवाब नहीं दिया.

**मंथन**

## किसान हितों के प्रति संवेदनशील है नेतृत्व

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खेती-किसानी के प्रति लगाव कोई नया नहीं है, लेकिन रामगढ़ के नेमरा में खेत की मेड़ पर किसानों के बीच पहुंचकर धनरोपनी में उनकी भागीदारी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वे केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि व्यावहारिक रूप से भी किसानों से जुड़े रहना चाहते हैं. कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और अस्मिता का महत्वपूर्ण आधार है. मुख्यमंत्री का यह कहना कि किसान खुशहाल होगा तभी राज्य और देश समृद्ध होंगे, न केवल एक सच्चाई है, बल्कि स्पष्ट नीति दृष्टि भी है. अर्थव्यवस्था में कृषि की केंद्रीय भूमिका को देखते हुए यह जरूरी है कि किसानों के लिए योजनाएं सिर्फ कागजों पर न रहें, बल्कि उनके जीवन में परिवर्तन लाएं. मुख्यमंत्री का किसानों से सीधा संवाद, उनकी समस्याओं को सुनना और समाधान का आश्वासन देना, राजनीतिक संवेदनशीलता का उदाहरण है. हालांकि, इस संवाद को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है कि प्रशासनिक मशीनरी भी उतनी ही तत्परता से इन समस्याओं का समाधान करे. किसानों की सबसे बड़ी जरूरत सिंचाई सुविधा, गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक और बाजार तक पहुंच है. सरकार यदि इन क्षेत्रों में ठोस पहल करे, तो किसानों के आत्मविश्वास और उत्पादन, दोनों में वृद्धि होगी. नेताओं का खेतों में जाना प्रतीकात्मक हो सकता है, लेकिन यदि इसके पीछे ठोस नीतिगत समर्थन हो, तो यह प्रतीक ही परिवर्तन का प्रेरक बन सकता है. उम्मीद की जानी चाहिए कि मुख्यमंत्री की यह पहल केवल एक दिन का दृश्य न बनकर, किसानों की खुशहाली की दिशा में सतत प्रयास का हिस्सा बने.

**नजरिया**

## सारंडा में नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार फिर तेज

पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान, सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान एक बार फिर तेज हुआ है. सुरक्षा बलों ने जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा बनाए गए तीन बंकर ध्वस्त कर भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद की है. यह कार्रवाई नक्सलियों के मंसूबों पर करारा प्रहार है, लेकिन आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के दो जवानों का घायल होना यह दर्शाता है कि खतरा अब भी गंभीर है. सारंडा और कोल्हान का घना जंगल लंबे समय से नक्सलियों के गढ़ के रूप में कुख्यात रहा है. नक्सलियों के शीर्ष नेता और उनके दस्ते की इन इलाकों में सक्रियता सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुई है. हालांकि, लगातार चल रहे अभियानों और बंकरों के ध्वस्तीकरण से यह साफ है कि सुरक्षा एजेंसियां पीछे हटने के मूड में नहीं हैं.नक्सलवाद केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन का परिणाम भी है. इसलिए सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ विकास की रफ्तार भी तेज करनी होगी. सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की पहुंच बढ़ाकर ही स्थानीय युवाओं को नक्सली संगठनों के प्रभाव से दूर किया जा सकता है. साथ ही, खुफिया तंत्र को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि खतरे का समय से चल सके. लड़ाई केवल सुरक्षा बलों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है. सामूहिक प्रयास से ही नक्सलवाद को जड़ से समाप्त किया जा सकता है.

# मोबाइल खेल की हार, जीवन की हार क्यों बनी?

डॉ. सत्यवान सौरभ



मोबाइल के खेल में बच्चे ने की आत्महत्या, सोचने पर किया मजबूर.

मोबाइल खेलों की बढ़ती लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है. इंदौर में एक किशोर बालक ने फ्री फायर खेल में 3000 रुपए हारने के बाद आत्महत्या कर ली, जो बताता है कि आज की पीढ़ी में हार सहने की क्षमता घटती जा रही है. यह केवल एक खेल की हार नहीं, बल्कि संवादहीनता, अभिभावकों की अनदेखी और भावनात्मक असुरक्षा की परतें खोलती है. बच्चों को तकनीकी उपकरणों से पहले भावनात्मक समर्थन, शिक्षा तंत्र में मानसिक स्वास्थ्य और परिवार में संवाद की ज़रूरत है. हार को जीवन की समाप्ति नहीं, सीख बनने देना होगा. जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आंखों में सपने और जीवन में उमंग होनी चाहिए, उस उम्र में इंदौर के बालक ने आत्महत्या कर ली. कारण-एक मोबाइल खेल फ्री फायर में तीन हज़ार हार जाना. घटना केवल एक बालक की मौत नहीं, बल्कि समाज की चुप्पी, माता-पिता की अनभिज्ञता और डिजिटल अंधकार की सच्चाई है. इस घटना ने बहुत गहरे सवाल खड़े किए हैं- क्या मोबाइल खेल केवल मनोरंजन हैं या वे हमारे बच्चों की मानसिक शांति और आत्मसम्मान को निगलते जा रहे? क्या हम बच्चों को तकनीकी ज्ञान तो दे रहे, पर मानसिक सहारा, संवाद और संस्कार नहीं? बाल मन अत्यंत कोमल और संवेदनशील होता है. जब हम बच्चों को बिना दिशा-निर्देश और निगरानी के मोबाइल थमा देते हैं, तो हम उन्हें एक ऐसी आभासी दुनिया में छोड़ देते हैं जहां हार का मतलब केवल हार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की समाप्ति बन जाता है. फ्री फायर, पबजी, बीजीएमआई जैसे युद्धक खेलों में हर क्षण जीतने का दबाव और नकली पहचान की दौड़ बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती है. इन खेलों में हर विजय एक नकली आनंद देती है और हर पराजय गहरे दुःख का कारण बनती है. बच्चों को यह अनुभव नहीं हो पाता कि यह केवल खेल है, असली जीवन नहीं. जब वे इन खेलों में हारते हैं, तो इसे जीवन की हार मान लेते हैं. माता-पिता की भूमिका इस पूरी घटना में महत्वपूर्ण है. माता-पिता बच्चों को मोबाइल देते समय यह समझने में असफल हो जाते हैं कि वह उपकरण केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए संपूर्ण संसार बन चुका है. हम भूल जाते हैं कि बालक केवल हमारे शब्द नहीं, हमारे भाव भी ग्रहण करते हैं. माता-पिता यदि संवाद के स्थान पर केवल डाँट और आदेश देंगे, तो बच्चे डर और अपराधबोध में जीने लगते हैं.

आज हर घर में मोबाइल है, पर क्या हर घर में भावनात्मक संवाद है? क्या माता-पिता दिन में पांच मिनट भी यह पूछते हैं कि बेटा, तुम कैसा महसूस कर रहे हो? क्या स्कूल में कोई शिक्षक बच्चों से यह पूछता है कि तुम्हें कोई बात मानसिक रूप से परेशान तो नहीं कर रही? हम परीक्षा में अंकों पर ध्यान देते हैं, पर बच्चे के मन में उठते तूफानों पर नहीं. मोबाइल खेलों के माध्यम से बच्चों में जो मानसिक विकृति उत्पन्न हो रही है, वह केवल मनोरंजन की बात नहीं रह गई है. यह अब मानसिक स्वास्थ्य का गंभीर संकट बन चुकी है. इन खेलों में लगातार खेलने से मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन का उत्सर्जन होता है, जो आनंद की अनुभूति कराता है. लेकिन यह आनंद क्षणिक होता है, और उसकी लत लग जाती है. बच्चा फिर वास्तविक जीवन में संतोष नहीं पाता, और आभासी दुनिया में ही अपनी पहचान खोजने लगता है. इन खेलों में जब पैसे भी जुड़ जाते हैं, तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है. एक बार मोबाइल में बैंक खाता या भुगतान माध्यम जुड़ जाए, तो बच्चा जाने-अनजाने में हजारों रुपये खर्च कर देता है. माता-पिता को इसकी जानकारी तब होती है जब नुकसान हो चुका होता है.

इसका समाधान केवल तकनीकी नियंत्रण नहीं है. समाधान है- संवाद, स्नेह, समझ और सतर्कता. माता-पिता को चाहिए कि मोबाइल में पालक नियंत्रण अनुप्रयोग, खेल समय सीमा, ऑनलाइन भुगतान रोकथाम, जैसे साधनों का प्रयोग करें. सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वे अपने बच्चों के जीवन में भागीदार बनें- उनसे बात करें, उनके साथ समय बिताएँ और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे केवल अंकों, उपलब्धियों या जीत से नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व से प्रिय हैं.

**हम यह संकल्प लें कि हमारे घरों में मोबाइल भले हों, पर उससे बड़ी चीज संवाद हो. हम बच्चों को केवल मोबाइल न दें, उन्हें अपना समय, सहारा और साथ दें. हम उन्हें बताएं कि कोई भी खेल या परीक्षा जीवन से बड़ी कदापि नहीं होती.**

विद्यालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. प्रत्येक विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता होना अनिवार्य किया जाना चाहिए. पाठ्यक्रम में भावनात्मक शिक्षा, हार-जीत की समझ, आत्मसम्मान और आत्मरक्षा जैसे विषयों को स्थान दिया जाना चाहिए. बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि हार कोई अभिशाप नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है. सरकार को भी मोबाइल खेलों पर नियंत्रण के कठोर नियम बनाने चाहिए. बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भुगतान वाले खेल प्रतिबंधित किए जाएं, भुगतान प्रणाली में माता-पिता की स्वीकृति आवश्यक हो, और हर मोबाइल सेवा में बाल संरक्षण प्रणाली लागू की जाए.

यदि हम इन बातों पर समय रहते ध्यान नहीं देंगे, तो ऐसी घटनाएं सामान्य होती जाएंगी. वर्ष 2020 में भी कई राज्यों से ऐसी घटनाएं सामने आई थीं, जहां बच्चों ने केवल खेल में हारने के कारण आत्महत्या कर ली थी. यह एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है. आइए, हम यह संकल्प लें कि हमारे घरों में मोबाइल भले हो, पर उससे बड़ी चीज़ संवाद हो. हम बच्चों को केवल उपकरण न दें, उन्हें अपना समय, सहारा और साथ दें. हम उन्हें बताएं कि कोई भी खेल, कोई भी परीक्षा, कोई भी गलती- जीवन से बड़ी नहीं होती. एक बालक की आत्महत्या से यदि हम सबक नहीं लेंगे, तो हम आने वाले पीढ़ियों के साथ अन्याय करेंगे. इसीलिए, आइए, एक नई शुरुआत करें- जहां मोबाइल हो, पर उस पर माता-पिता की दृष्टि हो; जहां खेल हो, पर जीत-हार से परे प्रेम हो और जहां बच्चे हों, वहां केवल मौन नहीं, संवाद भी हो.

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)

**आज का इतिहास**

1809 : इक्वाडोर को स्पेन से आजादी मिली.
1822: सीरिया में भूकंप से 20 हजार लोग मरे.
1831: कैरेबियाई द्वीप बारबाडोस में चक्रवाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत.
1894 : वीवी गिरी का जन्म. वह देश के चौथे राष्ट्रपति बने.
1966 : अमेरिका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए स्थान का चित्र लेने यान भेजा.
1962 : बच्चों का चहेता स्पाइडरमैन कॉमिक बुक अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया.
1977 : ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ ने 11 साल के बाद उत्तरी ऑयरलैंड की यात्रा.
1979 : उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 को प्रक्षेपित किया गया.
1990 : अमेरिकी अंतरिक्ष यान मगैलन शुक्र ग्रह पर पहुंचा. उतरते ही केलिफोर्निया स्थित केंद्र से उसका संपर्क टूट गया.
2004 : संयुक्त राष्ट्र और सूडान के बीच दारफुर कार्ययोजना पर हस्ताक्षर.

## एक सच्चा दोस्त ही, सारे रिश्तों पर होता है भारी

**चिंतन**

अली नाम के लड़के को पैसों की सख्त ज़रूरत थी. उसने मालिक से मदद मांगी. मालिक पैसे देने को तैयार हो गया पर उसने एक शर्त रखी. शर्त ये थी कि अली को बिना आग जलाए एक रात पहाड़ी की सबसे ऊंची चोटी पर बितानी थी, अगर वो ऐसा कर लेता तो उसे एक बड़ा इनाम मिलता और अगर नहीं कर पाता तो उसे मुफ्त में काम करना होता. अली दुकान से निकला. कड़ाके की ठंड थी. उसे लगा कि शायद उसने ये शर्त कबूल कर बेवकूफी कर दी है. वह अपने दोस्त आदिल के पास पहुंचा और सारी बात बताई. आदिल बोला, चिंता मत करो, मैं तुम्हारी मदद करूंगा. जब तुम पहाड़ी पर होगे तो ठीक सामने देखना मैं तुम्हारे लिए सामने वाली पहाड़ी पर सारी रात आग जल कर बैठूंगा. तुम आग को देखना और हमारी दोस्ती के बारे में सोचना,वो तुम्हे गर्म रखेगी. अली अगली रात पहाड़ी पर जा पहुंचा, सामने वाली पहाड़ी पर आदिल भी आग जल कर बैठा था. अपने दोस्त की दी हुई हिम्मत से अली ने वो बर्फीली रात काट ली. मालिक ने शर्त के मुताबिक उसे ढेर सारे पैसे इनाम में दिए. इनाम मिलते ही वो आदिल के पास पहुंचा, और बोला, तुमने कहा था कि मेरी मदद के बदले में तुम कुछ लोगे कितने पैसे चाहिएं तुम्हे. आदिल बोला, हाँ मैंने कुछ लेने को कहा था, पर वो पैसे नहीं हैं. मैं तो तुमसे एक वादा लेना चाहता हूं. वादा करो कि अगर कभी मेरी ज़िंदगी में भी बर्फीली हवाएं चलें तो तुम मेरे लिए दोस्ती की आग जलाओगे. अली ने उसे गले लगा लिया और हमेशा दोस्ती निभाने का वादा किया.

दोस्तों, कहते हैं दोस्ती ही वो रिश्ता होता है जो हम खुद बनाते हैं, बाकी रिश्तों के साथ तो हम पैदा होते हैं. सचमुच अगर हम अपनी जिंदगी से दोस्तों को हटा दें तो ज़िंदगी कितनी खाली लगेगी. दोस्त होने का मतलब सिर्फ खुशियां बांटना नहीं होता. दोस्ती का असली मतलब अपने दोस्त का उस समय साथ देना होता है, जब वो मुसीबत में हो, जब उसे हमारी सबसे ज्यादा ज़रूरत हो.

क्या आपका कोई सच्चा दोस्त है? बिलकुल होगा, वो वही है जिसके आप सच्चे दोस्त हैं. और अगर नहीं है तो सबसे पहले आपको एक सच्चा दोस्त बनना चाहिए अपने आप ही आपका एक सच्चा दोस्त बन जाएगा.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #RakshaBandhan
2. #RakshaBandhan
3. #रक्षाबंधन
4. #रक्षा_भाईनहीं_परमात्मा_करेगा
5. #GlobeTrotter
6. Real Savior God Kabir
7. असीम प्रेम
8. रक्षा सूत्र
9. प्रतीक पावन
10. असीम स्नेह

# बहुरंग




## अनुराग की 'निशानची' का धमाकेदार टीजर रिलीज

ऐश्वर्य ठाकरे जल्द ही अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं. बीते कुछ समय से वह अपनी डेब्यू फिल्म 'निशानची' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. इस फिल्म का निर्देशन और कहानी, दोनों ही अनुराग कश्यप ने संभाली है, जिससे यह प्रोजेक्ट और भी खास बन गया है. आखिरकार, फिल्म का टीज़र रिलीज कर दिया गया है, जिसमें ऐश्वर्य का दमदार और धाकड़ अंदाज देखने को मिल रहा है. छोटे-छोटे एक्शन शॉट्स, तेज़-तर्रार डायलॉग डिलीवरी और तीखी नज़रें, ये सब मिलकर उनके किरदार को प्रभावशाली बनाते हैं. टीज़र में साफ झलकता है कि ऐश्वर्य इस रोल के लिए पूरी तरह तैयार हैं और वह पर्दे पर जोरदार एंट्री करने वाले हैं.

'निशानची' 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म में ऐश्वर्य के साथ वेदिका पिंटो नज़र आएंगी और दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की एक झलक टीज़र में भी दिखाई गई है. अनुराग कश्यप ने टीज़र को शेयर करते हुए मज़ाकिया अंदाज में लिखा, तैयारी कर दी है. इमोशन का तड़का, एक्शन का धमाका, और गुलेल, कट्टा, गाड़ी, घोड़ा तो है ही भइया. फिल्म के कलाकारों की बात करें तो इस प्रोजेक्ट में मोनिका पनवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब, पीयूष मिश्रा, मनन भारद्वाज, वरुण ग्रोवर और कुमुद मिश्रा जैसे दमदार अभिनेता भी शामिल हैं. टीज़र में इन सभी की झलक नज़र आती है, जो कहानी में अलग-अलग रंग जोड़ने का वादा करती है. कुल मिलाकर, 'निशानची' का टीज़र एक्शन, इमोशन और देसी तड़के का ऐसा कॉम्बिनेशन पेश करता है, जिसने दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ा दी है.

## फिल्म 'द पैराडाइज' में नानी का फर्स्ट लुक जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार नानी इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर चर्चा के केंद्र में हैं. इस फिल्म का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने नानी के साथ इससे पहले सुपरहिट फिल्म 'दशहरा' बनाई थी. 'दशहरा' की सफलता के बाद इस जोड़ी से दर्शकों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं, और यही वजह है कि 'द पैराडाइज' का इंतजार फैंस बड़े जोश के साथ कर रहे हैं. इस महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को सुधाकर चेरुकुरी ने बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस किया है, जो इसे तकनीकी और विजुअल स्तर पर भव्य बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे.

अब मेकर्स ने 'द पैराडाइज' से नानी का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. इस पोस्टर में नानी एक बेहद इंटेंस और दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं, जहां वह जदल के किरदार में पूरी तरह ढल गए हैं. उनकी आंखों की गहराई और चेहरे का रौब पोस्टर को और ज्यादा प्रभावशाली बना रहा है, जिससे साफ है कि फिल्म में उनका किरदार एक्शन और इमोशन का बेहतरीन संगम होगा. फिल्म में नानी के साथ प्रतिभाशाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जिनका किरदार कहानी में खास मोड़ लाएगा. 'द पैराडाइज' को एक सच्चे पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया गया है. इसे न सिर्फ हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली जैसी भारतीय भाषाओं में रिलीज किया जाएगा, बल्कि यह अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में भी दर्शकों के सामने पेश होगी. यह कदम भारतीय फिल्मों की वैश्विक पहुंच को और आगे ले जाने की दिशा में बड़ा प्रयास माना जा रहा है. भव्य लोकेशन्स, दमदार एक्शन सीक्वेंस और भावनाओं से भरपूर कहानी के साथ 'द पैराडाइज' दर्शकों को एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है. फिल्म 26 मार्च, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. माना जा रहा है कि यह नानी के करियर की सबसे बड़ी और यादगार फिल्मों में से एक साबित होगी.




## फिल्म अभिनेता सनी देओल की बॉर्डर 2 को लेकर आई बड़ी खबर



**फिल्म के टीजर को सेंसर बोर्ड से मिल गई है मंजूरी, फैंस में उत्साह**

जब से 'बॉर्डर 2' की घोषणा हुई है, दर्शकों का जोश चरम पर है. सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारों से सजी यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी वॉर ड्रामा बताई जा रही है. फैंस इसकी हर हलचल पर नजर रखे हुए हैं. अब आई ताजा खबर ने उनके उत्साह को दोगुना कर दिया है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'बॉर्डर 2' के टीजर को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिल गई है. इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है और इसकी लंबाई 70 सेकंड है. दावा किया जा रहा है कि टीजर 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगा. साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया जाएगा.

एक सूत्र के अनुसार, 'बॉर्डर 2' एक दमदार देशभक्ति फिल्म है और 15 अगस्त से बेहतर इसकी शुरुआत का कोई दिन नहीं हो सकता. टीजर में भारत बनाम पाकिस्तान के संघर्ष की झलक मिलेगी और साथ ही यह भी बताया जाएगा कि फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.₹ इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं, जबकि इसे जेपी दत्ता और भूषण कुमार संयुक्त रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं.

**बॉक्स ऑफिस रिव्यू**

## दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही सन ऑफ सरदार 2



अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से भले ही निर्माताओं ने बड़ी उम्मीदें लगाई थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे पूरी तरह खारिज कर दिया. रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को आकर्षित करने में नाकाम रही है. हर बीतते दिन के साथ इसकी कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. अब सातवें दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कमजोर प्रदर्शन साबित हुए हैं.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'सन ऑफ सरदार 2' ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को 1.40 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 32.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. इस फिल्म का निर्देशन पंजाबी सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर विजय कुमार अरोड़ा ने किया है, जो 'हरजीता' और 'काली जोट्टा' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं.'सन ऑफ सरदार 2' में अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की जोड़ी बनाई गई है, जो फिल्म में राबिया का किरदार निभा रही हैं. अजय के साथ यह उनकी पहली ऑन-स्क्रीन साझेदारी है और दर्शकों को दोनों की केमिस्ट्री पसंद आ रही है. फिल्म में नीरू बाजवा, रोशनी वालिया, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल, साहिल मेहता, चंकी पांडे और रवि किशन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आते हैं. अजय ने इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है.




## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे. समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा. परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह. कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे. आलस्य को त्याग. पुरुषार्थ का सहारा लें. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. शुभांक-3-6-9

**वृष :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी. व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें. उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा. अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग. बुद्घि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी. आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-1-5-7

**मिथुन :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता है. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है. शुभांक-2-5-7

**कर्क :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे. शुभांक-4-6-9

**सिंह :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी. अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं. कार्य सार्धक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. शुभांक-5-7-9

**कन्या :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं. उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी. कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे. बौद्घिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा. शुभांक-1-5-7

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है. शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं. स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुनर्स्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा. महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं. चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी. शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्य सार्धक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-5-7-9

**मकर :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शुभांक-2-5-7

**कुंभ :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. आत्म चिंतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शुभांक-6-8-9

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें. नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. सेहत का पाया कमजोर रहेगा. इस पर ध्यान देना होगा. शुभांक-3-5-7



## ग्रेजुएशन कर चुके युवा डिजिटल मार्केटिंग में बनाएं शानदार कॅरियर

**युवाओं के लिए हमेशा से रोजगार एक बड़ा मुद्दा रहा है। एक सर्वे के मुताबिक देश में कॉलेज पास करने वाले हर दो युवाओं में सिर्फ एक युवा ही रोजगार के योग्य है। करीब 48.75 फीसदी युवा रोजगार के योग्य नहीं है। ऐसे में युवाओं के पास डिग्री होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिल रही है। इसलिए आप डिग्री के अलावा अन्य स्किल्स पर भी काम कर सकते हैं।**

एक सर्वे के मुताबिक मौजूदा कर्मचारियों में करीब 50 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं, जिनको डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। क्योंकि आज के समय में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी में हर कंपनी में डिजिटली काम होने लगा है। वहीं साल 2026 तक देश को करीब 3 करोड़ से अधिक डिजिटली स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं, तो आप प्रोफेशनल सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग और एडवांस सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स की सहायता ले सकते हैं। बता दें कि यह दोनों ही प्रोग्राम भविष्य में रोजगार को ध्यान में रखते हुए एक्सपर्ट द्वारा तैयार किए गए हैं। इन कोर्स को घर बैठे कोई भी युवा, प्रोफेशनल, छात्र या गृहिणी कर सकते हैं। जिससे वह बड़े पैकेज की नौकरियां पा सकते हैं। ऐसे में आप इन कोर्सेज के लिए रजिस्टर कर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

### कोर्स के फायदे

- 100 घंटे की लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेज
- 25+ लाइव प्रोजेक्ट्स एवं केस स्टडीज
- 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग
- एक्सपर्ट द्वारा इंटरव्यू प्रिपरेशन
- ई-बुक्स, प्रोग्राम नोट्स और मॉक टेस्ट
- गूगल सर्टिफाइड मेंटर्स द्वारा पढ़ाई
- 10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
- 40+ लर्निंग टूल्स
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

### बनाएं अपना कॅरिअर

अगर आप भी ग्रेजुएशन कर चुके हैं और करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में युवा कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज कर सकते हैं। आप घर बैठे खुद को किसी फील्ड का प्रोफेशनल बनाकर अपने करियर को एक दिशा दे सकते हैं।





## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शॉर्ट टर्म कोर्स कर पाएं लाखों कमाने के मौके

इन दिनों बहुत सारे लोग नौकरी, बिजनेस या फिर पढ़ाई करते हुए कई दूसरे स्किल भी सीख रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के पास समय नहीं होता है, वह शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। बता दें कि यह कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होते हैं।

इन दिनों बहुत सारे लोग नौकरी, बिजनेस या फिर पढ़ाई करते हुए कई दूसरे स्किल भी सीख रहे हैं। लेकिन रेग्युलर कोर्स करने के लिए आपको किसी संस्थान में जाना होता है, इसके लिए आपके पास पर्याप्त समय होना चाहिए। ऐसे में जिन लोगों के पास समय नहीं होता है, वह शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। बता दें कि यह कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होते हैं। वहीं इनमें से बहुत सारे कोर्स ऐसे भी होते हैं, जिनको करने के लिए आप किसी खास या तय समय पर कंप्यूटर के सामने नहीं बैठना पड़ता, बल्कि आप अपने समयानुसार इन कोर्स को कर सकते हैं।

राज्य और केंद्र सरकार के अलावा Google, IBM, Reuters जैसी कंपनियां भी इन कोर्सेज को कराती हैं। इन कोर्स की फीस 500 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक हो सकती है। इनमें से कुछ कोर्स फ्री होते हैं, लेकिन सर्टिफिकेट लेने के लिए कुछ पैसे देने पड़ते हैं।

### AI कोर्स

आपको बता दें कि गूगल समेत कई कंपनियों की तरफ से कई तरह के AI कोर्स जारी किए गए हैं। यह कोर्स ऑनलाइन और पूरी तरह फ्री हैं। करियर में आगे बढ़ने के लिए यह कोर्स आपकी मदद कर सकते हैं। हालांकि यह कोर्स अंग्रेजी में होते हैं और आपको थोड़ी-बहुत कंप्यूटर की जानकारी होनी चाहिए। बाकि इन कोर्स को करने के लिए किसी खास तरह की योग्यता की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आप यह कोर्स को अपनी रेज्यूमे में जोड़कर अच्छी नौकरी की तलाश पूरी कर सकते हैं।

### लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स

इस कोर्स को करने के बाद आप भी ChatGPT जैसा प्लेटफॉर्म बना सकते हैं। इस कोर्स में आपको यह सिखाया जाता है कि किस तरह से ChatGPT जैसे प्लेटफॉर्म पर इमेज और कंटेंट क्रिएट किया जाता है। आप इस कोर्स को करने के बाद किसी भी टॉपिक पर आर्टिकल बना सकते हैं। यह किसी भी कंटेंट को दूसरी भाषा में ट्रांसफर कर सकते हैं। मिनटों में लंबे असाइनमेंट या प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं। लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स कोर्स में यह भी बताया व सिखाया जाता है कि आप किस तरह प्रॉम्प्ट ट्यूनिंग की मदद से आउटपुट पर कंट्रोल पा सकते हैं। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है।

### इमेज जनरेटर

इमेज जनरेटर का कोर्स कर आप AI की मदद से कैसा भी कोई भी फोटो जनरेट कर सकते हैं। इस कोर्स में आप यह भी सीख सकते हैं कि कम रिजॉल्यूशन वाली फोटो को हाई रिजॉल्यूशन में कैसे बदलें। इस कोर्स को करने के बाद आप किसी का चेहरा भी डिजाइन कर सकते हैं और लैंडस्केप इमेज भी तैयार कर सकते हैं। इस कोर्स में टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के आधार पर इमेज, स्केच और कार्टून आदि बनाने की ट्रेनिंग दी भी जाती है। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है।

### 6 महीने का समय

इन कोर्स को करने का समय 3 घंटे से लेकर 6 महीने तक का हो सकता है। कोर्स को कब करना है, कितने बजे से कितने बजे तक करना है, यह फिक्स नहीं होता है। अपनी सुविधानुसार आप किसी भी समय इस कोर्स को कर सकते हैं।



### AI में कैसे जॉब पाएं?

जबसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तबसे यह हर एक सेक्टर में काफी डिमांड में आ गया है। आज के समय AI तकनीक से कई सारे काम संभव हो रहे हैं। अगर आप AI में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए है। AI जॉब के लिए टेक्निकल एजुकेशन होना काफी जरूरी है। AI से संबंधित जॉब देने वाली कंपनियां कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, मैथ्स और एप्लाइड साइंस को कुछ मेन डिग्री है, जिनकी उन्हें तलाश रहती है। आज के डिजिटल युग में नई-नई तकनीक से काफी विकास हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने से तकनीक क्षेत्र लेकर मीडिया लाइन में इसका काफी प्रयोग हो रहा है। यह आज के समय में काफी डिमांड में है। AI क्षेत्र में नौकरियां भी काफी तेजी से बढ़ रही हैं। AI को करियर के रूप में देखा जा रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां AI पर फोकस कर रही हैं, इसी तरह लोग भी AI बेस्ड नई नौकरी पाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। आपको बता दें कि, AI में कई नौकरियां शामिल हैं जैसे मशीन लर्निंग इंजीनियर, प्रॉम्प्ट इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट या AI रिसर्च इत्यादि। अगर आप इसे करियर बनाना चाहते हैं तो आपको बता दें किस तरह की पढ़ाई करनी है और कंपनियां को किस तरह की प्रोफाइल वाले रिज्यूम पसंद आते हैं।

#### टेक्निकल पढ़ाई

दरअसल, बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ रिक्रूटर्स का कहना है कि AI जॉब के लिए टेक्निकल एजुकेशन होना काफी जरूरी है। उनका मानना है कि अक्सर AI बेस्ड जॉब देने वाली कंपनियां कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, मैथ्स और एप्लाइड साइंस को कुछ मेन डिग्री के रूप में देखते हैं।

#### कानून की समझ हो

टैलेंट फर्म कैरेक्स कंसल्टिंग ग्रुप के एक टेक्निकल रिक्रूटर एंड्री मेंडोजा ने कहा कि क्योंकि AI एक नया फील्ड है, इसलिए इसकी ट्रेनिंग एक अच्छा ऑप्शन है। आगे उन्होंने बताया कि कानून की गहरी समझ होना जरूरी है और बेस्ट सिक्योरिटी प्रैक्टिस भी होनी जरूरी है। लेकिन शुरुआत में इतना काफी नहीं है। अगर आप इस नई फील्ड में अपनी जगह बनाने चाहते हैं तो आपका टेक्निकल बैकग्राउंड से होना बहुत जरूरी है। जो लोग अलग-अलग पढ़ाई या करियर वाले स्कूल से आते हैं, उन्हें AI में नौकरी नहीं मिल सकती है।

#### प्रोग्रामिंग लैंग्वेज आना चाहिए

अगर आप AI में नौकरी पाना चाहते हैं तो AI की व्यापक टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी और इंजीनियर होना बहुत जरूरी है, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज आना भी जरूरी है। AI में नौकरियों के लिए आवेदकों के लिए पायथन या जावास्क्रिप्ट की समझ होनी चाहिए।

#### कोडिंग की समझ भी जरूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक, कोडिंग सर्टिफिकेट्स नौकरी पाने की संभावनाएं बढ़ा देते हैं। अगर AI में बेहतरीन नौकरी चाहिए तो कोडिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए।



## फार्मासिस्ट बनकर कॅरियर को दें नई ऊंचाइयां

फार्मासिस्ट बनकर आपको समाज की सेवा करने का भी मौका मिलता है। ऐसे में यदि आप भी फार्मासिस्ट बनना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी सभी डिटेल्स के बारे में आपको जानकारी होना जरूरी है।

अक्सर छात्र अपने करियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। क्योंकि मेहनत के साथ ही सही कोर्स का चुनाव करना भी जरूरी होता है। ऐसे में आप फार्मासिस्ट बन करने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। फार्मासिस्ट बनकर आपको समाज की सेवा करने का भी मौका मिलता है। ऐसे में यदि आप भी फार्मासिस्ट बनना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी सभी डिटेल्स के बारे में आपको जानकारी होना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस कोर्स की सारी डिटेल्स बताने जा रहे हैं।

### क्वालिफिकेशन

फार्मासिस्ट बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं है। छात्र को फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी या मैथ्स विषय से 12वीं पास होना चाहिए। 12वीं के बाद बैचलर ऑफ फॉर्मेसी की डिग्री हासिल करनी होगी। बी फार्मा का कोर्स 4 साल का होता है। वहीं आप चाहे तो मास्टर ऑफ फार्मेसी भी कर सकते हैं, यह दो साल का कोर्स होता है। इसमें पीएचडी का भी एक ऑप्शन होता है, पीएचडी कर आप शोध और शिक्षण के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

### चयन प्रक्रिया

बी.फार्मा में एडमिशन के लिए अधिकतम राज्यों और विश्वविद्यालयों द्वारा एंट्रेंस एग्जाम आयोजित कराए जाते हैं। तो वहीं कुछ प्रमुख परीक्षाओं में CUET और राज्य स्तरीय परीक्षाएं आदि भी शामिल हैं। एंट्रेंस एग्जाम के बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर काउंसलिंग की जाती है।

इन जगहों पर कर सकते हैं नौकरी

- अस्पताल और क्लीनिक
- फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री
- रिटेल फार्मेसी
- रेगुलेटरी अफेयर्स
- शिक्षण

### सैलरी

फार्मासिस्ट की सैलरी अनुभव, कार्यक्षेत्र और नौकरी की लोकेशन आदि पर निर्भर करती है। बता दें कि एक फार्मासिस्ट की औसत सैलरी 2.5 लाख से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष हो सकती है। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती जाती है। अनुभवी फार्मासिस्ट की सैलरी 8 लाख से 12 लाख रुपए प्रति वर्ष या इससे भी ज्यादा हो सकती है।



## सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों के लिए टिप्स

सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) एक महत्वपूर्ण प्रमाणन है जो पेशेवरों को विविध और अत्यधिक मांग वाले कौशल सेट से लैस करता है। यह योग्यता न केवल शैक्षणिक ज्ञान और नौकरी की आवश्यकताओं के बीच अंतर को पाटती है बल्कि वैश्विक स्तर पर करियर के अवसरों को भी बढ़ाती है।

सीपीए परीक्षा, अमेरिकन इंस्टीट्यूटऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (एआईसीपीए) द्वारा विकसित और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टेट बोर्ड्स ऑफ अकाउंटेंसी (एनएएसबीए) द्वारा प्रशासित एक व्यापक चार-भागीय परीक्षा, यूएस आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) और यूएस आम तौर पर विशेषज्ञता रखती है। स्वीकृत लेखापरीक्षा मानक (जीएएएस)। कई छात्रों के लिए व्यस्त कामकाजी जीवन को संतुलित करना और यूएस सीपीए प्रमाणन प्राप्त करना भारी पड़ सकता है। हालाँकि, सही रणनीतियों और मानसिकता के साथ, वित्तीय रिपोर्टिंग और ऑडिटिंग में उन्नत पेशेवर स्थिति हासिल करना पूरी तरह से संभव है।

**अपनी योग्यता का निर्धारण करें**

- किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातक की डिग्री प्राप्त करें।
- परीक्षा में बैठने के लिए 120 क्रेडिट घंटे पूरे करें; लाइसेंस के लिए 150 क्रेडिट घंटे आवश्यक हैं।
- अतिरिक्त राज्य-विशिष्ट आवश्यकताओं की समीक्षा करें।

**अपना मूल्यांकन करें**

- सभी शैक्षणिक प्रतिलेख अपने चुने हुए राज्य लेखा बोर्ड को जमा करें।
- आवश्यक शुल्क का भुगतान करें।

**अपना परीक्षा आवेदन और शुल्क जमा करें**

- सीपीए परीक्षा के लिए आवेदन करें और आवश्यक दस्तावेज जमा करें।
- आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

**परीक्षण के लिए प्राधिकरण प्राप्त करें (एटीटी)**

- राज्य बोर्ड से एटीटी प्राप्त करें और 90 दिनों के भीतर परीक्षा के लिए साइन अप करें।
- परीक्षा अनुभाग शुल्क का भुगतान करें।

**शेड्यूल के लिए अपना नोटिस सत्यापित करें (एनटीएस)**

एनटीएस प्राप्त करें और सत्यापित करें, जो आपको अपने परीक्षा अनुभागों को शेड्यूल करने की अनुमति देता है।

**अपनी परीक्षा शेड्यूल करें**

- प्रोमेट्रिक परीक्षण केंद्र पर अपने परीक्षा अनुभागों को शेड्यूल करें।
- अपनी पसंदीदा तिथि, स्थान और परीक्षा अनुभाग चुनें।

**यूनिफॉर्म सीपीए परीक्षा उत्तीर्ण करें**

- सीपीए परीक्षा के सभी चार अनुभागों को सफलतापूर्वक पूरा करें।

**यूएस सीपीए लाइसेंस प्राप्त करें**

- आवश्यक 150 क्रेडिट घंटे और प्रासंगिक कार्य अनुभव पूरा करें।
- अपने राज्य के लिए आवश्यक नैतिकता परीक्षा उत्तीर्ण करें।

**कुछ अध्ययन टिप्स**

– एक विस्तृत अध्ययन योजना बनाएं

- अपने कार्य शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए एक व्यवहार्य अध्ययन दिनचर्या विकसित करें।
- परीक्षा पाठ्यक्रम को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और यथार्थवादी समय सीमा निर्धारित करें।

**गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री चुनें**

- विश्वसनीय समीक्षा पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्री चुनें।
- तैयारी के लिए अच्छे विशेषज्ञ व्याख्यान, ऑनलाइन संसाधनों और अध्ययन समूहों पर विचार करें।

**प्रभावी समय प्रबंधन**

- अपने अध्ययन सत्र को प्राथमिकता दें और ध्यान भटकाने से बचें।
- अध्ययन के समय के लिए कार्य अवकाश, सप्ताहांत और सुबह-सुबह का उपयोग करें।
- उत्पादकता बढ़ाने के लिए अध्ययन सत्र के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें।

**सीखें और दोहराएं**

- पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझें और विशेष रूप से अपने कमजोर क्षेत्रों की पहचान करें।
- बुनियादी अवधारणाओं से शुरुआत करें और धीरे-धीरे अधिक कठिन विषयों की ओर बढ़ें।
- अपनी शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन रिवीजन करें।

**मॉक टेस्ट के साथ अभ्यास करें**

- मुख्य परीक्षा के दौरान अच्छी तैयारी के लिए नियमित मॉक टेस्ट शेड्यूल करें।
- अपने प्रदर्शन का स्वयं मूल्यांकन करें और गलतियों की पहचान करें।

**अध्ययन समूहों में शामिल हों**

- आभासी अध्ययन समूहों के माध्यम से साथी छात्रों से जुड़ें
- दूसरों का दृष्टिकोण जानने के लिए चुनौतीपूर्ण विषयों और प्रश्नों पर चर्चा करें।

**प्रेरित रहो**

- अपने लक्ष्य को ध्यान में रखें और अपनी तैयारी के दौरान प्रेरित रहें।
- छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाएं और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें।

# प्राइज मनी में बंपर इजाफा, सिंगल्स के चैंपियन को मिलेंगे आईपीएल विजेता से दोगुने पैसे

एजेंसियां। वाशिंगटन



टेनिस ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत 24 अगस्त से होनी है. यह साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है. इस टूर्नामेंट ने शुरू होने से पहले ही इतिहास लिख दिया है. यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन ने यूएस ओपन 2025 के प्राइज मनी की घोषणा कर दी है. इसकी प्राइज मनी टेनिस इतिहास के किसी भी टूर्नामेंट से ज्यादा है. न्यूयॉर्क में होने वाला इस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी 90 मिलियन डॉलर यानी लगभग 788 करोड़ रुपये है. यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन ने एक बार फिर टेनिस इतिहास का सबसे बड़ा पुरस्कार देने का फैसला किया है. पिछले साल हुए यूएस ओपन की कुल प्राइज मनी 75 मिलियन डॉलर थी. इसे 20 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है. इस साल पुरुष और महिला एकल के विजेता को 5 मिलियन डॉलर (लगभग 44 करोड़ रुपये) मिलेंगे. यह 2024 में दिए गए 3.6 मिलियन डॉलर से 39% ज्यादा है. आईपीएल की विजेता टीम को 20 करोड़ रुपये मिलते हैं. यह खेल के इतिहास में सबसे बड़ी जीत की राशि होगी. इसके साथ ही फाइनल में पहुंचने वाले, सेमीफाइनल में पहुंचने वाले, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले और राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को भी ज्यादा पैसे मिलेंगे.

### यूएस ओपन की प्राइज मनी का पूरा डिटेल

पुरुष और महिला सिंगल्स
चैंपियनः $5,000,000
उपविजेताः $2,500,000
सेमीफाइनलिस्टः $1,260,000
क्वार्टरफाइनलिस्टः $660,000
राउंड ऑफ 16ः $400,000
राउंड ऑफ 32ः $237,000
राउंड ऑफ 64ः $154,000
राउंड ऑफ 128ः $110,000

### पुरुष और महिला डबल्स

चैंपियनः $1,000,000
उपविजेताः $500,000
सेमीफाइनलिस्टः $250,000
क्वार्टरफाइनलिस्टः $125,000
राउंड ऑफ 16ः $75,000
राउंड ऑफ 32ः $45,000
राउंड ऑफ 64ः $30,000

### मिक्स्ड डबल्स

चैंपियनः $1,000,000
उपविजेताः $400,000
सेमीफाइनलिस्टः $200,000
क्वार्टरफाइनलिस्टः $100,000
राउंड ऑफ 16ः $20,000

### पुरुष और महिला सिंगल्स क्वालीफाइंग

राउंड ऑफ 32ः $57,200
राउंड ऑफ 64ः $41,800
राउंड ऑफ 128ः $27,500

सेमीफाइनल में पहुंचने वाले को 1.26 मिलियन डॉलर (26% अधिक), क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 660,000 डॉलर (25% अधिक) और राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाले को 400,000 डॉलर (23% अधिक) मिलेंगे. यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि शुरुआती दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को भी कुछ फायदा हो सके.

पुरुषों और महिलाओं के डबल्स में भी पुरस्कार राशि बढ़ाई गई है. डबल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह कदम उठाया गया है. डबल्स की पुरस्कार राशि 23% बढ़ाकर 4.78 मिलियन डॉलर कर दी गई है, जो 2024 में 3.89 मिलियन डॉलर थी. यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन का कहना है कि वह हमेशा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने की कोशिश करता है. इसलिए पुरस्कार राशि बढ़ाई गई है.

**टीम इंडियाः** खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हुए दिग्गज

# पार्थिव ने गिल-जडेजा को सराहा इरफान पठान ने नायर पर की बात

एजेंसियां। नयी दिल्ली







बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया. शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त कराई. भारतीय खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन पर अब दिग्गजों ने प्रतिक्रिया दी है. पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा की तारीफ की जबकि इरफान पठान करुण नायर के प्रदर्शन से कुछ खास खुश नहीं हुए.

**इंग्लैंड दौरे पर बतौर कप्तान चमके गिल :** गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की सीरीज में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे. गिल ने इस सीरीज में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए. उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया. इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने सीरीज में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा. गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है.

**जडेजा ने भी किया प्रभावित :** वहीं, रवींद्र जडेजा भी पीछे नहीं रहे. स्टार ऑलराउंडर ने इस दौरे पर एक शतक और पांच अर्धशतकों की मदद से 516 रन बनाए. उन्होंने शीर्ष क्रम के बिखरने के बाद पारी को संभालने में अहम भूमिका निभाई. अब पार्थिव पटेल ने उनकी तारीफ की है. पार्थिव ने गिल की प्रशंसा करते हुए कहा, हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन - लोगों ने सवाल उठाया कि क्या वह अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे.

दूसरी पारी में, आलोचकों ने कहा कि उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया. फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए. कुछ लोगों को लगा कि यह पर्याप्त नहीं होगा, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए. कम स्कोर वाले तीसरे टेस्ट के बाद भी, उन्होंने मैनचेस्टर में एक महत्वपूर्ण शतक लगाया जब भारत को ड्रॉ की जरूरत थी.' पार्थिव ने जडेजा के लिए कहा, 'जडेजा के रनों का महत्व तब और बढ़ जाता है जब आप देखते हैं कि पहले टेस्ट में भारत की बल्लेबाजी दो बार ध्वस्त हो गई थी. ऐसे में छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है. जडेजा ने न केवल उस जिम्मेदारी को संभाला, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि बाकी सीरीज में कोई भी बल्लेबाजी पतन न हो.'

करुण के प्रदर्शन से खफा हुए पठान इस दौरान इरफान पठान ने करुण नायर के प्रदर्शन पर बात की. वह उनसे कुछ खास खुश नजर नहीं आए. उन्होंने कहा, 'लॉर्ड्स टेस्ट में उनके पास भारत को मैच जिताने का अच्छा मौका था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके.' उल्लेखनीय है कि लॉर्ड्स (तीसरा टेस्ट) टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया था. पूरी सीरीज के दौरान नायर शुरुआत में अक्सर सहज दिखे और निर्णायक फुटवर्क से रन बनाते रहे लेकिन जैसे-जैसे उनकी पारी आगे बढ़ी, वे बार-बार आउट होते गए. पठान ने कहा कि यही पैटर्न उनके अभियान का सार था.

पठान ने नायर के प्रदर्शन को 10 में से 4 रेटिंग दी और उन्हें लगा कि इस बल्लेबाज ने क्रिकेट से मिले दूसरे मौके को गंवा दिया. पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'पूरी सीरीज में उनका प्रदर्शन कुछ खास खराब नहीं रहा. उन्हें लगातार अच्छी शुरुआत मिलती रही, लेकिन वे सिर्फ एक अर्धशतक ही लगा पाए. उन्हें कई मौके मिले. क्रिकेट ने उन्हें दूसरा मौका जरूर दिया, लेकिन वे उसका उतना फायदा नहीं उठा पाए जितना उन्हें उठाना चाहिए था.' इंग्लैंड दौरे पर चार मैचों की आठ पारियों में नायर ने एक अर्धशतक की मदद से 205 रन बनाए.

# विराट कोहली और एमएस धौनी, दोनों में से कौन है ज्यादा अमीर क्रिकेटर?

एजेंसियां। मुंबई



भारत के दो महान क्रिकेटर, विराट कोहली और एमएस धोनी, न केवल अपने खेल के लिए बल्कि अपनी संपत्ति के लिए भी चर्चा में रहते हैं. दोनों खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट करियर के साथ-साथ ब्रांड एंडोर्समेंट्स, बिजनेस वेंचर और इनवेस्टमेंट के जरिए करोड़ों कमाए हैं. आइए जानें 2025 में प्रोबो के अनुसार इन दोनों की कुल संपत्ति कितनी है और कमाई के मामले में कौन सबसे आगे है?

**विराट कोहली की कमाई और नेट वर्थ :** विराट कोहली की अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 127 मिलियन डॉलर (1,050 करोड़ रुपये) है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों में से एक बनाती है. कोहली क्रिकेट, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और अपने बिजनेस वेंचर से करोड़े की कमाई कर रहे हैं.

**क्रिकेट से कमाई-** बीसीसीसआई और आईपीएल में आरसीबी के साथ उनका आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट के तौर पर कोहली को भारी वेतन मिलता है.

ब्रांड एंडोर्समेंट्स- कोहली की प्यूमा, एमआरएफ, ऑडी, और बूस्ट जैसे बड़े ब्रांड के साथ करोड़ो की डील्स हैं.

**बिजनेस और निवेश-** रॉगन (कपड़ों का ब्रांड), सीजेल (जिम चेन), वन8 , डिजिट इंश्योरेंश, ब्लू ट्राइब और रेज कॉफी जैसे स्टार्टअप्स में भी निवेश किया है. इन सभी से विराट कोहली को कमाई के मामले में बहुत मजबूत बना दिया है. टेस्ट और टी20 से रिटायरमेंट के बाद भी उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है.

**एमएस धौनी की कमाई और नेट वर्थ :** एमएस धौनी की अनुमानित संपत्ति लगभग 123 मिलियन डॉलर (1,000 करोड़ रुपये) है. धौनी ने खेल के साथ-साथ व्यवसायिक दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई है. इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद भी धोनी करोड़ों की कमाई कर रहे हैं.

**क्रिकेट से कमाई-** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के रुप में धौनी को करोड़ों रुपये मिलते हैं.

ब्रांड एंडोर्समेंट्स- रिबॉक, ड्रीम11, इंडिगो पेंट्स जैसे बड़े ब्रांड के साथ उनकी ब्रांड डील्स से भी वो करोड़ो कमा रहे हैं.

**बिजनेस और निवेश-** सेवेन नामक लाइफस्टाइल ब्रांड, चेन्नईयन एफसी (फुटबॉल टीम) और स्पोर्ट्सफिट फिटनेस चेन में मालिकाना हिस्सेदारी, और अन्य निवेश से भी धौनी की कमाई करोड़ो में है. धौनी की समझदारी और ब्रांडिंग में स्मार्ट सोच ने उन्हें खेल के बाद भी आर्थिक रूप से स्थिर रखा है.

**कौन है सबसे अमीर :** आंकड़ों के अनुसार, विराट कोहली की कुल संपत्ति एमएस धौनी से कुछ ज्यादा है. कोहली की लगातार खेल में शानदार प्रदर्शन, बड़े ब्रांड्स के साथ डील्स और स्मार्ट निवेशों ने उनकी कमाई को और भी बढ़ाया है. धौनी भी रिटायरमेंट के बाद लोकप्रिय और वित्तीय रूप से बहुत मजबूत हैं, लेकिन कमाई के मामले में कोहली की पॉपुलेरिटी ने उन्हें सबसे अमीर क्रिकेटर बना दिया है.

**विराट कोहली की संपत्ति-** 127 मिलियन डॉलर(1,050 करोड़ रुपये)

**एमएस धौनी की संपत्ति-** 123 मिलियन डॉलर (1,000 करोड़ रुपये)

## डीपीएल 2025 : पुरानी दिल्ली 6 ने न्यू दिल्ली टाइगर्स को 10 रन से हराया

**नयी दिल्ली** । अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गए हाई-स्कोरिंग दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मुकाबले में पुरानी दिल्ली 6 ने शानदार हरफनमौला खेल दिखाते हुए न्यू दिल्ली टाइगर्स को 10 रन से मात दी. पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 200 रन बनाए. टीम के लिए समर्थ सेठ ने 46 गेंदों में 80 रनों की लाजवाब पारी खेली, जिसमें बेहतरीन टाइमिंग और तेज़ रनगति देखने को मिली. उन्हें प्रणव पंत (46 रन, 36 गेंद) का अहम साथ मिला, जबकि वंश बेदी ने महज़ 9 गेंदों में 31 रन की तूफ़ानी पारी खेलकर स्कोर को 200 तक पहुँचाया. गेंदबाज़ी में टाइगर्स के पंकज जसवाल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट झटके. जवाब में न्यू दिल्ली टाइगर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए. इसके बाद शिवम गुप्ता (39 रन, 24 गेंद) और वैभव रावल (62 रन, 35 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को मैच में बनाए रखा. लेकिन अंतिम ओवरों में पुरानी दिल्ली 6 के गेंदबाज़ों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ वापसी की.

**संक्षिप्त स्कोर**

**पुरानी दिल्ली** 6ः 200/6 (समर्थ सेठ 80, प्रणव पंत 46, पंकज जसवाल 3/28)


**न्यू दिल्ली टाइगर्सः** 190/7 (वैभव रावल 62, शिवम गुप्ता 39, उदव मोहन 2/29)

एशिया कप से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ी खबर

# सूर्यकुमार यादव वापसी के लिए तैयार

एजेंसियां। नयी दिल्ली





भारतीय क्रिकेट टीम अब एशिया कप में खेलती हुई नजर आएगी. ये टूर्नामेंट इस बार टी20 फॉर्मेट में होना है. ऐसे में जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव के ऊपर आ चुकी है. हालांकि सूर्या की कुछ ही दिन पहले सर्जरी हुई थी, जिसके चलते वो लंबे समय से खेल से दूर हैं. लेकिन अब वो वापसी के लिए तैयार हैं.

सूर्यकुमार यादव ने जून में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद पहली बार बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नेट्स में बल्लेबाजी की.

सूर्यकुमार ने खुद यह जानकारी एक वीडियो जारी करके दी. वह जर्मनी में अपनी चोट के लिए सलाह लेने गए थे और 25 जून को उनकी सर्जरी हुई थी. अब वह भारत लौट आए हैं और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन और फिटनेस का आंकलन करा रहे हैं.

सूर्यकुमार यादव ने शुरू की ट्रेनिंग कुछ दिन पहले सूर्यकुमार यादव ने ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने बल्ला थामा और बल्लेबाजी का अभ्यास किया. इस बीच एशिया कप 9 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा. भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है और दोनों टीमें 14 सितंबर को दुबई में भिड़ेंगी.

**पहले भी हुई है सर्जरी :** सूर्यकुमार यादव ने अपनी वापसी का संकेत दिया है. उन्होंने सोशल मिडिया पर एक वीडियो शेयर किया. इसमें वह नेट्स में बल्लेबाजी करते हुए दिख रहे हैं. उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'मैं वह काम करने के लिए वापस आने का इंतजार नहीं कर सकता जो मुझे पसंद है.' यह दूसरी बार है जब मुंबई इंडियंस के इस स्टार बल्लेबाज की स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई है. उनकी पहली सर्जरी जनवरी 2024 में हुई थी.

## नवाज की धमाकेदार पारी से पाकिस्तान ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

एजेंसियां। तरौबा



पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने अपने वनडे इंटरनेशनल डेब्यू में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 63 रन बनाए और टीम भारतीय समयानुसार शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच विकेट से जीत दिलाई. तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने 281 रनों के लक्ष्य को 49वें ओवर में हासिल किया. नवाज और हुसैन तलत ने छठे विकेट के लिए 104 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से निकालकर जीत की ओर ले गए. नवाज ने 54 गेंदों में 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से नाबाद 63 रन बनाए, जबकि तलत ने 37 गेंदों पर 41 रन (1 छक्का, 4 चौके) का योगदान दिया.

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 280 रन पर ऑलआउट हो गई. इविन लुईस ने 62 गेंदों पर 60 रन (3 छक्के, 5 चौके) बनाए, जबकि कप्तान शाई होप ने 55 और रोस्टन चेज़ ने 53 रन जोड़े. पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने 4 विकेट चटकाए, जबकि नसीम शाह ने 3 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के विकेटकीपर मोहम्मद रिज़वान ने 53 रन बनाए, लेकिन 38वें ओवर में शमार जोसेफ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए. उस समय टीम को जीत के लिए 101 रन चाहिए थे.

# एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे भारत के रमेश व किशोर

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारतीय सर्फरों ने एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया है. शनिवार को रमेश बुढ़िहाल और किशोर कुमार ओपन मेन्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए. दिन के पहले हीट में उतरे बुढ़िहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.84 अंक हासिल किए और फिलीपींस के नील सांचेज़ (12.80) को पीछे छोड़ दिया. अपनी जीत के बाद बुढ़िहाल ने कहा, "यही वह पल है जिसका हम इंतजार कर रहे थे. सुबह मैंने कुछ लहरों पर अभ्यास किया था और सोचा था कि हीट में भी यही करना है. यह हमारे लिए गर्व का पल है."

पिछले साल मालदीव में हुई चैम्पियनशिप में हिस्सा न ले पाने का अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा, "अगर मुझे पिछले साल मौका मिलता तो शायद मैं और अच्छा कर पाता. लेकिन इस बार मैं पूरी तरह से इसका फायदा उठा रहा हूं."

वहीं, दिन के आखिरी हीट में किशोर कुमार ने संतुलित खेल दिखाते हुए 10.50 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया. वह फिलीपींस के एडुआर्डो अल्सिसो (12.03) से पीछे रहे. पिछले साल किशोर ने अंडर-18 कैटेगरी में देश का प्रतिनिधित्व किया था और उस उम्र वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे. टॉप-2 खिलाड़ी ही सेमीफाइनल में जगह बना पाए, जिसमें भारत के दो खिलाड़ी शामिल हैं. वहीं, हीट-3 में श्रीकांत डी 10.90 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और मामूली अंतर से सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए. ओपन मेन्स सेमीफाइनलिस्ट में बुढ़िहाल, सांचेज़, मेगा आर्ताना (इंडोनेशिया), शिडोंग वू (चीन), पजार अरियाना (इंडोनेशिया), कानोआ हीजाए (दक्षिण कोरिया), अल्सिसो और किशोर शामिल हैं.

इससे पहले, अंडर-18 गर्ल्स वर्ग में आद्या सिंह और धामयंती श्रीराम ने रिपेचेज सेकंड राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई, जबकि सान्वी हेगड़े इसी दौर में बाहर हो गईं.

**एशेज सीरीज** इस बार अपने होम ग्राउंड पर 5-0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैकग्रा की भविष्यवाणी

एजेंसियां। पर्थ





एशेज सीरीज शुरू होने में अभी तीन महीने से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने आगामी संस्करण के लिए अभी ही भविष्यवाणी कर दी है. मैक्ग्रा का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड का 5-0 से सफाया करेगा. इस रोमांचक सीरीज की शुरुआत 21 नवंबर से होने जा रही है. पर्थ में पहला मुकाबला खेला जाएगा और मैक्ग्रा का मानना है कि इंग्लैंड के लिए पैट कमिंस जैसे गेंदबाज से पार पाना काफी मुश्किल होगा. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इंग्लिश टीम का अपने पिछले खराब रिकॉर्ड से भी पार पाना काफी मुश्किल होगा. मैक्ग्रा ने कहा कि इस बार उनकी भविष्यवाणी हाल ही में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत द्वारा इंग्लैंड को 2-2 से ड्रॉ पर रोके जाने पर आधारित है.

**इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल सीरीज :** मैकग्रा ने 'बीबीसी रेडियो' पर कहा, 'मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं, लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 जीत हासिल करेगा. मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है. जब पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफी मुश्किल होने वाला है. इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है.'

**ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा इंग्लैंड :** इंग्लैंड इस साल के अंत में पांच मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा. उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है. इसके अलावा इंग्लैंड को 2002-03 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एक सीरीज को छोड़कर बाकी सभी सीरीज में 0-5 या 0-4 से हार का सामना करना पड़ा है. इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट मैच 2010-11 में जीता था. इंग्लैंड ने तब सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी.

**ऑस्ट्रेलिया का अपने घर में शानदार रिकॉर्ड :** ऑस्ट्रेलिया ने 2021-22 में जब इंग्लैंड का आखिरी दौरा किया था, तब 4-0 से जीत हासिल की थी. यही नहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी धरती पर जो पिछले 15 टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से 11 में उसने जीत दर्ज की है. उसने इस बीच केवल दो मैच हारे, जबकि दो अन्य मैच ड्रॉ समाप्त हुए थे.

# आखिरी गेंद पर छक्का और पाक को डुबा दिया आयरलैंड की अंजान खिलाड़ी ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसियां। नयी दिल्ली





आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को दूसरे टी20 मैच में रोमांचक तरीके से हराया. जेन मेगोइर इस जीत की हीरो रहीं. उन्होंने आखिरी गेंद पर छक्का मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई. आयरलैंड को आखिरी गेंद पर 4 रनों की जरूरत थी. इसी के साथ जेन मेगोइर ने एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

जेन मेगोइर ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

जेन मेगोइर क्रिकेट के इतिहास में पहली ऐसी खिलाड़ी बन गईं जिन्होंने अपने पहली गेंद पर छक्का मारकर अंतरराष्ट्रीय मैच जिताया. इस जीत के साथ, आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज भी जीत ली है. उन्होंने पहला मैच 11 रनों से जीता था जिसमें उन्होंने 142 रनों का बचाव किया था. पाकिस्तान की महिला टीम 2013 से आयरलैंड के खिलाफ टी20आई सीरीज नहीं जीत पाई है. जेन मेगोइर ने आखिरी गेंद पर शानदार प्रदर्शन किया. यह उनकी पारी की पहली गेंद भी थी। दिलचस्प बात यह है कि यह उनके करियर का 27वां टी20 मैच था और उन्होंने इससे पहले कभी छक्का नहीं मारा था. इसके अलावा, मेगोइर ने आठ पारियों में सिर्फ 13 रन बनाए थे. उनकी नाबाद 6 रनों का पारी आयरलैंड के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साबित हुआ. 22 साल की जेन मेगोइर मुख्य रूप से गेंदबाज हैं. लेकिन आखिरी गेंद पर छक्का मारकर वे रातोंरात स्टार बन गईं. उन्होंने सादिया इकबाल की गेंद पर छक्का मारा.

**मैच में क्या हुआ? :** पाकिस्तान की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. उन्होंने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 168 रन बनाए. उस समय यह स्कोर काफी लग रहा था. क्योंकि आयरलैंड ने सीरीज के पहले मैच में 142 रनों का बचाव किया था. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया.

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी वाटिका में पौधरोपण किया

# सीएम ने रक्षा बंधन एवं 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस' के अवसर पर पेड़ को बांधा रक्षा सूत्र

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस' के पावन अवसर पर आज पटना स्थित राजधानी वाटिका में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में पौधे का रोपण भी किया. बीते 13 अगस्त 2012 को रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने "बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस" का शुभारंभ किया था. इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें.जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है. जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है. राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है. राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है.इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.



## ब्रीफ न्यूज

### डीटीओ समेत पांच पर गिरफ्तारी का वारंट

**दरभंगा।** दरभंगा में ड्राइविंग लाइसेंस रैकेट मामले ने नया मोड़ ले लिया है. तत्कालीन डीटीओ शशि शेखरम समेत चार परिवहन कर्मियों पर गैर-जमानती वारंट जारी हुआ है, लेकिन आठ दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई. आरोपियों में लिपिक कुमार गौरव, डाटा एंट्री ऑपरेटर रुपेश कुमार, प्रोग्रामर बिक्रमजीत प्रताप शामिल हैं. 15 जनवरी 2025 को इन पर धोखाधड़ी, जालसाजी और विश्वासघात के तहत मामला दर्ज हुआ था. जांच में खुलासा हुआ कि पैसे लेकर फर्जी लाइसेंस जारी किए जा रहे थे. एक ही डीएल नंबर पर सात लोगों को लाइसेंस जारी किया गया, जिनकी धर्म और पहचान तक बदल दी गई. यह रैकेट बिहार से झारखंड और अरुणाचल तक फैला हुआ था.

### बिहार बाढ़: 49 साल बाद गंगा का कहर

**पटना।** 49 साल बाद गंगा का कहर, बड़ा सैलाब मंडराया बिहार इन दिनों भीषण बाढ़ की चपेट में है. खासकर वैशाली जिले के महनार में गंगा का पानी उफान पर है. शुक्रवार रात हसनपुर दक्षिणी गांव के पास तटबंध में रिसाव शुरू हुआ, जिससे हड़कंप मच गया. जल संसाधन विभाग को सूचना मिलते ही अभियंता अरुण कुमार और उनकी टीम तेज बारिश और आंधी के बीच मौके पर पहुंची. रेत की बोरियों और पत्थरों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद रिसाव पर काबू पाया गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कदम न उठाया जाता तो गांव जलमग्न हो सकते थे.

### रक्षाबंधन पर बहनों को सौगात, शक्ति सुरक्षा वाहिनी बनेगा कवच

**पटना।** रक्षाबंधन पर महिला सुरक्षा के लिए विशेष पहलरक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहार पुलिस मुख्यालय ने महिला सुरक्षा के लिए सराहनीय कदम उठाया है. पटना में 'शक्ति सुरक्षा वाहिनी' नामक विशेष टीम को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है. यह टीम महिला उत्पीड़न, छेड़खानी व फब्तियां कसने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करती है. गांधी मैदान के पूर्वी व पश्चिमी क्षेत्र में यह दल लगातार गश्त कर रहा है. कोचिंग, कॉलेज, स्कूल और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर इनकी खास नजर है.

### सियापा में मुखिया की बेटी प्रेमी संग फरार

**मुजफ्फरपुर।** ज़िले के सदर थाना क्षेत्र के एक पंचायत में इन दिनों सियापा और सनसनी का माहौल है. यहां के मौजूदा मुखिया की बेटी कुछ दिनों पहले अपने ही गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई थी. अब इस घटना ने नया मोड़ ले लिया है, युवती का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उसने अपने ही पिता पर गंभीर आरोप जड़े हैं.वायरल वीडियो में युवती कह रही है कि मैं अपने मर्ज़ी से अपने पति के साथ हूं. मेरे पिता ने मुझे पिस्टल दिखाकर हत्या की धमकी दी थी. अगर मेरे, मेरे पति या मेरे ससुराल वालों के साथ कुछ होता है, तो इसकी पूरी ज़िम्मेदारी मेरे पिता की होगी. युवती के अनुसार, वह किसी दबाव में नहीं बल्कि अपनी इच्छा से प्रेमी के साथ गई है. वीडियो के सामने आने के बाद पंचायत में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर तेज़ हो गया है.

## पुलिस अधिकारी पर गिरी गाज नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई



**संवाददाता। छपरा**

पुलिस विभाग में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सख्त कदम उठाया है. पुलिस विभाग में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सारण पुलिस ने सख्त कदम उठाया है. विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिस अवर निरीक्षक छतीश प्रसाद सिंह को पदावनत कर सहायक अवर निरीक्षक बना दिया गया है. यह कार्रवाई 5 अगस्त 2025 से प्रभावी होगी और अगले 12 महीने तक लागू रहेगी. एसपी कुमार आशीष ने बताया कि जांच में यह साबित हुआ कि अधिकारी ने एक मामले में पक्षपात करते हुए फायदा पहुँचाने की कोशिश की और मद्यनिषेध कानून का उल्लंघन किया. इस आचरण से न केवल कानून की अवहेलना हुई, बल्कि पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल हुई.एसएसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पुलिस की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी अवैध गतिविधि या कानून उल्लंघन की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके.

## त्योहारी सीजन में रेलवे का तोहफा, अब आने-जाने के टिकट पर मिलेगा 20 फीसदी डिस्काउंट

**संवाददाता। पटना**

दशहरा, दिवाली और छठ पूजा जैसे रौनक भरे त्योहारों के दौरान यदि आप ट्रेन से घर जाने की सोच रहे हैं, तो भारतीय रेलवे ने आपके लिए एक विशेष योजना का ऐलान किया है.शहरा, दिवाली और छठ पूजा जैसे रौनक भरे त्योहारों के दौरान यदि आप ट्रेन से घर जाने की सोच रहे हैं, तो भारतीय रेलवे ने आपके लिए एक विशेष योजना का ऐलान किया है. इस योजना के तहत यात्रियों को आने-जाने (रिटर्न) दोनों टिकट एक साथ बुक करने पर वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20% की छूट मिलेगी. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह योजना फिलहाल प्रायोगिक आधार पर लागू की जा रही है, ताकि त्योहारों के समय भारी भीड़ को बेहतर ढंग से संभाला जा सके, बुकिंग प्रक्रिया आसान हो और विशेष ट्रेनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके.



**केवल वापसी यात्रा के किराए पर 20% छूट:** आने और जाने दोनों यात्राएं एक ही श्रेणी और समान स्टेशन जोड़ी (ओ-डी पेयर) के लिए बुक करनी होंगी.समूह छूटः अगर एक ही समूह के यात्री आने-जाने के टिकट बुक करते हैं, तो भी छूट लागू होगी-बशर्ते यात्री विवरण दोनों दिशाओं में समान हो.केवल कन्फर्म टिकटों पर लागू.किराया रिफंड नहीं मिलेगा, यानी टिकट कैंसिल होने पर पैसे नहीं लौटेंगे.सभी श्रेणियों और ट्रेनों में मान्य (फ्लेक्सी फेयर वाली ट्रेनों को छोड़कर), विशेष ट्रेनों सहित.टिकट में बदलाव की अनुमति नहीं.रियायती टिकट पर कोई अन्य छूट, कूपन, पास या पीटीओ लागू नहीं होगा.टिकट बुकिंग का तरीका (ऑनलाइन या काउंटर) दोनों दिशाओं में एक जैसा होना चाहिए. चार्ट बनाते समय यदि किराए में कोई अंतर निकलता है, तो अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा.13 अक्टूबर के लिए बुकिंगः 14 अगस्त से शुरू.आने की यात्राः 13 से 26 अक्टूबर के बीच ट्रेन शुरू होने की तिथियों के लिए टिकट बुक होंगे. वापसी यात्राः 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच ट्रेन शुरू होने की तिथियों के लिए टिकट बुक होंगे.वापसी यात्रा पर अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) लागू नहीं होगी. वापसी यात्रा टिकट कनेक्टिंग यात्रा सुविधा से बुक होंगे. रेलवे का कहना है कि इस योजना से यात्रियों को न केवल किफायती यात्रा का लाभ मिलेगा.

## सरकारी अस्पताल में 611 तरह की दवाएं मुफ्त, दवा आपूर्ति में बिहार फिर नंबर वन

**पटना।** केंद्र सरकार के औषधि एवं टीका वितरण प्रबंधन प्रणाली (डीवीडीएमएस) पोर्टल के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, बिहार ने दवा वितरण और आपूर्ति के मामले में एक बार फिर देश में पहला स्थान हासिल किया है. सितंबर 2024 से लगातार 11 महीनों तक यह उपलब्धि बरकरार रखते हुए बिहार ने स्वास्थ्य सेवा वितरण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है.स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार को दवा वितरण में 82.13 अंक मिले हैं, जबकि राजस्थान 78.61 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की नई दिशा शुरू हुई और 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद मुफ़्त दवा वितरण नीति लागू की गई.मंत्री पांडेय ने बताया कि 2006 में जहां केवल 47 प्रकार की दवाइयाँ उपलब्ध थीं, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 611 हो गई है. इसके साथ ही, 20 अन्य प्रकार की दवाइयाँ, 132 तरह के चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य वस्तुएँ भी मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैंअस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज़ को उसकी ज़रूरत के मुताबिक दवाइयाँ मुफ्त में दी जा रही हैं. इसमें जीवन रक्षक दवाओं के साथ-साथ कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त के थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी गंभीर और जटिल बीमारियों की दवाएं भी शामिल हैं.

## न्यूज अपडेट

### महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि बक्सर को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

**बक्सर।** विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे की मुहिम पर बक्सर में महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई है. विश्वामित्र सेना की लगातार चल रही मुहिम को एक और बड़ी सफलता मिली है. बक्सर में महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई है, जिसे विश्वामित्र सेना अपनी संघर्षशील यात्रा की ऐतिहासिक जीत मानती है. इससे पहले रामरेखा घाट पर कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति भी इसी प्रयास का परिणाम थी. यह नई उपलब्धि साबित करती है कि संगठित जनआवाज़ से बदलाव संभव है.बिहार सरकार ने 24 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से इस परियोजना को मंजूरी दी है. पार्क गायत्री मंत्र की थीम पर विकसित होगा, जिसका उद्देश्य आगंतुकों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना, ईको-पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है. इस बड़ी जीत के मौके पर खुशी व्यक्त करते हुए विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे बोले - विश्वामित्र सेना का मानना है कि यह केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि बक्सर के गौरव, इतिहास और आध्यात्मिक धरोहर की पुनर्स्थापना है.

### सड़क किनारे खड़ी कार बनी अग्निकुंड

**नालंदा।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में रविवार को एक ऐसा नज़ारा देखने को मिला जिसने राहगीरों की सांसें थाम दीं. प्रखंड कार्यालय के समीप सड़क किनारे खड़ी एक सुजुकी कार अचानक आग की लपटों में घिर गई. देखते ही देखते यह कार अग्निकुंड में बदल गई और आसमान तक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार चालक किसी जरूरी काम से पास के कार्यालय में गया था और गाड़ी सड़क किनारे खड़ी थी तभी अचानक भीतर से धुआं उठने लगा और पलक झपकते ही कार धधकने लगी. हादसे के समय कार में कोई सवार नहीं था, वरना यह घटना जानलेवा साबित हो सकती थी. लपटें इतनी भीषण थीं कि मौके पर मौजूद लोग भी नज़दीक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए. कुछ ने बाल्टियों में पानी डालने की कोशिश करने की बात सोची, मगर आग की रफ्तार ऐसी थी कि हर प्रयास नाकाम साबित हुआ.

### 'मां-बहनों पर अत्याचार नहीं सहेंगे छोटे सरकार' का नारा देने वाले अनंत सिंह ने रक्षाबंधन पर बंधवाई राखी

**पटना।** मोकामा के बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह ने कुछ वर्ष पूर्व नारा दिया कि 'मां-बहनों पर अत्याचार नहीं सहेंगे छोटे सरकार'. खुद को नारी सम्मान का प्रतीक बताने वाले अनंत सिंह ने इस बार रक्षाबंधन पर कई वर्षों बाद अपनी बहनों से राखी बंधवाई. छोटे सरकार के नाम से मशहूर अनंत सिंह ने शनिवार को अपने परिवार की बहनों से राखी बंधाई. इस दौरान वे सफेद कुर्ता पहने रहे. वहीं आंखों पर काला चश्मा लगाए अनंत सिंह को बहनों ने अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया. दरअसल, वर्ष 2015 विधानसभा चुनाव के पहले बाढ़ में हुए पुटुस हत्याकांड के दौरान अनंत सिंह पर आरोप लगे थे. इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी. उस वर्ष जेल में बंद अनंत सिंह ने निर्दलीय ही विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. उस दौरान अनंत सिंह के समर्थकों ने एक नारा दिया था 'मां-बहनों पर अत्याचार नहीं सहेंगे छोटे सरकार'. यह नारा उनकी चुनावी जीत में बड़ी भूमिका निभाने वाला माना गया.

### बिहार में 1.12 करोड़ खातों में 1100 रुपये, कल पेंशन ट्रांसफर का बड़ा ऐलान, चुनावी साल में नीतीश का बड़ा दांव

**पटना।** बिहार की सियासी फिज़ाओं में इस रविवार एक नया रंग घुलने वाला है. तारीख 10 अगस्त और जगह पूरे बिहार का नक्शा. सुबह-सुबह ही राज्य के 1 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों के बैंक खातों में मोबाइल की 'पिंग' और पासबुक में ताज़ा एंट्री के साथ 1100-1100 रुपये का स्वागत होगा. नीतीश सरकार ने चुनावी साल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की मासिक राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी थी. इस बढ़ी हुई पेंशन की यह दूसरी किस्त होगी, जो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए भेजी जाएगी. विधवा महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांगजन जिनकी रोज़ी-रोटी के सहारे में यह पेंशन अहम है इस बार एकमुश्त लगभग 1247.34 करोड़ रुपये की राशि का लाभ उठाएंगे. आंकड़े चौंकाने वाले हैं -1,12,18,845 लाभुक, एक क्लिक, और करोड़ों की रकम सीधे बैंक खातों में लेकिन इस बार सरकार केवल रकम भेजकर चुप नहीं रहेगी, बल्कि इसे एक जन-उत्सव का रूप देने जा रही है. राज्य के हर ज़िले से लेकर पंचायत तक शिविरों का आयोजन होगा. हर पंचायत में करीब 500 लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का लक्ष्य है.

## कारोबार

# ट्रंप ने भारत को रूस व चीन से दूर रखने की अमेरिकी कोशिशों को खतरे में डाला', पूर्व सहयोगी का आरोप

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी जॉन बोल्टन ने भारत के साथ टैरिफ प्रकरण पर सरकार को घेरा है. ट्रंप के पूर्व सहयोगी ने कहा है कि अमेरिका ने भारत को रूस और चीन से दूर करने के दशकों पहले से चले आ रहे प्रयासों को खतरे में डाल दिया है. उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी शुल्कों पर बात करते हुए यह बात कही. पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भारत की तुलना में चीन के प्रति ट्रंप के पूर्वाग्रह की भी आलोचना की और कहा कि यह एक 'बहुत बड़ी भूल' हो साबित सकती है.ट्रंप ने अप्रैल में चीन के साथ एक संक्षिप्त व्यापार युद्ध छेड़ा था, लेकिन उसके बाद से उन्होंने इसे और आगे नहीं बढ़ाया है. दूसरी तरह उन्होंने भारत पर 50% से अधिक टैरिफ लगाया है. इसमें यूक्रेन से चल रहे तनाव के बीच रूस को वित्तपोषित करने के लिए लगाया गया 25% अतरिक्त टैरिफ भी शामिल है.बोल्टन ने कहा कि टैरिफ के कारण अमेरिका को सबसे खराब परिणाम भुगतने पड़े, क्योंकि भारत ने अपेक्षा के विपरीत बहुत नकारात्मक प्रतिक्रिया दी, क्योंकि उसने देखा कि चीन पर टैरिफ नहीं लगाया जा रहा है.सीएनएन से बात करते हुए बोल्टन ने टैरिफ प्रकरण को विडंबनापूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि रूस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से भारत पर लगाए जाने वाले प्रस्तावित जुर्माना भारत को रूस और चीन के करीब ला सकता है, और शायद उन्हें अमेरिका के खिलाफ मिलकर बातचीत करने पर मजबूर कर सकता है. राष्ट्रपति के पूर्व सहयोगी ने जोर देकर कहा, चीन के प्रति ट्रंप की नरमी और भारत पर भारी शुल्क, भारत को रूस और चीन से दूर करने के दशकों से चले आ रहे अमेरिकी प्रयासों को खतरे में डाल रहा है.द हिल के लिए लिखे एक लेख में पक्षपातपूर्ण टैरिफ की ओर इशारा करते हुए, बोल्टन ने पहले कहा था कि बीजिंग के प्रति ट्रंप की नरमी को राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सौदे में अमेरिका के रणनीतिक हितों की बलि चढ़ाने के रूप में देखा जा सकता है. उनके लेख में लिखा था, ₹ऐसा लगता है कि व्हाइट हाउस टैरिफ दरों और अन्य मानकों के मामले में बीजिंग के साथ नई दिल्ली की तुलना में ज़्यादा नरमी बरतने की ओर बढ़ रहा है. अगर ऐसा है, तो यह एक बहुत बड़ी भूल होगी.ट्रंप का अतिरिक्त टैरिफ अब तक भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए राजी करने में नाकाम रहा है. इसके उलट, भारत ने अपने तेल आयात का बचाव किया है और टैरिफ को अनुचित और गलत₹ बताया है. वहीं, रूस ने ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात से एक हफ्ते पहले नई दिल्ली का समर्थन किया है और अमेरिका पर भारत पर अवैध व्यापारिक दबाव डालने का आरोप लगाया है. बोल्टन ने कहा कि यह बैठक पुतिन को कई मोर्चों पर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर देगी, और वह भारत पर टैरिफ को लेकर भी बड़ा खेल खेल सकते हैं.



### ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा भारत

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का यह बयान भारत की ऊर्जा नीति की यथार्थवादी तस्वीर पेश करता है. उन्होंने स्वीकार किया कि भारत अभी भी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, लेकिन आत्मनिर्भरता की दिशा में भी तेज़ी से प्रयास हो रहे हैं. बायोफ्यूल, सीएनजी और प्राकृतिक गैस जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति उत्साहजनक है. एलपीजी कनेक्शन की व्यापकता, विशेषकर उज्ज्वला योजना के तहत, ऊर्जा पहुंच के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है. हालांकि, तेल और गैस का भारी आयात देश के लिए आर्थिक चुनौती बना हुआ है. सकारात्मक पहल यह है कि भारत अब 40 देशों से ऊर्जा आयात कर रहा है, जिससे स्रोतों में विविधता आई है. आत्मनिर्भरता की दिशा में यह संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण है.

### ट्रंप पर अरविंद पनगढ़िया का कटाक्ष, लाशें चलती ही होंगी..

**नयी दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष, ने ट्रंप के भारत की अर्थव्यवस्था को मृत कहने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि अर्थव्यवस्था मृत होती तो 7% की विकास दर संभव नहीं होती. उन्होंने कहा, लाशें चलती नहीं, लेकिन यहां अर्थव्यवस्था चल रही है. ट्रंप ने 31 जुलाई को भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत बताया था. पनगढ़िया ने सुझाव दिया कि भारत को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए. उन्होंने भूमि और श्रम सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया.

### मणिपुर में जबरन वसूली करने पर छह लोग गिरफ्तार

**मणिपुर।** पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो उग्रवादी शामिल हैं. उनके पास से हथियार भी बरामद हुए. केरल में एक 64 वर्षीय महिला को ट्रेन से धक्का देकर लूटा गया, जिसमें महिला घायल हुई और हमलावर फरार हो गया. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रक्षाबंधन पर महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता जताई.

## पीएम के नेतृत्व में रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड हाई पर : राजनाथ सिंह



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और सभी हितधारकों, जिनमें रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाइयां और निजी उद्योग शामिल हैं. उन्होंने 'सामूहिक प्रयासों' की सराहना की, और इसे 'ऐतिहासिक उपलब्धि' बताया. रक्षा मंत्री ने कहा, ₹रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बढ़ती हुई प्रगति भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है.

रक्षा उपकरणों के निर्माण में भारत बना आत्मनिर्भर : हाल ही में आई स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत अब रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उन्हें निर्यात करने वाला एक उभरता वैश्विक खिलाड़ी बन चुका है. 2014 से 2024 तक भारत के रक्षा आयात में 34% की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जबकि रक्षा निर्यात में 700% से अधिक की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है. भारत हथियारों के मामले में बहुत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है.

### आरबीआई के रेपो रेट को स्थिर रखने पर गिरावट

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 5.5% पर स्थिर रखने के फैसले के बाद ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में गिरावट देखी गई. ऑटो, रियल्टी और बैंक शेयरों में 5% तक की गिरावट आई. बॉश, हीरो मोटो, डीएलएफ, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. बीएसई ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग सूचकांक में क्रमशः 0.85%, 2.11% और 0.04% की गिरावट रही. हालांकि आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में हल्की तेजी आई. आरबीआई ने वैश्विक अनिश्चितताओं और घरेलू आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सतर्क रुख अपनाया है और जीडीपी वृद्धि अनुमान 6.5% पर बरकरार रखा.

### रूस से खरीद बंद होने पर दुनिया में 10 फीसदी बढ़ेंगे क्रूड के दाम

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के टैरिफ दबाव में आकर सभी देश रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दें, तो वैश्विक क्रूड कीमतें 10% तक बढ़ सकती हैं. रूस वैश्विक आपूर्ति में 10% हिस्सेदारी रखता है. भारत पर इसका बड़ा असर होगा क्योंकि उसके कुल क्रूड आयात में रूस की हिस्सेदारी 35.1% है. अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो 2025-26 में उसका आयात बिल 9 अरब डॉलर और 2026-27 में 11.7 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है. इससे महंगाई और लागत दोनों बढ़ेंगी. हालांकि, भारत मध्य पूर्वी देशों से आपूर्ति पूरी कर सकता है, लेकिन रियायती रूसी तेल की अनुपस्थिति में अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा.

### आईसीआईसीआई बैंक ने न्यूनतम बचत राशि बढ़ाकर 50000 की

**नयी दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने 1 अगस्त 2025 से बचत खातों के लिए न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमबीए) को महानगरीय और शहरी क्षेत्रों में 10,000 से बढ़ाकर 50,000 कर दिया है. अर्ध-शहरी क्षेत्रों में यह 25,000 और ग्रामीण क्षेत्रों में 10,000 कर दी गई है. नए खातों पर यह नियम लागू होगा.

## एक साल में 93.21 फीसदी बढ़ी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

नीतिगत समर्थन और चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार से इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (ई-कारों) की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में सालाना आधार पर 93.21 फीसदी बढ़कर 15,528 इकाई पहुंच गई. एक साल पहले की समान अवधि में 8,037 ई-यात्री वाहन बिके थे. कुल बिक्री में टाटा मोटर्स का योगदान सर्वाधिक रहा.फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 6,047 ई-यात्री वाहनों की बिक्री के साथ टाटा मोटर्स सबसे आगे रही. यह संख्या जुलाई, 2024 में बेचे गए 5,100 इकाइयों से 18.57 फीसदी अधिक है. दूसरे स्थान पर काबिज एमजी मोटर इंडिया ने 5,089 ई-यात्री वाहन बिके, जो सालाना आधार पर 214.91 फीसदी की वृद्धि है. आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने ई-दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 4.35 फीसदी घटकर 1,02,973 इकाई रह गई. जुलाई, 2024 में कुल 1,07,655 ई-दोपहिया वाहन बिके थे. इस सेगमेंट में टीवीएस मोटर कंपनी 22,256 इकाइयों के पंजीकरण के साथ शीर्ष पर रही.

**ई-वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री :** ई-तिपहिया वाहनों की बिक्री 9 फीसदी बढ़कर 69,146 इकाई पहुंच गई. एक साल पहले की समान अवधि में 63,675 ई-तिपहिया वाहन बिके थे. महिंद्रा समूह 9,766 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रहा. ई-वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री एक साल में 52.1 फीसदी बढ़कर 1,244 इकाई पहुंच गई.

**मूडीज** — 200 हल्के हेलिकॉप्टर खरीदेगी सरकार

# विनिर्माण क्षेत्र को झटका लगने की आशंका

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रेटिंग एजेंसी मूडीज का अनुमान है कि अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय निर्यात पर कुल 50 फीसदी आयात शुल्क लागू किया, तो इस वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह फीसदी रह सकती है. रेटिंग एजेंसी का यह भी कहना है कि टैरिफ बढ़ने से भारत के विनिर्माण क्षेत्र को झटका लगने के आसार हैं. मूडीज ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ की वजह से 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि उसके वर्तमान अनुमान 6.3% से करीब 0.3% अंक कम हो सकती है. हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया से ही तय होगा कि इसकी आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाहरी स्थिति पर क्या असर होगा. रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि मजबूत घरेलू मांग और सेवाओं के क्षेत्र की मजबूती भारत पर अमेरिकी शुल्क के दबाव को कुछ हद तक कम करने में सफल रहेगी. मूडीज ने कहा कि 50% टैरिफ एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों पर लागू 15-20% शुल्क के मुकाबले कहीं अधिक है. भारत ने कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में जो प्रगति की है, उसमें कमी आ सकती है.



**पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार:** रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बाहरी अस्थिरता से निपटने के लिए भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है. इसके अलावा सरकार संभवतः धीरे-धीरे राजकोषीय और ऋण नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगी. मूडीज के मुताबिक, 2022 के बाद से भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात किया है. इससे मुद्रास्फीति व चालू खाते के घाटे पर दबाव कम करने में मदद मिली है. वर्ष 2024 में रूस से तेल आयात 2.8 अरब डॉलर से बढ़कर 56.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया.**जेम पोर्टल : विदेश से भी खरीद की मिलेगी सुविधाः** सार्वजनिक खरीद पोर्टल गवर्नमेंट ई-मार्केट (जेम) में इस साल एक नई सुविधा जोड़ी जाएगी. इसके तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्पादों की खरीद के लिए निविदा जारी किए जा सकेंगे. जेम के सीईओ मिहिर कुमार ने ने कहा, हम यह वैश्विक निविदा पूछताछ सुविधा जोड़ रहे हैं क्योंकि इस समय कई व्यापारिक वार्ताएं हो रही है. इस लिहाज से यह सुविधा काफी महत्वपूर्ण है.**चेहरे से आधार सत्यापन रिकॉर्ड 19.36 करोड़:**चेहरे के जरिये आधार सत्यापन जुलाई में रिकॉर्ड 19.36 करोड़ पर पहुंच गया. यह पिछले साल की समान अवधि के 5.77 करोड़ से तीन गुना से ज्यादा है. शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, जुलाई में एक ही दिन में सर्वाधिक 1.22 करोड़ सत्यापन एक जुलाई को हुआ.

## न्यूज अपडेट

### अपोलो 13 मिशन के अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन

**वाशिंगटन ।** पचपन साल पहले 1970 में अपोलो 13 मिशन यान को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने वाले अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल (जेम्स ए. लवेल जूनियर) का निधन हो गया. 97 वर्षीय जिम लवेल ने गुरुवार को लेक फॉरेस्ट, इलिनोइस में आखिरी सांस ली. तीन सदस्यीय अपोलो 13 अंतरिक्ष यान के कमांडर जिम लवेल अप्रैल 1970 में चंद्रमा के निकट पहुंचते समय हुए एक भयावह विस्फोट से बच गए थे. द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, उनके परिवार ने जिम लवेल के निधन की सूचना सबसे पहले नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) को दी. नासा के कार्यवाहक प्रमुख सीन डफी ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है.

### प्रधानमंत्री ने विश्व संस्कृत दिवस पर राष्ट्र को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज श्रावण पूर्णिमा को विश्व संस्कृत दिवस पर राष्ट्र को शुभकामनाएं दीं हैं. संस्कृत को ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत बताते हुए प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में इसके स्थायी प्रभाव को रेखांकित किया. प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व के विद्वानों, छात्रों और उत्साही लोगों के समर्पण की सराहना की जो संस्कृत सीखने, पढ़ाने और उसे लोकप्रिय बनाने में लगे हुए हैं. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पिछले एक दशक में सरकार ने संस्कृत के शिक्षण और अनुसंधान को मज़बूत करने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयों की स्थापना, संस्कृत शिक्षण केंद्र खोलना, संस्कृत विद्वानों को अनुदान देना और पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए ज्ञान भारतम मिशन शुरू करना जैसे कई कदम उठाए हैं.

### महाराष्ट्र के बारामती एयरपोर्ट पर प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती एयरपोर्ट पर शनिवार को सुबह रेड बर्ड कंपनी का एक प्रशिक्षण विमान तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया. लेकिन प्रशिक्षु पायलट ने दुर्घटनाग्रस्त विमान को किसी तरह कंट्रोल कर लिया, जिससे इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. फिलहाल रेड बर्ड कंपनी के दुर्घटनाग्रस्त विमान की मरम्मत का काम जारी है. बारामती एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह प्रशिक्षु पायलट विवेक यादव प्रशिक्षण विमान की लैंडिंग कर रहे थे. जब अचानक लैंडिंग के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आ गई और आगे का पहिया निकल गया. इसके बाद विवेक यादव ने आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास किया. लेकिन इस दुर्घटना में विमान क्षतिग्रस्त हो गया.

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने किश्तवाड़ में 26 घरों की ली तलाशी

**किश्तवाड़ ।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को किश्तवाड़ जिले में आतंकी तंत्र पर कार्रवाई करते हुए 26 घरों की तलाशी ली जिसमें हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी मोहम्मद अमीन भट उर्फ जहांगीर सरूरी का घर भी शामिल है. अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी मोहम्मद अमीन भट के अलावा छापेमारी में ज्यादातर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से सक्रिय आतंकवादियों और सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करने वाले आतंकवादियों के घर शामिल थे. किश्तवाड़ में छापेमारी पास के डोडा जिले में 15 स्थानों पर इसी तरह की तलाशी के एक दिन बाद हुई.

### ट्रंप और पुतिन के बीच प्रस्तावित वार्ता का भारत में किया स्वागत

नयी दिल्ली। भारत ने रूस और अमेरिका के बीच अलास्का में 15 अगस्त को दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक तय होने का स्वागत किया है. भारत ने कहा है कि इससे यूक्रेन संघर्ष के अंत की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं. भारत इस तरह की बैठकों का समर्थन करता है और किसी भी तरह से इसमें सहयोग देने के लिए तैयार है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बैठक से जुड़े हुए विषय पर देश की राय प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार यह कहते हैं कि यह समय युद्ध का नहीं है. उन्होंने कहा, "भारत इस सहमति का स्वागत करता है. इसलिए, आगामी शिखर बैठक का समर्थन करता है और इन प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है."

### यूक्रेन मुद्दे पर 15 अगस्त को डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन की बैठक

**मॉस्को ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के लिए यूक्रेन में युद्धविराम समझौते पर सहमत होने के लिए 8 अगस्त की समय सीमा निर्धारित की थी, जो शुक्रवार को बिना किसी औपचारिक घोषणा के खत्म हो गई लेकिन ठीक इसी दिन ट्रंप ने पुतिन के साथ अपनी बैठक की घोषणा की. ट्रंप ने कहा है कि उनकी रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ 15 अगस्त को अलास्का में बैठक होगी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी. राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि वे जल्द ही रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे जिसमें यूक्रेन-रूस दोनों के हितों में कुछ क्षेत्रों की अदला-बदली को लेकर बातचीत होगी.



## सावन के आखिरी दिन
# दिल्ली में भारी बारिश

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में रक्षाबंधन के दिन शनिवार को लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई है. शुक्रवार रात भी दिल्ली सहित एनसीआर के ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश हुई. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को दिल्ली में गरज के साथ भारी बारिश की संभावना जताई थी और रेड अलर्ट जारी किया था.

# गाजा पर कब्जा नहीं, हमास से मुक्ति का लक्ष्य : नेतन्याहू

- सुरक्षा कैबिनेट ने गाज़ा सिटी पर नियंत्रण के लिए अभियान के बड़े विस्तार को मंजूरी दी है.

**एजेंसी । यरुशलम**



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश गाज़ा पर पूर्ण कब्ज़ा करने का इरादा नहीं रखता, बल्कि उद्देश्य गाज़ा को हमास से मुक्त कर एक शांतिपूर्ण प्रशासन स्थापित करना है. यह बयान ऐसे समय आया है जब सुरक्षा कैबिनेट ने गाज़ा सिटी पर नियंत्रण के लिए अभियान के बड़े विस्तार को मंजूरी दी है. शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी संदेश में नेतन्याहू ने कहा, "गाज़ा को निरस्त्र किया जाएगा और वहां एक नागरिक प्रशासन स्थापित होगा, जो न तो फिलीस्तीनी प्राधिकरण होगा, न हमास और न ही कोई अन्य आतंकी संगठन. यह हमारे बंधकों को छुड़ाने और भविष्य में गाज़ा को इज़राइल के लिए खतरा बनने से रोकने में मदद करेगा." गुरुवार को एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने गाज़ा पर पूर्ण नियंत्रण का संकेत दिया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया और सहयोगियों की चिंता के बाद उन्होंने अपनी भाषा नरम की. विश्लेषकों का मानना है कि कब्ज़ा शब्द से बचने का एक कारण यह भी है कि कानूनी रूप से ऐसा होने पर इज़राइल को वहां बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी. नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ से बातचीत में भी यही रुख दोहराया और जर्मनी के हथियार निर्यात निलंबन पर निराशा व्यक्त की.

## बीएलएफ के सेकंड लेफ्टिनेंट की भी जान गई
# बलूचिस्तान में पाक फ्रंटियर कोर के दो जवानों की हत्या

**एजेंसी । इस्लामाबाद**



खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवत जिले में पिछले दिनों अज्ञात बंदूकधारियों ने बलूचिस्तान में तैनात फ्रंटियर कोर (एफसी) के दो जवानों की हत्या कर दी. इसके अलावा, बलूचिस्तान प्रांत में स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) के सेकंड लेफ्टिनेंट जब्बार उर्फ असद की एक संघर्ष में जान चली गई. द बलूचिस्तान पोस्ट की उर्दू सेवा की खबर में पुलिस के हवाले से कहा गया कि लक्की मारवत जिले में बलूचिस्तान में तैनात एक एफसी जवान की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. यह जवान छुट्टी पर अपने गृह क्षेत्र गया हुआ था. यह घटना उस समय हुई जब वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था. इस हमले में जवान की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई. अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई.

पुलिस के अनुसार, इसके अलावा बलूचिस्तान में तैनात जवान अताउल्लाह लकी की मारवात शहर में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी. अताउल्लाह अपने पैतृक क्षेत्र में छुट्टियां मना रहा था. अभी तक किसी भी समूह ने इन दोनों घटनाओं की जिम्मेदारी नहीं ली है. उधर, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) को एक संघर्ष में गहरा धक्का लगा है. बीएलएफ प्रवक्ता मेजर गौरम बलूच ने विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि छह अगस्त को लड़ाकों ने टैम्प में संघीय सरकार पोषित डेथ स्क्वायड (मौत का दस्ता) पर हमला किया. इस हमले में दस्ते का एक जवान घायल हो गया पर इस लड़ाई में बीएलएफ के सरमाचार सेकंड लेफ्टिनेंट जब्बार बलूच उर्फ असद की जान चली गई. गौरम ने कहा कि असद का मातृभूमि के लिए बलिदान लड़ाकों को और ऊर्जा प्रदान करेगा. जब्बार 2020 में बलूच नेशनल लिबरेशन मूवमेंट में शामिल हुए थे. जब्बार केच के तांप क्षेत्र के रहने वाले थे. प्रवक्ता ने कहा कि जब्बार की मौत का बदला हर हाल में लिया जाएगा.

### पाक दूरसंचार प्राधिकरण ने बलूचिस्तान में इंटरनेट सेवा निलंबित की

**क्वेटा ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है. इस वजह से शिक्षा, ऑनलाइन व्यापार और मीडिया रिपोर्टिंग में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हो रहा है. संघीय सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य प्रांत में सक्रिय सशस्त्र समूहों के बीच संचार को रोकना है. द बलूचिस्तान पोस्ट ने अधिकारियों के हवाले से खबर में कहा कि अगस्त में विशेष रूप से पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस समारोह के आसपास बढ़े तनाव के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया है. पीटीए की अधिसूचना में पुष्टि की गई है कि 31 अगस्त तक पूरे बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी. सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि सशस्त्र समूह अपनी गतिविधियों के समन्वय के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे थे.

## उत्तरकाशी धराली आपदा, सीएम बोले-
# फंसे लोगों का रेस्क्यू पूरा मुआवजे का आकलन शुरू



**एजेंसी । देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार ने धराली, हर्षिल, झाला, बगोली समेत अन्य क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य पूरा कर लिया गया है. इसके अलावा धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है. प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है. मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मकान, ज़मीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवज़े का वितरण भी शुरू कर दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित निकालना था, जिसे लगभग पूर्ण कर लिया गया है. इसके साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है, ताकि शेष मुआवज़ा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके.

प्रभावित परिवारों के लिए कम्युनिटी किचन के माध्यम से भोजन, राशन, आपातकालीन लाइट, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री लगातार पहुंचाई जा रही है. गांव में बिजली एवं नेटवर्क की व्यवस्था बहाल कर दी गई है और सड़क को भी शीघ्र आवागमन हेतु सुचारू कर दिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी.

# टैरिफ मामले में देशवासियों को सरकार के साथ खड़े होने चाहिए : शरद पवार
## वोटर लिस्ट मामले मे किया राहुल गांधी का समर्थन

**एजेंसी । नागपुर**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में कहा कि अमेरिका के लगाए टैरिफ मामले में देशवासियों को मिलकर भारत के हितों कि रक्षा करनी चाहिए. उन्होंने आह्वान किया कि सभी को इस मामले में सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए. नागपुर स्थित प्रेस क्लब में आज आयोजित संवाद कार्यक्रम में शरद पवार ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बना रहे हैं. हमें लगाता है कि इस मुद्दे पर देशवासियों ने भारत के हितों कि रक्षा के लिए सरकार को सहयोग देना चाहिए. उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में डिप्लोमेसी फेल हो गई, मैं ऐसा कहना नही चाहता. लेकिन बीते 5 वर्षों में हम ट्रम्प की सोच और नजरिये को देखा है और अभी भी देख रहे हैं. राकांपा(एनसीपी) के अध्यक्ष ने पवार ने कहा कि ट्रम्प पर अधिक ध्यान देने की जरूरत नही है. उन्होंने बताया कि विदेश नीति के बारे में हमारा रवैया ऐसा है कि हम टैरिफ पर ज्यादा बातचीत नही करेंगे लेकिन नजरअंदाज भी नही कर सकते. देश की विदेश नीति पर अपनी राय रखते हुए पवार ने कहा कि हिंदुस्तान का नक्शा अगर देखें तो पाकिस्तान हमारे खिलाफ है. नेपाल हमसे नाराज है. बांग्लादेश हमसे नाराज है. श्रीलंका हमसे नाराज है. हमारे सब पडोसी हमसे दूर जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी को यह बात नजरअंदाज नही करनी चाहिये, पडोसियों से रिश्ते कैसे सुधारे जायें, इस पर ध्यान देना चाहिए.

### प्रधानमंत्री आज जाएंगे बेंगलुरु, तीन वंदेभारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 अगस्त को कर्नाटक के बेंगलुरु का दौरा करेंगे और यहां से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रनों- बेंगलुरु-बेलगावी, अमृतसर-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी)-पुणे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. यहां शहरी संपर्क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार वे सुबह लगभग 11 बजे बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. इसके बाद वह बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन को हरी झंडी दिखाएंगे और आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी करेंगे. लगभग 1 बजे प्रधानमंत्री बेंगलुरु में शहरी संपर्क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. यहां वे एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री बेंगलुरु मेट्रो चरण-2 परियोजना के तहत आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन का उद्घाटन करेंगे.



देश में सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर में मना रक्षाबंधन, बाबा महाकाल को अर्पित की गई पहली राखी

# सवा लाख लड्डुओं का लगा महाभोग

**उज्जैन ।** देशभर में शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है. परम्परा के मुताबिक, देश में सबसे पहले मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में रक्षाबंधन मनाया गया. यहां शनिवार तड़के भस्म आरती के पश्चात पुजारी परिवार की महिलाओं ने बाबा महाकाल को पहली राखी अर्पित की गई. इस दौरान पुजारी परिवार द्वारा भगवान माकाल को बेसन के सवा लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया. गौरतलब है कि देश में सभी त्यौहारों सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर में मनाए जाने की परम्परा है. रक्षाबंधन पर शनिवार को तड़के तीन बजे भस्म आरती के लिए मंदिर के पट खुलने के बाद सबसे पहले भगवान महाकाल का पंचामृत से अभिषेक किया गया.

## यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया : ट्रंप प्रशासन ने संघीय वित्त पोषण को लेकर चल रही व्यापक लड़ाई के बीच
# कॉलेज प्रशासन पर एक अरब डॉलर के समझौते का प्रस्ताव रखा

**एजेंसी । वाशिंगटन**

ट्रंप प्रशासन ने संघीय वित्त पोषण को लेकर चल रही व्यापक लड़ाई के बीच यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) के साथ एक अरब डॉलर के समझौते का प्रस्ताव रखा है. कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय स्कूल प्रणाली के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि इतनी बड़ी राशि के भुगतान से विश्वविद्यालय पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा. एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय स्कूल प्रणाली के अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा कि न्याय विभाग ने समझौते पर एक दस्तावेज भेजा है. इसकी समीक्षा की जा रही है. समझौते की पेशकश से पहले बुधवार को प्रशासन यूसीएलए के लिए 58.4 करोड़ डॉलर के संघीय अनुदान को रोक चुका है.

**समझौते में प्रस्तावित भुगतान अस्वीकार्य :** मिलिकेन ने कहा कि समझौते में प्रस्तावित भुगतान अस्वीकार्य है. उन्होंने कहा, एक सार्वजनिक विश्वविद्यालय के रूप में हम करदाताओं के संसाधनों के संरक्षक हैं और इस पैमाने का भुगतान हमारे देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक विश्वविद्यालय प्रणाली को पूरी तरह से तबाह कर देगा, साथ ही हमारे विद्यार्थियों और सभी कैलिफोर्नियावासियों को बहुत नुकसान पहुंचाएगा.

न्याय विभाग ने पिछले महीने जुलाई में कहा था कि अनुदान पर रोक एक जांच के बाद लगाई गई है. जांच में पाया गया कि



यूसीएलए ने यहूदी और इजराइली विद्यार्थियों के लिए शत्रुतापूर्ण शैक्षिक वातावरण बनाने में जानबूझकर उदासीनता बरतकर संघीय नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन किया. न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग ने कहा कि विश्वविद्यालय 07 अक्टूबर, 2023 (जिस दिन इइराइल पर हमास के नेतृत्व में आतंकवादी हमला हुआ था) के बाद से परिसर में अपने यहूदी और इजराइली विद्यार्थियों के उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की शिकायतों का पर्याप्त जवाब देने में विफल रहा. न्याय विभाग की घोषणा के बाद एक बयान में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने कहा था, विद्यार्थियों के खिलाफ नागरिक अधिकारों का यह घृणित उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

न्याय विभाग यूसीएलए को यहूदी अमेरिकियों को खतरे में डालने के लिए भारी कीमत चुकाने के लिए मजबूर करेगा और यूसी प्रणाली के अन्य परिसरों में चल रही जांच जारी रहेगी. इसके कुछ दिन बाद यूसीएलए ने घोषणा की कि उसे कथित यहूदी-विरोधी गतिविधियों के कारण संघीय अनुसंधान निधि से वंचित कर दिया गया है. यूसीएलए के चांसलर जूलियो फ्रेंक ने बुधवार को एक बयान में कहा कि स्कूल को उम्मीद है कि वह इस निधि को बहाल करने के लिए काम करेगा. उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की रोक के प्रतिकूल परिणाम होंगे. फ्रेंक ने कहा, ₹इन निधियों का निलंबन न केवल उन शोधकर्ताओं के लिए नुकसानदेह है जो महत्वपूर्ण अनुदानों पर निर्भर हैं, यह देशभर के उन अमेरिकियों के लिए भी नुकसानदेह है जिनका काम, स्वास्थ्य और भविष्य हमारे अभूतपूर्व अनुसंधान और छात्रवृत्ति पर निर्भर करता है.

# केन्या में बस खाई में गिरी 10 महिलाओं समेत 26 मरे

- दुर्घटना में 12 पुरुषों, 10 महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई

**एजेंसी । नैरोबी (केन्या)**

दक्षिण-पश्चिमी केन्या में अपने परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल शोक संतप्त लोगों को घर ले जा रही एक स्कूल की बस के खाई में गिर जाने से 26 लोगों की मौत हो गई. यह हादसा 08 अगस्त को किसुमु में कॉप्टिक गोल चक्कर के पास हुआ. केन्या के अखबार द स्टार के अनुसार, होमा बे की गवर्नर ग्लेडिस वांगा ने किसुमु बस हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. एक बयान में वांगा ने कहा कि इस दुर्घटना में 12 पुरुषों, 10 महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. गवर्नर वांगा ने किसुमु के राज्यपाल प्रोफेसर पीटर आन्यांग न्योंगो के साथ एकजुटता व्यक्त की. उन्होंने कहा, हालांकि यह त्रासदी होमा बे में नहीं हुई, लेकिन दुख की कोई सीमा नहीं होती. हम सब इस दुख में एक हैं. इस बीच राष्ट्रीय सरकार ने दुर्घटना में जीवित बचे 26 लोगों के लिए चिकित्सा देखभाल बढ़ाने का कदम उठाया है. चिकित्सा सेवा विभाग की प्रमुख सचिव ओउमा ओलुगा ने कहा कि किसुमु शहर में अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को जरामोगी ओगिंगा ओडिंगा शिक्षण एवं रेफरल अस्पताल के प्रयासों में सहयोग के लिए तैयार किया गया है.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.